हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

कृष्ण पक्ष, चित्रा, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • गुरूवार • 31 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 320 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी



| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 81,160 | ₹1,00,000 |

## आज का इतिहास

- 1984 : भारतीय प्रधान मंत्री इंदिरा गाँधी की पूरे देश में सिख विरोधी दंगे भड़काते हुए दो सिख सिख अंगरक्षकों ने हत्या कर दी थी।
- 1966 : भारत के मशहूर तैराक मिहिर सेन ने पनामा नहर को तैरकर पार किया।

## न्यूज बाइट्स

### लालू प्रसाद ने दर्द से राहत के लिए कराया इलाज

**पटना (नि.सं.)।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद झारखंड विधानसभा चुनाव सहित बिहार में हो रहे चार सीटों के उपचुनाव में स्टार प्रचारक हैं। स्टार प्रचारकों की सूची में उनका नाम सबसे ऊपर है। चुनाव प्रचार में जाने से पहले लालू प्रसाद ने अपनी हड्डियां पुटकायीं। इस तरह का इलाज वो पहले भी करवा चुके हैं, लेकिन अब चुनाव प्रचार में जाने से पहले उन्होंने इलाज करवाया है। पटना के काइरोप्रैक्टर डॉ. रजनीशकांत ने उनका इलाज किया है। डॉक्टर को लालू प्रसाद ने बताया कि उनके ज्वाइंट्स में दर्द रहता है।

### आईएएस संजीव हंस की रिमांड खत्म

**पटना (नि.सं.)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने सात दिनों तक पूछताछ के बाद आईएएस अधिकारी संजीव हंस को बेऊर जेल भेज दिया। पूछताछ के बाद मंगलवार को संजीव हंस को विशेष अदालत में पेश किया गया। विशेष कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में पटना बेऊर जेल भेज दिया। जरूरत पड़ने पर संजीव से आगे की पूछताछ ईडीबेऊर जेल जाकर करेगी। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद पूर्व विधायक गुलाब यादव समेत बाकि चार आरोपियों की रिमांड अवधि अभी जारी है। जैसे-जैसे इनकी रिमांड का समय खत्म होगा इन्हें कोर्ट में पेश कर के जेल भेजा जाएगा।

### पशुपति पारस को पटना हाईकोर्ट की राहत

**पटना (नि.सं.)।** पशुपति पारस की पार्टी कार्यालय का मामला पटना हाईकोर्ट पहुंच गया है। पटना हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (पशुपति पारस) को थोड़ी राहत दी है। पशुपति पारस का कार्यालय खाली नहीं कराया जाएगा। बिहार सरकार को जबरन आवास खाली कराने पर रोक लगाई है।

## अवकाश

दीपावली के अवसर पर सोन वर्षा वाणी प्रेस एवं कार्यालय 31 अक्टूबर 2024 को बंद रहेगा। अतः अगला अंक 02 नवंबर 2024 को प्रकाशित होगा।

* प्रबंधक

# सीएम ने 38 राजमार्ग गश्ती वाहनों का किया लोकार्पण, हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- सीएम ने कहा, सड़क पर सुरक्षित यात्रा करना हम सबका दायित्व है।

निज संवाददाता | पटना



श्री कुमार ने बुधवार को यहां एक, अणे मार्ग से सड़क सुरक्षा एवं निर्बाध यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए 38 राजमार्ग गश्ती वाहनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने 38 राजमार्ग गश्ती वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उसका निरीक्षण किया तथा उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि इन राष्ट्रीय राजमार्ग गश्ती वाहनों को इमरजेंसी रिस्पांस स्पोर्ट सिस्टम के डायल-112 से सम्बद्ध किया गया है ताकि आपातकालीन परिस्थिति में इन वाहनों को घटनास्थल पर अविलम्ब भेजा जा सके। साथ ही प्रभावी कार्रवाई के लिए इस पर लगे उपकरणों के माध्यम से वाहन अथवा नियंत्रण कक्ष से केन्द्रीकृत समाधान का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदशक आलोक राज, गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक (विशेष शाखा) सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात सुधांशु कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित।बुधवार को गश्ती वाहनों के लोकार्पण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदशक आलोक राज, गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, परिवहन विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक (विशेष शाखा) सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात सुधांशु कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

### डायल-112 से सम्बद्ध सिस्टम

गौरतलब है कि इन राष्ट्रीय राजमार्ग गश्ती वाहनों को इमरजेंसी रिस्पांस स्पोर्ट सिस्टम को डायल-112 के सम्बद्ध किया गया है। इसका मकसद आपातकालीन परिस्थिति में इन वाहनों को घटनास्थल पर तुरंत भेजना है। साथ ही प्रभावी कार्रवाई के लिए इस पर लगे उपकरणों के माध्यम से वाहन या नियंत्रण कक्ष से केन्द्रीकृत समाधान का प्रावधान किया गया है।

# 243 विधायकों को मार्च 2025 तक मिलेगा आवास

- फिलहाल 100 विधायकों को आवास आवंटित किया जा चुका है, जबकि अन्य विधायकों का आवास अभी बनना बाकी है।



निज संवाददाता | पटना

बिहार के 243 विधायकों को मार्च 2025 तक आवास मिल जाएगा। 243 में से 143 विधायक को सिर्फ 8 महीने के लिए आवास मिलेगा। फिलहाल 100 विधायकों को आवास एलॉट किया गया है। बाकी बनना बाकी है। वहीं सभी एमएलसी को आवास आवंटित किया जा चुका है।

### 8 साल में बने 243 आवास

विधायकों के लिए आवास बने में 8 साल का वक्त लगा है। 2017 में एमएलए फ्लैट बनना शुरू हुआ था। विधायक आवास बनाने वाले ठेकेदार पर भी कार्रवाई की गई। निर्माण में देरी की वजह से उन्हें ब्लैक लिस्टेड भी किया। इसके बाद फिर दूसरे एजेंसी को टेंडर देने के बाद 2022 में विधायकों का आवास नए सिरे से बनाना शुरू हुआ।

राजधानी पटना में बने बापू टावर को पिछले 28 दिनों में 2,600 लोगों ने देखा। हर दिन लगभग 100 बापू टावर को देखने पहुंच रहे हैं। बिहार सरकार ने बापू टावर को आम लोगों के लिए 2 अक्टूबर को लोकार्पण किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसका लोकार्पण किया है। बापू टावर को देखने के लिए कोई शुल्क नहीं ली जा रहीं। आने वाले दिनों में टिकट जरूर शुरू किया जाएगा। बापू टावर में महात्मा गांधी से जुड़ी स्मृतियों, प्रतीक चिन्ह और उनके दार्शनिक को रखा गया है।

# कारोबारी के घर 38 लाख की डकैती धनतेरस पर दुकान पर था परिवार



निज संवाददाता | नालंदा

नालंदा में मंगलवार की रात एक आभूषण कारोबारी कृष्ण ठठेरा के घर से 38 लाख की डकैती हो गई। जानकारी के मुताबिक, करीब 12 की संख्या में आए बदमाशों ने कारोबारी की बहू से मारपीट की और मुंह में कपड़ा डाल उसके हाथ-पैर बांध दिए। फिर घर से 35 लाख के गहने और 3 लाख रुपए कैश लेकर फरार हो गए। दरअसल, आभूषण कारोबारी कृष्ण ठठेरा की योगीपुर बाजार के पास ज्वेलरी और बर्तन की दुकान है। पीड़ित परिवार के मुताबिक, वारदात से ठीक 15 मिनट पहले (8.45 बजे) कारोबारी का बेटा रॉकी कुमार अपनी मां के साथ बिक्री का पैसा लेकर घर आया था। घर में पैसे रखने के बाद दोनों दोबारा दुकान लौट गए। इसके बाद रात करीब 9 बजे बदमाश घर में घूसे और घर के सदस्यों से चाबी मांगी। इस दौरान बदमाशों ने घर के लोगों के साथ मारपीट की और करीब एक घंटे तक घर में लूटपाट मचाया। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। घटना हिलसा थाना क्षेत्र के योगीपुर गांव की है। कृष्ण ठठेरा की बेटी सेजल ने बताया, 'मैं खाना बनाकर अपने कमरे में जा ही रही थी कि पीछे से नकाब पहने डकैत घर में घुस गए।

# ईएसआईसी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

निज संवाददाता | पटना



ईएसआई के क्षेत्रीय कार्यालय में 28 अक्टूबर से 03 नवंबर, 2024 तक मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आगाज 28 अक्टूबर को हुआ। इस अवसर पर संजय कुमार, क्षेत्रीय निदेशक, ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता की शपथ दिलाई। 29 अक्टूबर को, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में उन्होंने इस वर्ष के विषय 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में सत्यनिष्ठा का महत्व अत्यधिक है, चाहे वह कार्यों के निष्पादन में हो या एपीआर में। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि सरकारी कार्यों का निष्पादन सावधानी, निष्पक्षता और सतर्कता के साथ किया जाए, क्योंकि अब सभी कार्यों का लेखा-जोखा ऑनलाइन सुरक्षित रहता है। कार्यशाला में चिकित्सा सतर्कता अधिकारी डॉ. रजनी रवी, उप निदेशक केशव कुमार झा, सहायक निदेशक आरण तिवारी, राजभाषा के अजीत कुमार शर्मा, सहायक निदेशक जयंत कुमार, डी के रंजन, राजेश कुमार, अधीक्षक जय प्रकाश प्रसाद, पंकज कुमार वैद्य, और बिरेंद्र कुमार चौधरी ने भी 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' विषय पर अपने विचार रखे। कार्यशाला में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने निष्ठा और उत्साह के साथ भाग लिया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने सभी में एकजुटता और देशभक्ति का भाव पैदा किया।

इस प्रकार, सतर्कता जागरूकता सप्ताह ने सरकारी सेवाओं में सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे न केवल संस्थान का विकास होगा।

### निष्पक्षता और समयबद्धता पर बल

संजय कुमार ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे नियमबद्ध तरीके से अपने शासकीय दायित्वों का पालन करें और निष्पक्षता के साथ कार्य करें। उन्होंने दीपावली की शुभकामनाएँ भी दीं, जिससे माहौल में उल्लास का संचार हुआ।

# महालक्ष्मी योग में मनेगी दिवाली, आज पूजा के 6 मुहूर्त



**पटना(नि.सं.)।** आज अमावस्या शाम 4 बजे के बाद शुरू होगी और 1 नवंबर को शाम तक रहेगी। इस कारण देश में ज्यादातर जगह आज दीपावली मनेगी। इस दिन कई ऐसे योग भी बन रहे हैं, जो लक्ष्मी पूजन से लेकर नए कामों की शुरुआत के लिए शुभ रहेंगे। पंडितों का मानना है कि दीपावली पर शाम को समृद्धि देने वाले 4 राजयोग बनेंगे। शश, कुलदीपक, शंख और लक्ष्मी योग बनने से इस महापर्व का शुभ फल और बढ़ जाएगा।

राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान में इलेक्ट्रिक व्हीकल क्रांति

# छात्रों ने सीखा पुरानी पेट्रोल बाईक को ईवी में बदलने का हुनर

निज संवाददाता | पटना



बिहार सरकार के विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का उद्देश्य राज्य की सात निश्चय योजना के अंतर्गत तकनीकी विकास को बढ़ावा देना है। इसी दिशा में, राजकीय पॉलिटेक्निक सिवान में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इलेक्ट्रिक व्हीकल ने एक नई पहल की है, जिसमें प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं पेट्रोल चालित पुरानी मोटरसाइकिलों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने का कौशल हासिल कर रहे हैं। इस सेंटर में इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रॉनिक, कंप्यूटर साइंस, और सिविल इंजीनियरिंग के 66 छात्र-छात्राएं जुड़े हुए हैं। उन्हें इलेक्ट्रिक व्हीकल और डिज़ाइन के क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्र-छात्राएं न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि नए उत्पादों के विकास में भी सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं।

प्राचार्य ने बताया कि वैश्विक संदर्भ में सस्टेनेबल डेवलपमेंट की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, रिफर्बिश्ड इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण एक नए युग का आगाज़ करेगा। वर्तमान में लाखों पुरानी मोटरसाइकिलें, जिनका रजिस्ट्रेशन समाप्त हो चुका है, घरों में बेकार पड़ी हैं। इन मोटरसाइकिलों को लगभग 40-45 हजार रुपये में इलेक्ट्रिक व्हीकल में परिवर्तित किया जा सकता है, जिससे न केवल पेट्रोल की खपत में कमी आएगी, बल्कि प्रदूषण में भी उल्लेखनीय गिरावट होगी। यह तकनीक युवा उद्यमियों के लिए एक सुनहरा अवसर भी प्रस्तुत करती है, क्योंकि इसे शुरू करने के लिए अधिक पूंजी की आवश्यकता नहीं है। छात्र-छात्राएं इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से अपनी कंपनियां स्थापित कर रिफर्बिश्ड बाइक का निर्माण कर सकेंगे। इसके अलावा, क्लब के सदस्य ऐसे इलेक्ट्रिक वाहन विकसित करने की दिशा में काम कर रहे हैं, जो छोटे बच्चों को खेल-खेल में तकनीकी ज्ञान सिखा सकें। इस प्रकार के वाहन बच्चों को न केवल मनोरंजन प्रदान करेंगे।

# दरभंगा से दिल्ली के लिए फ्लाइट 12 दिसम्बर से

निज संवाददाता | दरभंगा

दरभंगा से दिल्ली के बीच इंडिगो की प्रतिदिन की उड़ान के लिए आज शाम से बुकिंग शुरू हो गई। पहली उड़ान 12 दिसंबर को होगी। यह विमान दरभंगा से दोपहर 2:45 पर उड़ान भरेगी और 2 घंटा 5 मिनट में शाम 6:50 पर दिल्ली पहुंच जाएगी। वर्तमान में इसका किराया इंडिगो एयरलाइंस ने 5435 रखा गया है। इससे पहले दरभंगा से मुंबई के बीच इंडिगो की फ्लाइट की बुकिंग 29 अक्टूबर से शुरू की जा चुकी है। दरभंगा-मुंबई रूट पर इंडिगो का विमान 1 दिसंबर से उड़ान भरेगा। सीधी विमान सेवा के लिए बुकिंग चालू है। बता दें कि सप्ताह में चार दिन रविवार, सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को इंडिगो का विमान दरभंगा-मुंबई रूट पर उड़ान भरेगा। विमान दोपहर 1.15 बजे दरभंगा से रवाना होकर शाम 4.10 बजे मुंबई एयरपोर्ट पहुंचेगा। यात्रा में कुल दो घंटा 55 मिनट लगेंगे। इंडिगो ने वर्तमान में एक टिकट का दाम 7117 रुपए रखा है। दरभंगा से राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई के बीच हवाई यात्रा सुलभ होने से उत्तर बिहार के लाखों लोगों को लाभ होगा। वहीं, मिथिला के विकास को भी बल मिलेगा।

## दीपावली और छठ पूजा-2024 के अवसर पर भारतीय रेल की पहल




विशेष रेलगाड़ियाँ दिनांक : 31.10.2024

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| 01043 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 12:15 | समस्तीपुर जं. |
| 01481 | पुणे | 19:55 | दानापुर जं. |
| 01282 | दानापुर जं. | 10:45 | पुणे |
| 01143 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 10:30 | दानापुर जं. |
| 01144 | दानापुर जं. | 21:30 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस |
| 01201 | नागपुर जं. | 19:40 | पुणे |
| 02139 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 00:25 | नागपुर जं. |
| 01417 | छत्तरपति शिवाजी टर्मिनस | 00:20 | कोल्हापुर |
| 01463 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 16:00 | कोच्चुवेली |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस |
| 01415 | पुणे | 06:50 | गोरखपुर जं. |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे |
| 01079 | छत्तरपति शिवाजी टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर जं. |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्तरपति शिवाजी टर्मिनस |
| 01065 | छत्तरपति शिवाजी टर्मिनस | 11:05 | अगरतला |
| 01434 | ढेहर का बालाजी | 10:30 | पुणे |
| 01205 | पुणे | 15:50 | दानापुर जं. |
| 01206 | दानापुर जं. | 05:30 | पुणे |
| 01208 | समस्तीपुर जं. | 23:45 | नागपुर जं. |
| 01108 | सांतरागाछी जं. | 15:50 | छत्तरपति शिवाजी टर्मिनस |
| 01027 | दादर सेन्ट्रल | 14:05 | गोरखपुर जं. |
| 01028 | गोरखपुर जं. | 14:45 | दादर सेन्ट्रल |
| 01428 | सांतरागाछी जं. | 18:00 | पुणे |
| 01140 | मडगाँव जं. | 19:00 | नागपुर जं. |
| 02832 | भुवनेश्वर | 20:55 | धनबाद जं. |
| 02831 | धनबाद जं. | 16:00 | भुवनेश्वर |
| 08471 | पुरी | 06:30 | उधना जं. |
| 08580 | सिकंदराबाद | 19:40 | विशाखपट्टणम |
| 08540 | कोल्लम जं. | 19:35 | विशाखपट्टणम |
| 08312 | ईरोड जं. | 13:00 | सम्बलपुर जं. |
| 08536 | विशाखपट्टणम | 12:00 | भुवनेश्वर |
| 08535 | भुवनेश्वर | 22:30 | विशाखपट्टणम |
| 03028 | न्यू जलपाईगूड़ी | 12:45 | हावड़ा जं. |
| 03110 | वडोदरा जं. | 16:45 | सियालदह |
| 03101 | कोलकाता | 23:50 | पुरी |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली |
| 03429 | सिकंदराबाद जं. | 16:35 | मालदा टाउन |
| 04145 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. |
| 04124 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं. |
| 05110 | आनन्द विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा जं. |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 05302 | आनन्द विहार टर्मिनल | 22:30 | मऊ जं. |
| 05006 | अमृतसर जं. | 12:45 | गोरखपुर जं. |
| 05098 | दौराई | 16:05 | टपरी जं. |
| 05325 | अमृतसर जं. | 21:15 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस |
| 05326 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 10:25 | गोरखपुर जं. |
| 05060 | लालकुआँ | 13:35 | हावड़ा जं. |
| 05004 | नई दिल्ली | 15:15 | गोरखपुर जं. |
| 05030 | बांद्रा टर्मिनस | 07:10 | गोरखपुर जं. |
| 05633 | नारंगी | 13:20 | गोरखपुर जं. |
| 05734 | कटिहार जं. | 11:40 | अमृतसर जं. |
| 05698 | गुवाहाटी | 23:55 | न्यू जलपाईगूड़ी |
| 05628 | अगरतला | 19:00 | गुवाहाटी |
| 05639 | सिल्चर | 05:00 | कोलकाता |
| 05743 | कटिहार जं. | 16:00 | छपरा जं. |
| 05952 | न्यू तिनसुकिया जं. | 18:45 | सर एम. विश्वेश्वरय्या (ट.) |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:20 | नई दिल्ली |
| 04080 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी |
| 04518 | चंडीगढ़ जं. | 23:15 | गोरखपुर जं. |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 04677 | पटना जं. | 18:45 | फिरोजपुर कैंट |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं. |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं. |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं. | 20:20 | सहारनपुर |
| 04021 | सीतामढ़ी जं. | 18:00 | आनन्द विहार टर्मिनल |
| 04032 | आनन्द विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं. |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ जं. |
| 04218 | लखनऊ जं. | 16:30 | वाराणसी जं. |
| 04312 | हरिद्वार जं. | 12:30 | हावड़ा जं. |
| 04058 | आनन्द विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. |
| 02245 | पटना जं. | 18:05 | हज़रत निज़ामुद्दीन |
| 04006 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं. |
| 02251 | पटना जं. | 07:30 | नई दिल्ली |

| ट्रेन संख्या | से | प्रस्थान का समय | तक |
|---|---|---|---|
| 02270 | लखनऊ जं. | 14:15 | छपरा जं. |
| 02269 | छपरा जं. | 22:20 | लखनऊ जं. |
| 02248 | नई दिल्ली | 08:25 | पटना जं. |
| 02250 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. |
| 04053 | बरौनी जं. | 12:30 | नई दिल्ली |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा |
| 04662 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर |
| 04035 | भागलपुर | 13:00 | नई दिल्ली |
| 04015 | सहरसा | 06:20 | नई दिल्ली |
| 04001 | पटना जं | 08:00 | नई दिल्ली |
| 09625 | अजमेर जं. | 17:05 | दौण्ड जं |
| 09628 | सोलापुर जं | 12:50 | अजमेर जं. |
| 04712 | बांद्रा टर्मिनस | 18:20 | बीकानेर जं. |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार |
| 09724 | बांद्रा टर्मिनस | 09:30 | जयपुर जं. |
| 04829 | जोधपुर जं | 16:15 | गोरखपुर जं |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी |
| 04706 | जयपुर जं. | 13:05 | श्रीगंगानगर |
| 04705 | श्रीगंगानगर | 23:45 | जयपुर जं. |
| 09721 | जयपुर जं. | 06:15 | उदयपुर सिटी |
| 09722 | उदयपुर सिटी | 15:05 | जयपुर जं. |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक |
| 09640 | रोहतक | 13:20 | मदार जं. |
| 09733 | जयपुर जं. | 07:00 | भिवानी |
| 09734 | भिवानी | 16:05 | जयपुर जं. |
| 09656 | वलसाड | 15:05 | अजमेर जं. |
| 04814 | दानापुर | 18:45 | भगत की कोठी |
| 04713 | बीकानेर | 08:55 | वलसाड |
| 07488 | श्रीकाकुलम रोड | 17:00 | सिकंदराबाद जं. |
| 07626 | पनवेल | 04:30 | हजूर साहिब नांदेड़ |
| 07653 | काचीगुडा | 22:30 | तिरुपति |
| 07518 | नगरसोल | 22:00 | सिकंदराबाद जं. |
| 07055 | काचीगुडा | 15:15 | हिसार जं. |
| 07006 | रक्सौल जं. | 03:15 | सिकंदराबाद जं. |
| 07021 | सिकंदराबाद जं. | 08:45 | दानापुर |
| 07446 | लिंगमपल्ली | 19:00 | काकीनाडा टाउन |
| 07196 | दादर | 13:25 | काजीपेट जं. |
| 07023 | सनत नगर | 21:00 | रायपुर जं. |
| 07070 | सांतरागाछी जं. | 17:25 | सिकंदराबाद जं. |
| 07616 | पटना जं. | 02:30 | हजूर साहिब नांदेड़ |
| 08630 | गोरखपुर जं. | 15:30 | रांची जं. |
| 08612 | अजमेर जं. | 23:40 | सांतरागाछी जं. |
| 06181 | कोयंबटूर जं. | 02:30 | भगत की कोठी |
| 06087 | तिरुनेलवेली जं. | 01:50 | शालीमार |
| 06090 | सांतरागाछी जं. | 23:30 | चेन्नई सेंट्रल |
| 06095 | ताम्बरम | 13:00 | सांतरागाछी जं. |
| 06070 | तिरुनेलवेली जं. | 18:45 | चेन्नै एषुंबूर |
| 06041 | मैंगलोर जं. | 19:30 | कोचुवेलि |
| 06103 | ताम्बरम | 17:00 | रामनाथपुरम |
| 06548 | बेलगावि | 17:30 | यशवंतपुर |
| 06568 | विजयपुरा | 19:00 | मैसूर जं. |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुबली जं. |
| 06534 | कारवार | 09:35 | सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल |
| 06598 | कारवार | 12:00 | सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल |
| 06566 | मैंगलोर जं. | 13:00 | यशवन्तपुर जं. |
| 07325 | कलबुरगि जं. | 06:15 | हुबली जं. |
| 07336 | मणुगुरु | 15:40 | बेलगावी |
| 09803 | कोटा जं. | 21:25 | दानापुर जं. |
| 09806 | दानापुर जं. | 21:30 | कोटा जं. |
| 01706 | दानापुर जं. | 11:45 | जबलपुर जं. |
| 09208 | भावनगर टर्मिनस | 14:50 | बांद्रा टर्मिनस |
| 09416 | गांधीधाम जं. | 00:30 | बांद्रा टर्मिनस |
| 09415 | बांद्रा टर्मिनस | 19:25 | गांधीधाम जं. |
| 09007 | वलसाड | 13:50 | भिवानी |
| 09064 | दानापुर जं. | 11:00 | भेस्तान |
| 09343 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 18:30 | पटना जं. |
| 09406 | पटना जं. | 05:00 | साबरमती |
| 09058 | मैंगलोर जं. | 22:10 | उधना जं. |
| 09419 | अहमदाबाद जं. | 09:30 | तिरुच्चिराप्पल्ली जं. |
| 09323 | पुणे | 05:10 | इंदौर जं. |
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुंबई सेंट्रल |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:40 | डॉ अम्बेडकर नगर |
| 09313 | उज्जैन जं. | 21:00 | भोपाल जं. |
| 09314 | भोपाल जं. | 02:10 | उज्जैन जं. |
| 09146 | बरौनी जं. | 01:00 | मुंबई सेंट्रल |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर जं. |
| 09414 | बरौनी जं. | 10:15 | अहमदाबाद जं. |
| 09067 | उधना जं. | 05:30 | बरौनी जं. |
| 09446 | लखनऊ जं. | 23:50 | साबरमती |
| 09598 | गोरखपुर जं. | 23:30 | राजकोट जं. |
| 09404 | बनारस | 07:15 | अहमदाबाद जं. |
| 09018 | महुवा जं. | 12:15 | उधना जं. |
| 09450 | गोरखपुर जं. | 07:30 | अहमदाबाद जं. |
| 09126 | छपरा जं. | 12:00 | वडोदरा जं. |
| 09020 | भागलपुर जं. | 23:30 | उधना जं. |

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinindia

# कारोबारी के घर 38 लाख की डकैती

## धनतेरस पर दुकान पर था परिवार, बहू-बेटी को बंधक बनाया, 12 नकाबपोश बदमाशों ने की वारदात

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मंगलवार रात एक आभूषण कारोबारी कृष्ण ठठेरा के घर से 38 लाख की डकैती हो गई। जानकारी के मुताबिक, करीब 12 की संख्या में आए बदमाशों ने कारोबारी की बहू से मारपीट की और मुंह में कपड़ा डाल उसके हाथ-पैर बांध दिए। फिर घर से 35 लाख के गहने और 3 लाख रुपए कैश लेकर फरार हो गए। दरअसल, आभूषण कारोबारी कृष्ण ठठेरा की योगीपुर बाजार के पास ज्वेलरी और बर्तन की दुकान है। पीड़ित परिवार के मुताबिक, वारदात से ठीक 15 मिनट पहले (8.45 बजे) कारोबारी का बेटा रॉकी कुमार अपनी मां के साथ बिक्री का पैसा लेकर घर आया था। घर में पैसे रखने के बाद दोनों दोबारा दुकान लौट गए। इसके बाद रात करीब 9 बजे बदमाश घर में घूसे और घर के सदस्यों से चाबी मांगी। इस दौरान बदमाशों ने घर के लोगों के साथ मारपीट की और करीब एक घंटे तक घर में लूटपाट मचाया। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। घटना हिलसा थाना क्षेत्र के योगीपुर गांव की है।

**खाना बनाकर कमरे में गई ही थीः** कृष्ण ठठेरा की बेटी सेजल ने बताया, 'मैं खाना बनाकर अपने कमरे में जा ही रही थी कि पीछे से नकाब पहने डकैत घर में घुस गए। सभी के पास हथियार थे। ये सब देखकर मैं सहम गई। एक ने कहा कि रुपए कहां है लाओ, नहीं तो गोली मार देंगे। इसी दौरान केन में रखे पैसे उन लोगों को मिल गए। मुझे और मेरी भाभी को कमरे में बंद कर दिया। मारपीट भी की। भाभी ने जो गहने पहने थे उसे भी लूट लिया। सभी डकैतों ने करीब एक घंटे तक उत्पात मचाया।'

**खिड़की से लगाई मदद की गुहारः** कृष्ण ठठेरा के बेटे रॉकी कुमार ने बताया, 'दुकान में जो सामान बिका था। उसके पैसे घर पर ही रखे हुए थे। मां के गहने, मेरी पत्नी के गहने और बहन के गहने घर के अलमीरा में थे। जिसे नकाबपोश डकैतों ने लूट लिया। लूटपाट के बाद जब डकैत वापस चले गए। तब मेरी पत्नी और बहन ने खिड़की से मदद की गुहार लगाई। इसी बीच एक व्यक्ति ने दुकान पर आकर सूचना दी। जब हम लोग घर पहुंचे तो देखा कि घर में सारा सामान इधर-उधर बिखरा है। पत्नी-बहन को एक कमरे में बंद कर दिया गया है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई।

**घर में जो मिला सब ले गए डकैतः** पीड़ित परिवार के मुताबिक, हालांकि घटनास्थल से थोड़ी दूर पर मोबाइल पुलिस ने बरामद कर लिया। जिस स्थान पर डकैती हुई वहां आसपास कोई मकान नहीं है। पिछले साल ही आभूषण कारोबारी ने योगीपुर रोड में अपना नया घर बनाया था। इसी साल अप्रैल महीने में रॉकी की शादी हुई थी। जिसके जेवरात भी घर में रखे हुए थे।

**जल्द मामले का खुलासा होगाः** हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया, 'घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। FSL की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। सभी तकनीकी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही पुलिस इस मामले का खुलासा कर लेगी।'

# दीपक ने दरोगा परीक्षा में राज्यस्तर पर लाया तीसरा स्थान, पिता चलाते नाई की दुकान

## कहा- मैंने कभी नहीं चाहा बच्चे मेरे पेशे को अपनाएं

निज संवाददाता। नालंदा



सिलाव में नाई की दुकान चलाने वाले संजय शर्मा के बेटे दीपक ने बिहार पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा में 1275 अभ्यर्थियों में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। एक साधारण परिवार से आने वाले दीपक ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल की है। उनकी माता पिंकी देवी, जो एक गृहिणी हैं, बेटे की इस सफलता पर गर्व महसूस कर रही हैं। संजय शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि कभी नहीं चाहा कि मेरे बच्चे मेरे पेशे को अपनाएं। मैंने हमेशा उन्हें शिक्षा की ओर प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि दीपक चार भाई-बहनों में सबसे बड़े हैं और उनकी यह सफलता परिवार के लिए गर्व का क्षण है।

**माता-पिता ने कभी हिम्मत नहीं हारीः** दीपक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि आर्थिक तंगी के बावजूद मेरे माता-पिता ने कभी हिम्मत नहीं हारी और मुझे हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले वे रेलवे ग्रुप डी में भी सफल हुए थे, लेकिन उनकी महत्वाकांक्षाएं इससे कहीं ऊंची थीं। दीपक का मानना है कि महंगे कोचिंग संस्थानों में पढ़ना सफलता की गारंटी नहीं है। उन्होंने बताया कि उन्होंने नियमित कोर्स के साथ-साथ मैगजीन और ऑनलाइन क्लासेज का सहारा लेकर यह सफलता हासिल की है। "अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

# गया में धनतेरस पर 100 करोड़ से अधिक का कारोबार

निज संवाददाता। गया

गया जिले में धनतेरस के दिन गांव के कस्बाई बाजार में खरीदारी में उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय बाजारों में मुख्य रूप से सोना, चांदी, और बर्तन की बिक्री में वृद्धि हुई है। झाड़ू और सामान्य बर्तन की भी खूब खरीदारी हुई। चैंबर ऑफ कॉमर्स पदाधिकारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कितना का कारोबार हुआ यह कहना मुश्किल है। क्योंकि धनतेरस का बाजार किसी एक चीज से नहीं जुड़ा है। लेकिन अनुमानित आंकड़ों के अनुसार गया के व्यापारी धनतेरस पर करीब 100 करोड़ से 150 करोड़ के बीच की बिक्री की उम्मीद कर रहे हैं।

**आभूषणों के अलावा गाड़ियों की खूब खरीदारीः** धनतेरस के दौरान सोना, चांदी, गाड़ी, सामान्य बर्तन, मूर्तियां, झाड़ू, शामिल है। सोने और चांदी के आभूषणों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहन खरीदने की प्रवृत्ति भी काफी बढ़ी है। जो पिछले वर्षों के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन दर्शाता है। खरीदारी का मुख्य आकर्षण सोने के सिक्के और चांदी के आभूषण रहा। जबकि कई लोग नई गाड़ियां और बर्तन खरीदते नजर आए, जो शुभ माने जाते हैं। इसके अलावा कई तरह की गाड़ियों की खरीदी गई।

# बिहारशरीफ से घोंघिल पक्षियों का आया विदाई का समय

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा का जिला मुख्यालय एक विशेष अतिथि की मेजबानी कर रहा है। हालांकि, अब इसके यहां से जाने का समय आ गया है। एशियन ओपनबिल, जिसे स्थानीय भाषा में 'घोंघिल' के नाम से जाना जाता है। बिहारशरीफ के नालंदा कॉलेज परिसर, कोर्ट परिसर और बिहार थाना क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में इन पक्षियों ने अपना अस्थायी घर बना लिया है।

**एस्टॉर्क प्रजाति का है पक्षीः** एस्टॉर्क प्रजाति का यह विशिष्ट पक्षी, जो बगुले से बड़ा लेकिन सारस से छोटा होता है। अपनी अनूठी विशेषताओं के लिए जाना जाता है। इसकी सबसे प्रमुख पहचान इसकी विशेष प्रकार की चोंच है। इसमें बीच में एक खाली स्थान होता है- यही कारण है कि इसे 'ओपन-बिल' नाम दिया गया है।

**मानसून का है प्राकृतिक संकेतकः** पर्यावरण विशेषज्ञ और गौरैया विहग फाउंडेशन के संस्थापक राजीव रंजन पांडेय के अनुसार, "यह पक्षी मानसून का प्राकृतिक संकेतक है। जून की शुरुआत के साथ ही ये शहर में अपना बसेरा बना लेते हैं। उन्होंने बताया कि एक सामान्य भ्रांति के विपरीत, यह साइबेरियन प्रवासी पक्षी नहीं है, बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाने वाला स्थानीय प्रजाति का पक्षी है। इस बार नालंदा समेत पूरे बिहार में अच्छी बारिश हुई। इसका परिणाम है कि यह पक्षी अधिक मात्रा में देखने को मिल रहा है।

**पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण योगदानः** घोंघिल का पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान है। ये न केवल परजीवियों से होने वाली बीमारियों से मनुष्यों की रक्षा करते हैं, बल्कि इनका मल-मूत्र फॉस्फोरस, नाइट्रोजन और यूरिक एसिड से भरपूर होता है, जो मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि करता है।

**जलाशयों पर अतिक्रमण बनी चिंता का विषयः** हालांकि, चिंता का विषय यह है कि तीव्र शहरीकरण, जलाशयों का अतिक्रमण, वृक्षों की कटाई और कृषि में रासायनिक पदार्थों के बढ़ते प्रयोग से इन पक्षियों की आबादी प्रभावित हो रही है। गौरैया विहग फाउंडेशन जैसी संस्थाएं इको क्लब के माध्यम से इनके संरक्षण के लिए प्रयासरत है।

**छायादार वृक्ष पर बनाते हैं घोंसलाः** प्रजनन काल के दौरान, ये पक्षी पीपल, बरगद, इमली और अशोक जैसे वृक्षों पर अपने घोंसला बनाते हैं। जिन्हें 'हेरोनरी' कहा जाता है। एक मादा 2 से 5 अंडे देती है और बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी दोनों माता-पिता साझा करते हैं। अक्टूबर-नवंबर तक बच्चे वयस्क हो जाते हैं और फिर ये पक्षी अपने घोंसला को छोड़कर प्रवास कर जाते हैं। यह वैसे स्थल पर चले जाते हैं, जहां बहुतायत मात्रा में जलाशयों की उपलब्धता हो।

**घोंघिल को संरक्षक की जरूरतः** विशेषज्ञों का मानना है कि इन पक्षियों के संरक्षण के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है, क्योंकि ये न केवल मानसून के प्राकृतिक संकेतक हैं, बल्कि हमारी पारिस्थितिकी के महत्वपूर्ण घटक भी हैं।


## पूर्व रेलवे

### ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः **नीलामी की कैटेगरीः** वाणिज्यिक प्रचार (विज्ञापन)। **ई–नीलामी कैटलॉग सं.: एएसएन–एडीवीटी–13–11, स्टेशन का नाम/स्थान/ट्रेन नं. एवं एसएलआरः मोबाइल परिसंपत्तियाँः** (i) ट्रेन एक्सटीरियर (फुल फेस):11 (ii) ट्रेन एक्सटीरियर (खिड़की के नीचे)ः 08 (iii) ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियरः 08, **ओओएच (आउट ऑफ होम)ः** (i) अंडाल में–स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया। **आरडीएनः** (i) मधुपुर में–स्टेशन के अंदर (ग्लो साइन/बैक लिट) (ii) सिउड़ी में–स्टेशन के अंदर (iii) मधुपुर में–स्टेशन के अंदर (नॉन–डिजिटल)। कुल 31 परसंपत्तियाँः मोबाइल परिसंपत्तियों की सं.ः 27, ओओएच परिसंपत्तियों की सं.:01, आरडीएन परिसंपत्तियों की सं.:03, **नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** दिनांक 13.11.2024 को 11.00 बजे। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि उपर्युक्त तिथि 13.11.2024 की सूची के अनुसार संपूर्ण विवरण एवं ई–नीलामी में भाग लने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। ASN-207/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व मध्य रेल

### ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा पं० दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन पर 05 वर्षो के लिए बहुद्धेशीय स्टालो का संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न हैः– **(1) (AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** पं दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 3/4 पर बहुद्धेशीय स्टाल सं० 02 के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** MPS-DDU-01, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** MPS-DDU-MPS-MPS-2-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 12.11.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी। **(AA/2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** पं दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1/2 पर बहुद्धेशीय स्टाल सं० 01 के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** MPS-DDU-01, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** MPS-DDU-MPS-MPS-1-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 12.11.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी। **(AA/3) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधिः** पं दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 5/6 पर बहुद्धेशीय स्टाल सं० 03 के लिए। **ई–नीलामी कैटेलॉग संख्याः** MPS-DDU-01, **ई–नीलामी लॉट संख्याः** MPS-DDU-MPS-MPS-3-24-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समयः** ई–नीलामी दिनांक 12.11.2024 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी। **(2) वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in**

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल**
**पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/01416/डीडीयू/सीओएमएल/एन/24–25/40



## मालदा मंडल के तहत मुरली हॉल्ट में हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति

**अधिसूचना सं.: सी.192/हॉल्ट-पॉलिसी/एम/पीटी.III दिनांक: 30.10.2024**

मालदा मंडल के तहत तीनपहाड़ एवं राजमहल स्टेशनों के बीच **मुरली हॉल्ट** में कमिशन के आधार पर टिकटों की बिक्री के कार्य के संचालन के लिए हॉल्ट ठेकेदार के चयन हेतु स्थानीय पात्र निवासियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। हॉल्ट ठेकेदार के चयन हेतु इच्छुक आवेदकों को उसी जिले का निवासी होना चाहिए जहां ऊपरोक्त हॉल्ट स्टेशन स्थित है। निर्धारित नियम एवं शर्तों (मानदंडों) को पूरा एवं संतुष्ट करने वाले इच्छुक आवेदकगण **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, मालदा मंडल, डीआरएम कार्यालय, डाकघर-झलझलिया, मालदा, प.बं., पिन-732102** में उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में आवेदन दिनांक 04.11.2024 से 02.12.2024 तक किसी भी कार्यकारी दिवस को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक तथा अंतिम दिवस यानी दिनांक 03.12.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे के बीच आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तारीख 03.12.2024 को अपराह्न 2.00 बजे है तथा भरे हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख **03.12.2024** को **अपराह्न 5.00 बजे** है तथा आवेदन उसी दिन **अपराह्न 5.30 बजे** खोले जाएंगे। आवेदन एवं लिफाफे के आवरण पर **हॉल्ट स्टेशन के निर्दिष्ट नाम** "................ (हॉल्ट का नाम) **हॉल्ट स्टेशन पर हॉल्ट ठेकेदार के चयन हेतु आवेदन**" अंकित किए जाने के साथ सुगम पत्राचार के लिए पूरा पता के साथ पिनकोड, ई-मेल तथा मोबाइल नं. का उल्लेख किया जाना चाहिए। आवेदन उपरोक्त पते पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा के पास भेजे जाने चाहिए। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सूचना सं.: ओ–एसी–टी–146 से 151/24–25 (खुली), दिनांक 25.10.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैंः **क्रम सं. 1, केस सं.** : ओ–एसी–टी–146–24–25, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन बराकर, सीतारामपुर, मुगमा, कुमारधुबी आदि पर प्लेटफॉर्म में पाइप लाइन, पाइप लाइन के सहायक कार्यों, अनुषंगी कार्यों के साथ आरसीसी ओएच टैंकों से क्षतिग्रस्त टैंकों की बदली के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,14,93,214.04, **बयाना राशि :** रु. 4,57,500/–, **क्रम सं. 2, केस सं.** : ओ–एसी–टी–147–24–25, **कार्य का नामः** शौचालय, डाइनिंग, किचन आदि के साथ बराचक में 12 शय्या वाले बैरक और कटोरिया में 07 शय्या वाले बैरक के नए निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,18,67,523.65, **बयाना राशि :** रु. 2,09,300/–, **क्रम सं. 3, केस सं.** : ओ–एसी–टी–148–24–25, **कार्य का नामः** एईएन/2/आसनसोल के अधीन शौचालय, डाइनिंग, किचन आदि के साथ सीतामरामपुर (एसटीएन) में नए आरपीएफ 35 शय्या वाले बैरक के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,19,09,655.72, **बयाना राशि :** रु. 2,09,500/–, **क्रम सं. 4, केस सं.** : ओ–एसी–टी–149–24–25, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/2/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में सीटीआर(पी) कार्य के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,16,41,215.21, **बयाना राशि :** रु. 2,08,200/– **क्रम सं. 5, केस सं.** : ओ–एसी–टी–150–24–25, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन दुर्गापुर स्टेशन पर दिव्यांगजन के लिए न्यूनतम अनिवार्य सुविधाओं के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,80,70,789.95, **बयाना राशि :** रु. 2,40,400/–, **क्रम सं. 6, केस सं.** : ओ–एसी–टी–151–24–25, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन दुर्गापुर स्टेशन के दक्षिणी भाग में 40 केएलडी के सीवेज ट्रीटमेंट वाटर प्लांट के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 45,84,168.82, **बयाना राशि :** रु. 91,700/– **कार्य की समापन अवधिः** 18 माह (क्रम स. 1 हेतु), 12 माह (क्रम सं. 2, 3, 4 एवं 5 प्रत्येक हेतु), 08 माह (क्रम सं. 6 हेतु)। **बंद होने की तिथि और समयः** 28.11.2024 को 12.00 बजे प्रत्येक हेतु। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-208/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## बिहार सरकार

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–12R1/2024–25**
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 26.10.2024
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि : दिनांक 06.11.2024, 10:00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक 12.11.2024, 5:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकि बीड) खोलने की तिथि : दिनांक 13.11.2024 अपराह्न 11:00 बजे अपराह्न तक एवं समय (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र मूल्य (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | बेल्ट्रॉन का प्रोसेगिंग फीस + अन्य कर(रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रखंड रफीगंज, पंचायत–चरकावॉ वार्ड नं0–8,9,10,11 अन्तर्गत झिकटिया ग्रामीण जलापूर्ति योजना का अगले 5 वर्षो तक संचालन एवं रख–रखाव, वर्ष–2024–25। | 33.18 | 0.665 | 5000.00 | 590.00 | 60 माह |

7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकि बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी)
8. निविदा वैधता की तिथि : निविदा खोलने से 180 दिनों तक।
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा **state.bihar.gov.in/prdbihar** वेववाईट पर देखा जा सकता है।
10. ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को www.eproc2.bihar.gov.in पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्ता का नाम (User ID), पासवर्ड (Password), अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।
11. संवेदक परिमाण विपत्र सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in से प्राप्त करने के उपरान्त वेबसाईट पर ही इलेक्ट्रानिक निविदा पत्र को भरकर भेज सकते हैं। अन्य सभी महत्वपूर्ण कागजात यथा अग्रधन की राशि/अन्य सभी प्रमाण पत्र, जो निविदा के लिए आवश्यक है, को स्कैन कर ई–निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।**

**PR- 011560 ( P H E D) 2024-25**

**कार्यपालक अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**



## कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, पलामू

### आम-सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के आलोक में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 13.11.2024 को निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 5523 दिनांक 16.10.2024 एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड राँची की अधिसूचना संख्या 6979 दिनांक 21.10.2024 के आलोक में विधानसभा आम चुनाव 2024 के मतदान की तिथि 13.11.2024 को संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना हैः–

1. किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।
2. उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी, और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी, उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर ना किये जाने की दशा में दी गयी होती।
3. यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधो का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माने से, जो पाँच सौ रूपये तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा।
4. यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी जिसकी अनुपस्थिति में उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान हानि हो सकती है।

सभी संबंधित प्राधिकारों को निदेश दिया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी,**
**–सह– उपायुक्त, पलामू**

PR 339733 Palamu (24-25)_D



## पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सं. 217_2024–25, 218_2024–25, 219_2024–25 और 233_2024–25, दिनांक 29.10.2024,** मंडल इंजीनियर (IV), मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **डीईएन/4/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई–निविदा सं. 217_2024–25, कार्य का विवरण** : एईएन/बोलपुर के अधीन भेदिया–बोलपुर शाखा में आर्च ब्रिज नं. 56 अप की जैकेटिंग द्वारा सुदृढ़ीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 13,15,24,542.20, **बयाना राशि :** रु. 8,07,600/–, **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं. 218_2024–25, कार्य का विवरण** : एईएन/रामपुरहाट के अधीन पाकुड़ रेलवे कॉलोनी में रेलवे क्वार्टर की उन्नति समेत ढांचागत सुविधा का उन्नयन। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,09,64,795.42, **बयाना राशि :** रु. 2,54,800/–, **क्रम सं. 3, ई–निविदा सं. 219_2024–25, कार्य का विवरण** : रामपुरहाट कॉलोनी में पानी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए वाटर स्टोरेज टैंक, नई पाइप लाइन एवं अन्य विविध कार्यों के साथ अतिरिक्त ट्यूब वेल का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,12,96,988.12, **बयाना राशि :** रु. 2,56,500/–, **क्रम सं. 4, ई–निविदा सं. 233_2024–25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत हरिणसिंह गुड्स शेड का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 6,24,65,018.66, **बयाना राशि :** रु. 4,62,300/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. शून्य प्रत्येक हेतु। **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 4 प्रत्येक हेतु और 12 (बारह) माह (क्रम सं. 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 20.11.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिए उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-381/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पैक्स अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज
# बैनर व पोस्टर के अलावे जनसम्पर्क अभियान जारी

**» सुबह से लेकर शाम तक गली-मोहल्लों के अलावे घरों में जाकर पैक्स अध्यक्ष समेत उनके समर्थक जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।**

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

नगर पंचायत समेत प्रखण्ड के सभी पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव पहली चरण में होना सुनिश्चित है। इसको लेकर पैक्स अध्यक्ष उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ पैक्स सदस्यों एवं अन्य लोगों से मेलजोल करना बढ़ गया है। सुबह से लेकर शाम तक गली-मोहल्लों के अलावे घरों में जाकर पैक्स अध्यक्ष समेत उनके समर्थक जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। वहीं कई लोग बैनर व पोस्टर लगाकर दिवाली एवं छठ पूजा की शुभकामनाएं भी दे रहे हैं। इसके अलावे सोशल मीडिया के फेसबुक एवं व्हाट्सएप ग्रुप में भी पैक्स अध्यक्ष के उम्मीदवार के समर्थकों द्वारा जमकर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। साथ ही चौक-चौराहे पर सुबह से लेकर शाम तक नगर पंचायत समेत अन्य पंचायतों के पैक्स अध्यक्ष उम्मीदवारों के जीत-हार का आंकलन बड़ी तेजी से चल रहा है। इस बीच नगर पंचायत के मुख्य पार्षद के पति रामनंदन सिंह द्वारा नगर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष में उम्मीदवारी से राजनीतिक जोड़-घटाव के समीकरण काफी प्रभावित हुए हैं। बताते चलें कि इससे पूर्व नगर पंचायत चुनाव में रामनंदन सिंह की पत्नी मानती देवी को नगर वासियों ने भारी मतों से मुख्य पार्षद बनाया था। वहीं परिवार के सभी सदस्यों का जुड़ाव समाज के हर वर्ग के व्यक्ति से है एवं रामनंदन सिंह का विचार शुरू से काफी शालीन रहा है। वहीं मुख्य पार्षद पुत्र प्रमोद सिंह ने भी नगर पंचायत के जरूरतमंदों के लिए हमेशा एक पैर पर खड़े नजर आए हैं। इस वजह से नगर पंचायत में यह चर्चा है कि नगर पंचायत में रामनंदन सिंह काफी चर्चित उम्मीदवार हैं और उनके जीत की संभावनाएं ज्यादा है। नगर पंचायत में रामनंदन सिंह के अलावे कई और लोग अपनी उम्मीदवारी का दावा कर रहे हैं। वहीं समाजसेवी प्रमोद सिंह ने कहा कि पैक्स अध्यक्ष के उम्मीदवार रामनंदन सिंह का नामांकन 13 नवंबर को किया जाएगा। नामांकन से सम्बंधित प्रक्रियाएं पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के विकास में हर-संभव प्रयास उनके द्वारा किया गया है।

## हत्या के कांड में संलिप्त 03 अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | नवादा

नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौधरी नगर में एक व्यक्ति की हत्या की सुचना पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंच FSL टीम के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किया गया। तत्पश्चात शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा गया एवं वादी के बयान के आधार पर नगर थाना कांड संख्या 1279/24 दिनांक 29.10.2024 धारा 103 (1) /3 (5) BNS के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को लेते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देशानुसार थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त गठित टीम को अभियुक्त के गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया।

## अनुमंडल कृषि पदाधिकारी व बीडीओ के हाथों चना एवं मसूर की बीज वितरण शुरू

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड परिसर स्थित ई-किसान भवन में बुधवार से किसानों के बीच चना व मसूर के बीज का वितरण अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डॉ. अविनाश कुमार व बीडीओ संजीव झा के हाथों शुरू कर दिया गया है। इस दौरान कृषि समन्वयक धनन्जय कुमार, किसान सलाहकार शंभु कुमार व बीज वितरक पप्पू कुमार के दर्जनों किसान मौजूद थे। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने बताया कि कृषि कार्यालय में चतुर्थ कृषि रोड मैप 2023-28 अंतर्गत दलहन फसल के प्रोत्साहन को लेकर दलहन मसूर बीज का वितरण शुरु किया गया है। ओटीपी धारक किसानों के लिए अनुदानित दर पर चना व मसूर का बीज वितरण का कार्य शुरू किया गया है। चना और मसूर के बीज के लिए किसान को किसान पंजीयन,आधार कार्ड और जमीन का रसीद लेकर प्रखण्ड परिसर स्थित ई-किसान भवन आना है। इसके अलावे किसान अपना आधार कार्ड और किसान रजिस्ट्रेशन के साथ ऑनलाइन करें एवं उनके मोबाइल फोन पर एक ओटीपी नम्बर जाएगा। ओटीपी नम्बर मिलने के बाद ही किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही बताया कि एक किसान को आठ किलो चना एवं आठ किलो मसूर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ई-किसान भवन में वितरण का काम अभी जारी रहेगा। साथ ही कहा कि इसके अलावे किसानों के बीच गेहूं के बीज का भी वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर किसानों के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

बिहार सरकार

संदेश

मुख्य मंत्री
बिहार

दीपावली का त्योहार अंधकार से प्रकाश की ओर जाने के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। घर–घर दीप जलाकर लोग अपनी खुशियों को अभिव्यक्त करते हैं तथा सुख–समृद्धि की कामना करते हैं।

मेरी कामना है कि प्रकाश का यह पर्व राज्य की जनता के लिए सुख, शान्ति एवं समृद्धि लेकर आए। इस अवसर पर समस्त बिहारवासियों को मेरी शुभकामनाएँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 011414 (Home)D. 2024-25



सत्यमेव जयते
राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

दीपावली के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें देता हूँ।

दीपावली सनातन संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है। बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का यह पर्व 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का आवाहन कर हमें अपने हृदय को सत्य, प्रेम और करूणा के प्रकाश से आलोकित करने की प्रेरणा देता है। आईए, इस अवसर पर हम समाज के बेसहारा और जरूरतमंद लोगों की मदद कर उनके घरों में आशा और खुशी का दीप जलाने का संकल्प लें।

मेरी कामना है कि यह दीपोत्सव हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लेकर आये।

मैं आप सब से सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त दीपावली मनाने का आवाहन करता हूँ।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 011427 (Governor Secretariat) D. 2024-25.cdr



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### राज्य स्तरीय रैंकिंग सुधारने के लिए अंचलाधिकारियों को मिला टास्क

**बक्सर**। अपर समाहर्ता कुमारी अनुपम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को सभी अंचल अधिकारियों के साथ राजस्व से संबंधित मुद्दों पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अक्टूबर 2024 में राज्यस्तरीय रैंकिंग में सुधार के लिए निर्धारित प्राथमिकताओं पर प्रगति सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में आधार सीडिंग में शत-प्रतिशत प्रगति को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत पात्र परिवारों को पर्चा वितरण में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। निर्देश के अनुसार, वासगीत पर्चा अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत किया जाएगा, जबकि सरकारी भूमि की बंदोबस्ती संबंधी प्रस्ताव अनुमंडल पदाधिकारी के स्तर से निष्पादित किए जाएंगे। इसके साथ ही, भूमि सुधार उपसमाहर्ता को सरकारी भूमि संबंधी प्रस्तावों पर एक सप्ताह के भीतर स्वीकृति देने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान दाखिल-खारिज मामलों की स्थिति पर चर्चा हुई, जिसमें चक्की, चैगाई, सिमरी और अन्य अंचलों में सबसे अधिक अस्वीकृत मामलों की संख्या सामने आई। औसत से अधिक अस्वीकृत मामलों को देखते हुए संबंधित अंचलों की जांच की आवश्यकता पर जोर दिया गया। अपर समाहर्ता ने भूमि सुधार उपसमाहर्ता को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों की समीक्षा और औचक निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, 75 दिनों से अधिक लंबित मामलों में अंचल अधिकारियों से स्पष्ट प्रतिवेदन देने को कहा गया। अधिकारियों ने परिमार्जन प्लस के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की, जिसमें दस्तावेजों की कमी के कारण आवेदनों को आवेदक स्तर पर लंबित दिखाया जा रहा है। बैठक में निर्देश दिया गया कि अंचल अधिकारी अपने-अपने अंचलों में साइबर कैफे संचालकों को प्रशिक्षित कर आवेदन प्रक्रिया में तेजी लाएं, ताकि लोग आसानी से सभी दस्तावेज उपलब्ध करा सकें। इसके अतिरिक्त, ई-मापी प्रगति पर चर्चा की गई और लंबित मामलों के निपटारे के लिए साप्ताहिक रोस्टर तैयार करने और अमीनों से समय पर रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिए गए।

### सुनील पाठक बने रालोमो के छात्र संघ चुनाव प्रभारी

**आरा** |वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के होने वाले छात्र संघ चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने प्रदेश सचिव सुनील पाठक को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। सुनील पाठक ने चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा व प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष रोहित कुशवाहा ने सुनील पाठक को बधाई देते हुए कहा कि यह पहले भी विश्वविद्यालय में छात्र राजनीति कर चुके हैं और पार्टी द्वारा छात्र संघ के चुनाव प्रभारी बनाए जाने से चुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष जागा कुशवाहा, प्रदेश महासचिव संजय मेहता, संतोष चंद्रवंशी, राजेश कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, ललन कुशवाहा, शत्रुधन कुशवाहा आदि लोगों ने बधाई दी।

### चौकीदार हत्याकांड में 5 दोषियों को कारावास

**बक्सर**| हत्या के मामले में मंगलवार को प्रधान जिला एवं जिला सत्र न्यायाधीश आनंद नंदन सिंह की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने दोषी पाकर पांच आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपित को दोषी पाकर सजा के साथ अर्थदंड लगाया है। विशेष लोक अभियोजक आदित्य कुमार वर्मा ने बताया कि 24 अक्टूबर 87 को ब्रह्मपुर बाजार में जमकर फायरिंग हुई थी। जिसमें चौकीदार की घटनास्थल पर ही गोली लगने से मौत हो गई थी। गोलीबारी मामले में कई लोग घायल हो गए थे। उक्त मामले में दो प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। जिसमें एक प्राथमिकी मारकंडेय सिंह के द्वारा दर्ज कराई गई थी वहीं दूसरा प्राथमिकी चौकीदार भृगुनाथ के द्वारा दर्ज किया गया था। दोनों मुकदमों को संयुक्त रूप से एक साथ सुनवाई की गई। इसी मामले में पुलिस की चार्जशीट के बाद न्यायाधीश ने सुनवाई करते हुए पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपितों को दोषी पाया। न्यायाधीश आनंद नंदन सिंह ने अभियुक्तों को अलग- अलग धाराओं में सज़ा सुनाई। कोर्ट ने सुरेंद्र सिंह, शंभू सिंह, शिव प्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह एवं जितेंद्र चौरसिया को आजीवन कारावास के साथ 25-25 हजार रुपए जुर्माना लगाया।

### अब 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का डोर टू डोर होगा आधार पंजीकरण

**बक्सर**। मंगलवार को डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर डीडीसी डॉ महेंद्र पाल ने जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक किया। बैठक में 0-5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार पंजीकरण हेतु इंडियन पोस्टल पेमेंट बैंक के माध्यम से डोर-टू-डोर और बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपलब्ध उपकरण से कैम्प मोड में आधार पंजीकरण कराने का निर्णय लिया गया। शिक्षा विभाग के माध्यम से संचालित आधार पंजीकरण केन्द्र पर 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के सरकारी विद्यालय के साथ-साथ निजी विद्यालय के बच्चों का भी लक्ष्य निर्धारित करते हुए आधार पंजीकरण बॉयोमेट्रिक अपडेट कराने का निर्णय लिया गया। बंद पड़े आधार सेन्टर के लिए संबंधित विभाग यथा ग्रामीण विकास विभाग एवं समाज कल्याण विभाग से अनुरोध कर पुनः आधार ऑपरेटर का चयन करते हुए कार्य में प्रगति लाने का निर्णय लिया गया। बैठक सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सीएससी के कोऑर्डिनेटर, उप डाक अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

### जदयू जिलाध्यक्ष ने सीएम को भेजा पत्र, परिवहन और खनन विभाग में गुंडागर्दी पर रोक लगाने की मांग की

**बक्सर**। जदयू के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बक्सर के वीर कुंवर सिंह गंगा सेतु पर परिवहन और खनन विभाग की कथित गुंडागर्दी पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में अवैध वसूली और यातायात जाम की गंभीर समस्या को उजागर करते हुए उच्चस्तरीय जांच की अपील की है। जिलाध्यक्ष के मुताबिक वीर कुंवर सिंह सेतु के निर्माण से बक्सर और उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच आवाजाही आसान हुई, लेकिन खनन विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारियों के कथित गठजोड़ के कारण अब यह पुल जाम और भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि खनन के ट्रक और कंटेनर पुल पर 5-7 किलोमीटर लंबी कतार बनाकर खड़े रहते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और विभाग के अधिकारी अवैध रूप से पैसे वसूल रहे हैं। पत्र में जिलाध्यक्ष ने लिखा है कि बक्सर में सैकड़ों ट्रक अवैध तरीके से बालू, गिट्टी और अन्य खनिजों की ढुलाई कर रहे हैं, जिससे सरकार के राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है। आरोप है कि परिवहन विभाग के अधिकारियों की गाड़ियां खुद इस अवैध वसूली में शामिल हैं और इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। इससे सरकार की छवि को नुकसान पहुंच रहा है।

### एनएच पर तेज रफ्तार कार की ठोकर से वृद्ध की मौत

**बक्सर**| एनएच 922 फोरलेन पर दलसागर ओवरब्रिज के पास बस पकड़ने जा रहे वृद्ध को सड़क पार के दौरान एक तेज रफ़्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना में वृद्ध बुरी तरह जख्मी हो गया। ग्रामीणों आनन-फानन में एम्बुलेंस से घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। दलसागर निवासी भिखारी राम घर से आरा जाने के लिए बस पकड़ने निकले थे।

### युवती से दुष्कर्म के दूसरे आरोपी ने किया सरेंडर

**आरा**| मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सारंग पुर गांव के निवासी दुष्कर्म का आरोपी करिमन नट पिता विजय नट ने सोमवार को आरा सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया। मुफस्सिल थाना के थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि 5 दिन पहले एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर तीन लोगों को नामजद करते हुए पीड़िता के द्वारा मुफस्सिल थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस घटना की जांच की।

# 4 साल की बेटी के साथ जलकर विवाहिता की मौत

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में सोने से पहले पति से हुआ था विवाद, ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

बक्सर के नवाडिह के कोरान सराय थाना क्षेत्र में एक महिला ने बंद कमरे में खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस दौरान महिला की 4 साल की बेटी की भी जलकर मौत हो गई। मृतका की पहचान धन्नू सिंह की पत्नी उषा देवी (28) और उसकी बेटी नंदनी कुमारी (04) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची। पुलिस ने मृतिका के पति धन्नू सिंह को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ की जा रही है। मृतका के मायके वालों ने अपनी बेटी के हत्या का आरोप दामाद और उसके परिवारवालों पर लगाया है। अन्य लोग घटना के बाद फरार हैं।

**पति से विवाद के बाद घटनाः** घटना की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि उषा देवी और उसकी बेटी नंदनी कुमारी एक कमरे में थे। कमरा अंदर से बंद था। मामले को लेकर पति का कहना है कि रात में सोने से पहले दोनों के बीच कुछ विवाद हुआ था। जिसके बाद मंझली बेटी के साथ सोने चली गई थी। मैं अपने बड़े पुत्र और छोटी बेटी के साथ बाहर सो रहा था। देर रात दो बजे के आसपास जब छोटी बेटी दूध के लिए रोने लगी। जिसके बाद मैं कमरे के पास गया तो देखा अंदर से धुंआ उठ रहा है। अंदर से कमरा बंद था। काफी प्रयास के बाद भी कुछ कर नही पाया।

**पति पर हत्या का आरोपः** आगे बताया कि महिला का शव आधा जल चुका था। पास में बेटी भी झुलसने के कारण दम दम तोड़ चुकी थी। उसका शरीर थोड़ा बहुत जला है। सूचना मृतका के मायके वालों को दी गई है। जो नवानगर प्रखंड के वासुदेव के रहने वाले है। मायके वालों का कहना है कि पूजा की हत्या उसके पति ने की है। फिलहाल जांच चल रही है। संदेह पैदा होने की स्थिति में उसके पति धनु को हिरासत में रखा गया है। हालांकि अभी थाना को कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

## बार एसोसिएशन के सदस्य बने भाजपा नेता राजेन्द्र तिवारी



निज संवाददाता। आरा

भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेन्द्र तिवारी ने भोजपुर बार एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण किया। बार एसोसिएशन के महासचिव मनमोहन ओझा ने सदस्यता ग्रहण कराया। श्री तिवारी ने बताया कि मेरा जीवन समाज के लिए समर्पित है। अधिवक्ता पेशा से गरीब/असहायों की मदद कर सकता हूं। पैसे के अभाव में मुकदमा लड़ने में अक्षम व्यक्तियों का फ्री केस लड़ूंगा। इस मौके पीपी नागेश्वर दुबे, अधिवक्ता राजेश पांडे उर्फ पप्पू पांडे, विष्णु तिवारी, राणा प्रताप सिंह, आदित्य विजय प्रताप सिंह, हरेंद्र ओझा सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता थे।

## जमीन को लेकर विवाद, दंपती को पीटकर किया घायल

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का महकमपुर बारा गांव में जमीनी विवाद को लेकर बड़े भाइयों ने मिलकर छोटे भाई और उसकी पत्नी को लाठी–डंडे से पीटा। जिसमें दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। मामला अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद शांत हुआ। जख्मी महकमपुर बारा गांव स्वर्गीय गुरु शंकर यादव के छोटे पुत्र चंदन कुमार राय (31) और उनकी 30 वर्षीय पत्नी सीमा हैं। मारपीट में दंपती के बेटा को भी गंभीर चोट आई है।

**जमीन को लेकर हुआ विवादः** इधर घटना की जानकारी देते हुए जख्मी चंदन ने बताया कि पिछले डेढ़ महीनों से एक कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चल है। उनके एक भाई और मां ने मिलकर उनके भी हिस्से का जमीन बेच दिया था। जब चंदन पूछताछ करने के लिए गया। तब उसी उसके भाई और अन्य लोगों ने मिलकर गाली-गलौज शुरू कर दिया। लेकिन मामला उस समय शांत हो गया था । आज जब दीपावली पर्व को लेकर चौदह हजार रूपए लेकर आये थे। तभी उनके भाइयों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। उनके पैसे छीन लिए । विरोध करने पर लाठी–डंडे से मारपीट करने लगे।

# बक्सर में वार्ड पार्षद के बेटे की हत्या

निज संवाददाता। बक्सर



♦ अपराधियों ने मारी 6 गोलियां, दो डिसमिल जमीन के लिए 6 माह से चल रहा था विवाद

के वार्ड-13 के वार्ड पार्षद विद्यावति देवी के बेटे अखिलेश तिवारी उर्फ मंडल तिवारी (26) की गोली मार हत्या कर दी गई। अपराधियों ने 6 गोलियां मारी है। घायल को इलाज के लिए आरा लाया जाया जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। दरअसल, मामला दो डिसमिल जमीन का बताया जा रहा है। युवक का अपने पट्टीदार से पिछले 6 माह से विवाद चल रहा था। जमीन विवाद में कई बार दोनों में मारपीट भी हुई थी। अखिलेश को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसी कड़ी में बुधवार की सुबह हत्या कर दी गई। घटना नवानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत केसठ गांव की है।

**दो पट्टीदारों पर गोलीबारी का आरोपः** मृतक अखिलेश तिवारी उर्फ मंडल तिवारी के पिता चंद्रभूषण तिवारी ने बताया कि हमलोग उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में ले आए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, परिजनों ने पट्टीदार अनिल तिवारी और सुनील तिवारी पर गोली मारने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि मामले में पहले थानाध्यक्ष ने मामला शांत कराया था, लेकिन बुधवार की सुबह पट्टीदारों ने घटना को अंजाम दिया। सुनील तिवारी एक साल पहले भी मारपीट मामले में जेल गया था। पुलिस सुनील तिवारी को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। फॉरेंसिक टीम भी जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंच गई है।

**युवक के शोर मचाने पर परिजन आएंः** नावानगर थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि घटना बुधवार की सुबह दस बजे के आसपास की है। युवक अपने घर के दलान में कुछ काम कर रहा था। इसी बीच कुछ लोग मुंह बांधकर आए और युवक को गोली मार दी। तब जानकारी किसी को नहीं हुई। जब युवक चिल्लाने लगा तो अपराधी भाग गए। मौके पर जब परिजन पहुंचे तो युवक को केसठ प्राथमिक अस्पताल ले गए। जहां से आरा रेफर कर दिया गया।

# भोजपुर में स्कूल बस ने दो दोस्तों को रौंदा

निज संवाददाता। आरा



♦ दोनों दीपावली का सामान खरीदने गए थे बाजार, हादसे में एक की हालत गंभीर

आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार मोड़ के समीप मंगलवार को प्राइवेट स्कूल बस ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंद दिया। हादसे में बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि पीछे बैठा दोस्त मामूली रूप से जख्मी हो गया। दोनों को इलाज के लिए आरा अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी बिहारी यादव का 25 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार यादव और उसी गांव के निवासी सामा चौधरी का 40 वर्षीय बेटा मदन चौधरी है। दोनों दोस्त हैं। मदन चौधरी ने बताया कि दोनों अपने गांव से बाइक पर सवार होकर आरा दीपावली का सामान लेने जा रहे थे। आने के क्रम में जैसे ही हम लोग धमार मोड़ के पास पहुंचे। तभी प्राइवेट स्कूल बस ने रांग साइड आकर टक्कर मार दी।

**ग्रामीणों ने घायलों को पहुंचाया अस्पतालः** मदन ने कहा कि हादसे में दोस्त राकेश कुमार यादव गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि मैं मामूली रूप से जख्मी हो हुआ हूं। जख्मियों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। हादसे में जख्मी राकेश कुमार यादव का बायां पैर फ्रैक्चर हो गया। वहीं, ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि एक युवक के पैर और सिर में काफी गंभीर चोटें आई है। जबकि दूसरे की हालत ठीक है। दोनों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। गंभीर हालत में एक युवक को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया जा रहा है।

## प्रखंड प्रमुख ने सीएचसी का निरीक्षण किया, मिली कमियों पर हुए नाराज

निज संवाददाता। आरा



स्थानीय गड़हनी अंचल के प्रखंड प्रमुख बिनोद सिंह यादव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में कई कमियां पाई गई। प्रमुख ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र के ओपनिंग का अभी एक माह भी नही हुआ है। लेकिन दर्जनों कमियां है। स्वास्थ्य केंद्र के ऑपरेशन कक्ष समेत कई कमरों का दरवाजा पूर्ण बंद और खुलता नहीं है। शौचालय में पानी रिसाव हो रहा है। कई बाथरूम में पानी का निकास नही है। भवन के सामने फर्श की ढलाई की है। जिसमे लगता है कि अधिकांश बालू से ढलाई किया गया है। एक माह भी नहीं हुआ, लेकिन गिट्टी बाहर निकलने लगा। छत से अभी ही पानी रिसाव होने लगा है। रात में मात्र एक डॉक्टर, एक नर्स, एक गार्ड ड्यूटी करते है। कोई इमरजेन्सी आने के बाद कोई ड्रेसिंग करने वाला नहीं है। आरा रेफर किया जाता है। कहा कि जब सीएचसी से अक्सर प्रभारी अक्सर गायब रहते हैं। बिना समुचित व्यवस्था किये ही सीएचसी भवन का हैंडओवर ले लिए। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चिकित्सक सुनील महेंद्र कपूर ने बताया कि जो भी कमी है, ठेकेदार को बता दिया गया, जल्द उसको दुरुस्त कर देगा। डॉक्टर व कर्मियों की कमी के संबंध में सीएस को लिख कर दिया गया है। विभाग द्वारा सभी रिक्तियों को जल्द भरा जाएगा।प्रमुख द्वारा गायब रहने का आरोप ग़लत है। प्रभारी का बहुत काम होता है।

## दोपहर 1 बजे से रात 3 बजे तक नो एंट्री




निज संवाददाता। बक्सर

दीपावली को लेकर जाम की समस्या से निपटने के लिए बक्सर जिला प्रशासन द्वारा ट्रैफिक प्लान जारी किया गया है। जगह-जगह पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। प्लान 31 अक्टूबर की रात 3 बजे तक लागू रहेगा। जिसे पालन करना अनिवार्य है। बक्सर शहर में ट्रक ट्रॉली ट्रैक्टर,अन्य माल ढ़ोने वाले भरी वाहनों की दोपहर 1 बजे से रात तीन बजे तक नो एंट्री रहेगी। कोचस की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को शहर पांच किलोमीटर दूर दानी कुटिया के पास रुकना होगा। पटना को तरफ से आने वाले वाहनों को दल सागर टोल प्लाजा के आसपास हाइवे किनारे रुकना होगा।

**इन क्षेत्रों में वाहन प्रवेश वर्जितः** बक्सर एसडीएम धीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि दीपावली पर खरीदारी के लिए उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए शहर के अंदर दोपहर 1 बजे के बाद से सभी प्रकार के वाहनों को नो एंट्री रहेगी। जिसमें मुनीम चौक, जमुना चौक, ठठेरी बाजार, थाना चौक, सिडिकेट, मुनीम चौक के रास्ते में किसी भी प्रकार का वाहन नहीं चलाना है। इसके अलावा थाना चौक से रामरेखा घाट मोड के रास्ते पी पी रोड से पुराना सदर हॉस्पीटल तक दोपहर दो बजे से रात दो बजे तक तीन पहिया और चार पहिया वाहन के परिचालन पर रोक है। लेकिन इस रास्ते बाइक सवार आ जा सकते है। हालांकि इस दौरान सभी प्रकार के इमरजेंसी वाहन और एम्बुलेंस, सरकारी वाहन और शव वाहन आदि के परिचालन पर कोई रोक नहीं रहेगी।

# धनतेरस पर जिले में 50 करोड़ का कारोबार

निज संवाददाता। आरा



परम्परा के अनुसार धनतेरस पर मंगलवार को लोगो ने जमकर खरीदारी किया। देर रात तक खरीदारों की बाजारों में भीड़ उमड़ी रही। गहने, बर्तन, बाइक, मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर ज्यादातर भीड़ दिखी। बाजारों में बाइक, आभूषण व बर्तन समेत अन्य समानों से लगभग 50 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। दुकानदारों ने बताया कि इस बार धनतेरस पर पिछली बार से बिक्री अच्छी रही दीपावली तक और अच्छी बिक्री होने की उम्मीद है। सबसे ज्यादा भीड़ बर्तन की दुकानों पर दिखी, बाजारो में बर्तन 50 रुपया से लेकर से 15 हजार रुपये तक उपलब्ध थे। बर्तन कारोबारियों के अनुमान के अनुसार लगभग दो करोड़ का कारोबार बर्तन व्यवसाइयों ने किया है। अपनी क्षमता के अनुसार बाजारों से लोगो ने बर्तन की खरीदारी की। सोना चांदी की दुकानों में विशेष भीड़ दिखी। लोगो ने धनतेरस पर सोना-चांदी व हीरे के गहनों की जमकर खरीदारी की। लोगों ने बताया कि इस बार धनतेरस पर नई रेंज की भरमार थी, बाजारों में मनपसंद के आभूषण मिले। लल्लू साह एण्ड सन्स ज्वेलर्स के प्रोप्राइटर दीपक कुमार अकेला, अलंकार ज्वेलरी हाउस के प्रोप्राइटर अनिल कुमार, हरखेन कुमार सुनील कुमार के प्रोप्राइटर आशु बाबू, जैन ऑर्नामेंट के प्रोप्राइटर निखिल कुमार जैन, सेंको शोरूम के प्रोप्राइटर, नागरमल के प्रोप्राइटर व तनिष्क के प्रतिनिधि ने बताया कि सोना 22 कैरेट 72950, 24 कैरेट 81100 पर बिका। चांदी के नए सिक्के 1050 से 1300 रुपए व पुराने सिक्के 1350 से1450 रुपये प्रति पीस बिके। आभूषण कारोबारी ने बताया कि उन्होंने बताया कि इस बार सोना का कारोबार काफी अच्छा रहा। चांदी के सामानों की भी अच्छी बिक्री रही। अनुमान के अनुसार सोना चांदी व हीरे की बिक्री लगभग 15 करोड़ की हुई। युवाओं में बाइक खरीदने की होड़ इलक्ट्रोनिक गजट, वाहनों के शो-रूम, बाइक,मोबाइल व कम्प्यूटरों की दुकानों में युवाओं की ज्यादा दिखी। शहर के मां मालती बजाज चंदवा के प्रोप्राइटर संजीव गुप्ता ने बताया कि लगभग 280 बाईक बिके है, उम्मदी है कि गुरुवार तक अच्छी संख्या में बिक्री हो जायेगी। प्रियदर्शी ऐम्पियर इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के प्रोप्राइटर रोहित ने बताया कि इस बार इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिकी अच्छी रही है। इस बार सभी शोरूम मिलाकर लगभग 1500 मोटरसाइकिल व एलेक्ट्रिक स्कूटर की बिकी हुई है। अनुमानित कारोबार लगभग 15 करोड़ रुपये का हुआ है।

# भागलपुर में 4 सौ से अधिक दंडाधिकारी होंगे तैनात

**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में दीपावली और काली पूजा को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट है। इसको लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिला प्रशासन ने एक रणनीति बनाई है। गुरुवार की सुबह से सुरक्षा व्यवस्था जिले भर में कड़ी कर दी जाएगी। अगले 4 नवंबर तक यह व्यवस्था जारी रहेगी। इस दौरान जगह-जगह दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल तैनात हो जाएंगे। इस संबंध में जिला प्रशासन ने एक संयुक्त आदेश जारी कर कहा है कि सदर अनुमंडल क्षेत्र में 357 और कहलगांव अनुमंडल में 103 जगह पर दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी व पुलिस जवान की तैनाती रहेगी। चंपानाला पुल, नाथनगर टमटम पड़ाव, परबत्ती चौक, तातारपुर चौक, स्टेशन चौक, खलीफाबाग चौक, कोतवाली चौक, नयाबाजार चौक, शंकर टॉकिज मोड़, आदमपुर चौक, छोटी खंजरपुर हनुमान मंदिर, बड़ी खंजरपुर बड़गाछ, मुसहरी घाट, मोजाहिदपुर थाना के पास, बरारी पुल घाट आदि जगहों पर CCTV से निगरानी की जाएगी।

## 4 दिनों से लापता शिक्षिका ने प्रेमी संग रचाई शादी

**निज संवाददाता।।** भागलपुर के बबरगंज थाना क्षेत्र से चार दिनों से लापता शिक्षिका अपने प्रेमी के साथ शादी रचा ली। जिसके बाद दोनों दंपती मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे। दोनों ने अपनी मर्जी से कोर्ट और मंदिर में शादी रचाने की बात कही। दोनों पति-पत्नी ने एसएसपी से मिलकर युवती के परिजनों और पुलिस द्वारा युवक के परिवार को बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया। इसकी सूचना के बाद एसएसपी आनद कुमार ने घटना की जानकारी बबरगंज पुलिस को दी। **दंपती ने बताया पूरा मामलाः** भागलपुर कोर्ट पहुंचे दंपती मयंक कुमार और सृष्टि ने बताया कि वो दोनों एक ही इलाके में रहते हैं। पिछले 6 साल से एक दूसरे को जानते हैं। मयंक खुद का बिजनेस करता है। वहीं, सृष्टि निजी स्कूल की शिक्षिका हैं।दोनों एक दूसरे से शादी करना चाहते थे लेकिन लड़की के परिवार वाले तैयार नहीं थे। जिसके बाद दोनों ने कोर्ट में शादी करने का फैसला लिया। 25 अक्टूबर की सुबह दोनों मुंगेर जिला के तारापुर स्थित रणगांव मंदिर में शादी कर ली। इसके बाद वे लोग भागलपुर कोर्ट पहुंचे। वहां भी उन लोगों ने रजिस्टर्ड मैरेज करने का दावा किया है। बता दें कि 25 अक्टूबर को युवती का अपहरण का मामला सामने आया था। जिसके बाद पुलिस ने मयंक के जीजा को असरगंज स्थित उनकी दुकान से हिरासत में ले लिया था। इसके अलावा मोहद्दीनगर में ही रहने वाले मयंक के एक और बहनोई को परेशान करने का आरोप लगाया गया। इस मामले को लेकर बबरगंज पुलिस ने बताया कि बुधवार को अपहृता का मेडिकल टेस्ट कराया जायेगा। इसके बाद कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत कर 164 का बयान दर्ज कराया जायेगा।

## भागलपुर में बाढ़ पीड़ितों को अभी तक नहीं मिला मुआवजा

**निज संवाददाता।** भागलपुर के शाहकुण्ड प्रखंड के बाढ़ प्रभावित लोगों को अब तक मुआवजा नहीं मिलने पर डोमनीया पंचायत, खुलनी पंचायत के लोगों ने सीओ के खिलाफ मंगलवार को शाहकुण्ड प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करते हुए अमरन अनशन जारी रखने का चेतावनी दी। मामले की जानकारी के बाद जन संसद के संगरक्षक अजीत कुमार अपने कार्यकर्ताओं के साथ शाहकुण्ड प्रखंड पहुंचकर बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात करते हुए बाढ़ प्रभावित लोगों को अमरन अनशन का सर्मथन दिया। मौके पर शाहकुण्ड प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन ने बाढ़ प्रभावित लोगों और जन संसद के संगरक्षक अजीत कुमार और पैय डोमनीया पूर्व मुखिया प्रदीप कुमार मंडल से बातचीत करते हुए कहा कि आप लोगों की समस्या का निदान जल्द किया जाएगा। इसके लिए SDPO से बातचीत किया गया है, जो आपलोग अपनी समस्या को लिखकर दें। ताकि आप लोगों की समस्या SDO तक भेज सके। वहीं, जन संसद के संगरक्ष अजीत कुमार ने मीडिया को बताया कि शाहकुण्ड सीओ द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों का नाम सूची में नहीं देने पर इन लोगों को मुआवजा नहीं मिला है। ऐसे सीओ को तत्काल पद से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि शाहकुण्ड BDO राजीव रंजन के कहने पर और दिपावली और छठ पर्व को देखते हुए तत्काल अमरन अनशन स्थगित कर दिया गया है। अगर बाढ़ प्रभावित लोगों को छठ पूजा तक मुआवजा नहीं मिलता है, तो अमरन अनशन जारी रहेगी।

## भागलपुर में 14 नवंबर को होगा इनडोर स्टेडियम का उद्घाटन, विश्वविद्यालय कार्यक्रम में शामिल होंगे गवर्नर

**निज संवाददाता। भागलपुर।** तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को भारत सरकार के खेलो इंडिया प्रोजेक्ट के तहत नव निर्मित इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन 14 नवंबर को बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर करेंगे। वहीं, 15 नवम्बर को SM कॉलेज के प्रशाल में एकेडमिक सीनेट का आयोजन होगा। एकेडमिक सीनेट की अध्यक्षता कुलाधिपति करेंगे। TMBU में पहली बार एकेडमिक सीनेट का आयोजन होगा। लगातार 2 दिनों तक चांसलर के विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में शरीक होने के कारण TMBU प्रशासन हाई अलर्ट मोड में आ गया है। कार्यक्रम के आयोजन तक सभी कमेटी में शामिल सदस्यों और विश्वविद्यालय अधिकारियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। कुलपति के पूर्वानुमानित के बिना कोई भी अधिकारी या कमेटी के सदस्य मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। चांसलर के कार्यक्रम को देखते हुए कुलपति खुद प्रतिदिन सभी कमेटियों के कार्यों की बारीकी से समीक्षा कर रहे हैं।


## कार्यालय ; जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, पलामू

### आम–सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के आलोक में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 13.11.2024 को निर्धारित है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 6148 दिनांक 24.10.2024 एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड राँची की अधिसूचना संख्या 6979 दिनांक 21.10.2024 के आलोक में विधानसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर दिनांक 13.11.2024 को पलामू जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निगोशिएबुल इनस्ट्रूमेन्टस एक्ट 1881 की धारा 25 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। पलामू जिलान्तर्गत अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठान दिनांक 13.11.2024 को बन्द रहेंगे।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी,**
**–सह– उपायुक्त, पलामू।**

PR 339734 (Palamu) 24-25 (D)

## समाहरणालय, गढ़वा (पोस्टल बैलेट कोषांग)

### आदेश

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 28A में निहित प्रावधानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग के पत्रांक–52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक–31.10.2023 से प्राप्त के आलोक में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्त मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडियोग्राफर, वेब फास्टिंग कर्मी, सभी प्रकार के पुलिस पदाधिकारी, आवश्यक सेवा में लगे अनुपस्थित मतदाता, वाहन चालक आदि के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नानुसार सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) तथा डाक मतदान केन्द्र (PVC) का अधिष्ठापन किया जाता है :–

| क्र0सं0 | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) हेतु चिन्हित स्थल | मतदान की तिथि एवं समय | कर्मियों की कोटि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 80–गढ़वा वि0स0 क्षेत्र | गोविन्द+2 उच्च विद्यालय, गढ़वा कमरा सं0–17 एवं 18 (भू–तल) | 03.11.2024 से 11.11.2024 तक 10:00 AM To 05:00 PM | मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडियोग्राफर, वेब कास्टिंग कर्मी |
| 2 | 81–भवनाथपुर वि0स0 क्षेत्र | गोविन्द+2 उच्च विद्यालय, गढ़वा कमरा सं0–12 एवं 19 (भू–तल) | 03.11.2024 से 11.11.2024 तक 10:00 AM To 05:00 PM | |
| 3 | 75–पांकी, 76–डालटनगंज, 77–विश्रामपुर, 78–छतरपुर एवं 79–हुसैनाबाद वि0स0 क्षेत्र | गोविन्द+2 उच्च विद्यालय, गढ़वा कमरा सं0–39 (भूतल) | 03.11.2024 से 11.11.2024 तक 10:00 AM To 05:00 PM | |
| 4 | अन्य सभी निर्वाचन क्षेत्र | गोविन्द+2 उच्च विद्यालय, गढ़वा कमरा सं0–26 (प्रथम तल) | 03.11.2024 से 11.11.2024 तक 10:00 AM To 05:00 PM | |
| 5 | 80–गढ़वा वि0स0 क्षेत्र | पुलिस केन्द्र गढ़वा स्थित बैडमिंटन कोर्ट | 03.11.2024 से 11.11.2024 तक 10:00 AM To 05:00 PM | सभी प्रकार के पुलिस पदाधिकारी |
| 6 | 81–भवनाथपुर वि0स0 क्षेत्र | पुलिस केन्द्र गढ़वा स्थित बैडमिंटन कोर्ट | 03.11.2024 से 11.11.2024 तक 10:00 AM To 05:00 PM | |
| 7 | अन्य सभी निर्वाचन क्षेत्र | पुलिस केन्द्र गढ़वा स्थित बैडमिंटन कोर्ट | 03.11.2024 से 11.11.2024 तक 10:00 AM To 05:00 PM | |
| 8 | सभी निर्वाचन क्षेत्र | भूतल पर कमरा संख्या–117, नया समाहरणालय भवन, गढ़वा | 03.11.2024 से 11.11.2024 तक 10:00 AM To 05:00 PM | सभी कर्मियों के लिए |
| 9 | सभी निर्वाचन क्षेत्र | पुराना समाहरणालय भवन, गढ़वा स्थित Child Help Line कार्यालय | 03.11.2024 से 11.11.2024 तक 10:00 AM To 05:00 PM | सभी कर्मियों के लिए |
| 10 | 80–गढ़वा वि0स0 क्षेत्र | डिस्पैच सेंटर नामधारी कॉलेज, गढ़वा कमरा संख्या–5 (प्रथम तल) | 12.11.2024 को 10:00 AM To 05:00 PM | सभी कर्मियों के लिए |
| 11 | 81–भवनाथपुर वि0स0 क्षेत्र एवं अन्य सभी निर्वाचन क्षेत्र | डिस्पैच सेंटर नामधारी कॉलेज, गढ़वा कमरा संख्या–6 (प्रथम तल) | 12.11.2024 को 10:00 AM To 05:00 PM | सभी कर्मियों के लिए |

| क्र0सं0 | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | डाक मतदान केन्द्र (PVC) हेतु चिन्हित स्थल | मतदान की तिथि एवं समय | कर्मियों की कोटि |
|---|---|---|---|---|
| 12 | सभी निर्वाचन क्षेत्र | भूतल पर कमरा संख्या–112, नया समाहरणालय भवन, गढ़वा | 08.11.2024 से 10.11.2024 तक 10:00 AM To 05:00 PM | सभी प्रकार के आवश्यक सेवा में संलग्न कर्मियों के लिए |

नोडल पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट कोषांग, गढ़वा उक्त केन्द्र के लिए कार्मिक कोषांग, गढ़वा से इसके लिए नामित मतदान कर्मी को सूचित करते हुए निर्धारित तिथि व समय पर नियमानुसार मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

नोडल पदाधिकारी, वाहन कोषांग, गढ़वा सुविधा केन्द्र/PVC पर मतपत्र का परिवहन हेतु वाहन की व्यवस्था करते हुए वाहन नोडल पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट कोषांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा पोस्टल बैलेट की सुरक्षा हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रत्येक यात्रा के लिए ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**नोडल पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट/EDC कोषांग, गढ़वा।**
**वरीय पदाधिकारी, पोस्टल बैलेट/EDC कोषांग, गढ़वा।**
**जिला निर्वाचन पदधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा।**

PR 339721 (Election) 24-25 (D)

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद

बिहार सरकार

**निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/2024–25**

**केवल ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in) पर**

**संवेदकों से प्रतिशत दर पर निविदा**

पत्रांकः–2094

**"हर खेत तक सिंचाई का पानी"**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम– | कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद। |
| 2 | विज्ञापन निर्गत करने की तिथि– | दिनांक–29.10.2024 |
| 3 | परिमाण विपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय– | दिनांक–18.11.2024 से 25.11.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक। सिर्फ वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in ) पर |
| 4 | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय– | दिनांक– 26.11.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक। सिर्फ वेबसाईट (www.eproc2.bihar.gov.in ) पर |
| 5 | प्री–बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि– | दिनांक–22.11.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन् 03:00 बजे तक मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना, का कार्यालय जल भवन का सभागार, राईडिंग रोड, शेखपुरा, पटना। (जिसमें भाग लेना अनिवार्य है।) |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान– | दिनांक–28.11.2024 को 10:00 बजे पूर्वाह्न को संबंधित प्रमंडलीय कार्यालय में। |
| 7 | तकनीकी निविदाओं का मूल्यांकन– | दिनांक–04.12.2024 से लगातार। |
| 8 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं स्थान– | सक्षम प्राधिकारी बाद में घोषणा किया जायेगा। |
| 9 | निविदा की बैद्यता की अवधि– | 120 दिन |
| 10 | कार्य की विवरणी :– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जिला का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | बेल्ट्रॉन को देय बीड प्रोसेसिग मूल्य, सेवा शूल्क सहित (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ग्राम चौरिया के घोरदाहा नदी पर चेकडैम का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | देव | 189.284 | 3.785 | 10000 | 3540 | 09 (नौ) माह |
| 2 | पथरा उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 61.992 | 1.240 | 10000 | 590 | 06 (छः) माह |
| 3 | डिहरी उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 61.804 | 1.236 | 10000 | 590 | 06 (छः) माह |
| 4 | बरहेता उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 37.305 | 0.750 | 5000 | 590 | 06 (छः) माह |
| 5 | हिरा सराय उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 37.362 | 0.750 | 5000 | 590 | 06 (छः) माह |
| 6 | सैदपुर नौघरा उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 37.305 | 0.750 | 5000 | 590 | 06 (छः) माह |
| 7 | बदरपुर उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 37.057 | 0.745 | 5000 | 590 | 06 (छः) माह |
| 8 | रामपुर खैरा उद्वह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य | औरंगाबाद | कुटुम्बा | 37.682 | 0.755 | 5000 | 590 | 06 (छः) माह |

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 011582 (MWRD) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

**कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद**

आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन, 2024

## समाहरणालय, गढ़वा
### (जिला निर्वाचन शाखा)

(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

निर्वाचन अति महत्वपूर्ण

### आदेश

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में गढ़वा जिला में मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (बुधवार) को तथा मतगणना की तिथि दिनांक 23.11.2024 (शनिवार) निर्धारित है।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के पत्रांक 191/चु0को0, दिनांक 22.10.2024 के द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के दृष्टिगत गढ़वा जिला में प्रतिनियुक्त होने वाले CAPF बलों (CAPF TAC HQ एवं CAPF Coy.) के आवासन हेतु गढ़वा जिला अंतर्गत अवस्थित चिन्हित भवनों/स्थलों का अधिग्रहण हेतु सूची उपलब्ध करायी गई है। विवरण निम्नवत् है:–

| Sl. | AC No. & Name | Police Station | Accomodation | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 76-Daltonganj | Bhandaria | Forest Guest House, Bhandaria | CAPF TAC HQ |
| 2 | 77-Bishrampur | Manjhiaon | Manjhiaon CHC में चिन्हित कमरे | CAPF TAC HQ |
| 3 | 80-Garhwa | Chiniya | Chiniya Hospital में चिन्हित कमरे | CAPF TAC HQ |
| 4 | 80-Garhwa | Ranka | Forest Guest House, Ranka | CAPF TAC HQ |
| 5 | 80-Garhwa | Ranka | New Hospital, Ranka में चिन्हित कमरे | CAPF TAC HQ |
| 6 | 81-Bhawanathpur | Bhawanathpur | Forest Guest House, Bhawanathpur | CAPF TAC HQ |
| 7 | 81-Bhawanathpur | Nagar Untari | Guest House, Nagar Untari | CAPF TAC HQ |
| 8 | 76-Daltonganj | Bhandaria | ITI, Nouka | 2 Coy |
| 9 | 77-Bishrampur | Manjhiaon | Mukhdev +2 High School, Manjhiaon | 1 Coy |
| 10 | 77-Bishrampur | Manjhiaon | Shivesheswar Chandrawanshi Degree Collage | 1 Coy |
| 11 | 77-Bishrampur | Manjhiaon | Shivesheswar Chandrawanshi Inter Collage | 1 Coy |
| 12 | 80-Garhwa | Chiniya | Chiniya Block Residence | 1 Coy |
| 13 | 80-Garhwa | Chiniya | UHS Chiniya | 1 Coy |
| 14 | 80-Garhwa | Garhwa | B.Ed College Sukhbana | 2 Coy |
| 15 | 80-Garhwa | Garhwa | Bazar Samiti में चिन्हित कमरे/भवन | 1 Coy |
| 16 | 80-Garhwa | Garhwa | DAV School, Farathiya | 2 Coy |
| 17 | 80-Garhwa | Garhwa | Gopinath B.Ed College, Garhwa | 1 Coy |
| 18 | 77-Bishrampur | Kandi | Kishunraj Public School, Baliyari | 1 Coy |
| 19 | 80-Garhwa | Garhwa | Surat Pandey Degree College | 2 Coy |
| 20 | 80-Garhwa | Garhwa | Model Degree College, Sukhbana | 1 Coy |
| 21 | 80-Garhwa | Meral | Samudayik Takniki Mahavidyalay, Nenua More | 1 Coy |
| 22 | 80-Garhwa | Ramkanda | ITI College, Sabane | 1 Coy |
| 23 | 80-Garhwa | Ramkanda | UHS Murli | 1 Coy |
| 24 | 80-Garhwa | Ramkanda | UM +2 High School, Udaypur & Up Swasth kendra, Udaypur में चिन्हित कमरे | 1 Coy |
| 25 | 80-Garhwa | Ranka | +2 High School, Ranka | 1 Coy |
| 26 | 80-Garhwa | Ranka | Middle School, Bandu Chutaru | 1 Coy |
| 27 | 80-Garhwa | Ranka | UMS Donadag | 1 Coy |
| 28 | 81-Bhawanathpur | Bhawanathpur | BSM Collage, Bhawanathpur | 2 Coy |
| 29 | 81-Bhawanathpur | Bhawanathpur | Saraswati Shishu Vidya mandir, Township | 1 Coy |
| 30 | 81-Bhawanathpur | Bishunpura | Bishunpura Block में चिन्हित कमरे/भवन | 1 Coy |
| 31 | 81-Bhawanathpur | Bishunpura | Bishunpura High School | 1 Coy |
| 32 | 81-Bhawanathpur | Dandai | +2 High School, Lawahi | 2 Coy |
| 33 | 81-Bhawanathpur | Dandai | Sonehara High School | 1 Coy |
| 34 | 81-Bhawanathpur | Dhurki | Bhaiya Rudra Pratap Dev High School, Sagma | 1 Coy |
| 35 | 81-Bhawanathpur | Dhurki | Rajkiya UMA Ambakhoreya | 1 Coy |
| 36 | 81-Bhawanathpur | Dhurki | UMS Khala | 1 Coy |
| 37 | 81-Bhawanathpur | Ketar | Kasturba Vidyalay Ketar | 1 Coy |
| 38 | 81-Bhawanathpur | Kharaundhi | +2 High School, Raji | 2 Coy |
| 39 | 81-Bhawanathpur | Nagar Untari | Govt. High School, Kadhwan | 1 Coy |
| 40 | 81-Bhawanathpur | Nagar Untari | RK Public Shool, Adhaura, Nagar Untari | 1 Coy |
| 41 | 81-Bhawanathpur | Ramna | +2 High School, Ramna | 1 Coy |
| 42 | 81-Bhawanathpur | Ramna | DAV Siriyatongar, Raman | 2 Coy |

उक्त के प्ररिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त सारणी में अंकित भवनों को (कमरों/भवनों में उपलब्ध सभी उपस्करों सहित) दिनांक 31.10.2024 से दिनांक 25.11.2024 तक की अवधि के लिए निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूँ।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी,**
**–सह– उपायुक्त, गढ़वा**

PR 339753 Election(24-25)D

आसन्न विधानसभा आम निर्वाचन, 2024

## समाहरणालय, गढ़वा
### (जिला निर्वाचन शाखा)

(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

### आदेश

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/149/2024 दिनांक 15.10.2024 के अलोक में गढ़वा जिला में मतदान की तिथि दिनांक 13.11.2024 (बुधवार) को तथा मतगणना की तिथि दिनांक 23.11.2024 (शनिवार) निर्धारित है।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के पत्रांक 246/चु0को0, दिनांक 26.10.2024 के द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के दृष्टिगत गढ़वा जिला में प्रतिनियुक्त होने वाले ECHO/DAP/Home Goard एवं अतिरिक्त बलों के आवासन हेतु गढ़वा जिला अंतर्गत अवस्थित चिन्हित भवनों/स्थलों का अधिग्रहण एवं उक्त भवनों पर मूलभूत सुविधा यथा पेयजल, शौचालय एवं स्नानागार बनाने/मरम्मति हेतु सूची उपलब्ध करायी गई है। विवरण निम्नवत् है:–

| Sl. No. | AC No. & Name | Police Station/OP Name | Name & Location of building earmarked for accomandation | Toilets: Requirement for construction of toilet with over headed tank & tap connection (In nos.) | Toilets: Requirement for repairing of toilet (In nos.) | Bathrooms: Requirement for construction of bathroom with over headed tank & tap connection (In nos.) | Water source: Requirement of borewell with submersible pump & temporary jalminar (In nos.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 76 Daltonganj | Bargarh | Middle School Bargarh | 2 | 0 | 5 | 0 |
| 2 | 76 Daltonganj | Bhandariya | Eklavya Modal Residencial School Bhandariya | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | 77 Bishrampur | Bardiha | Middle School Aadar | 6 | 2 | 6 | 1 |
| 4 | 77 Bishrampur | Bardiha | Middle School Bardiha | 6 | 2 | 6 | 1 |
| 5 | 77 Bishrampur | Kandi | R K +2 High School Kandi | 4 | 0 | 10 | 1 |
| 6 | 77 Bishrampur | Majhiaon | Upgraded Middle School Bakari Bazar Majhiaon | 0 | 0 | 5 | 1 |
| 7 | 80 Garhwa | Chiniya | Panchayat Bhawan, Chiniya | 3 | 0 | 6 | 1 |
| 8 | 80 Garhwa | Danda | Middle School Danda | 4 | 0 | 6 | 1 |
| 9 | 80 Garhwa | Danda | Govt. Middle School Bhikhahi | 6 | 0 | 6 | 1 |
| 10 | 80 Garhwa | Garhwa Town | Kalyanpur High School, Garhwa | 4 | 0 | 10 | 1 |
| 11 | 80 Garhwa | Garhwa Town | Town Hall Garhwa | 4 | 0 | 10 | 1 |
| 12 | 80 Garhwa | Meral | Govt. +2 School Meral | 8 | 8 | 15 | 1 |
| 13 | 80 Garhwa | Meral | Govt. Middle School Gonda | 3 | 4 | 10 | 1 |
| 14 | 80 Garhwa | Meral | Middle School Meral Block Colony | 4 | 0 | 8 | 1 |
| 15 | 80 Garhwa | Ramkanda | +2 High School Bairiya | 0 | 6 | 10 | 0 |
| 16 | 80 Garhwa | Ramkanda | +2 High School Udaypur Ramkanda | 6 | 4 | 10 | 1 |
| 17 | 80 Garhwa | Ramkanda | RMS Kasmar | 8 | 0 | 10 | 0 |
| 18 | 80 Garhwa | Ranka | Panchayat sachiwalaya, Bishrampur | 4 | 0 | 5 | 1 |
| 19 | 81 Bhawnathpur | Bhawnathpur | Rajkiyakrit +2 idyalay Jhagra Khar | 0 | 5 | 3 | 1 |
| 20 | 81 Bhawnathpur | Bishunpura | Pipri +2 High School | 4 | 0 | 4 | 0 |
| 21 | 81 Bhawnathpur | Hariharpur OP | Middle School Hariharpur | 6 | 4 | 10 | 1 |
| 22 | 81 Bhawnathpur | Kharoundhi | High School Torelaba | 5 | 0 | 6 | 1 |
| 23 | 81 Bhawnathpur | Nagar untari | Amba Lal Patel Girl High School Nagar Untari | 9 | 0 | 10 | 1 |
| 24 | 81 Bhawnathpur | Nagar untari | Govt. High School Chitvishram | 8 | 0 | 10 | 1 |
| 25 | 81 Bhawnathpur | Nagar untari | Govt. +2 High School Nagar Untari | 10 | 0 | 10 | 1 |
| 26 | 81 Bhawnathpur | Nagar untari | M.K. Intertnational School Nagar Untari | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 27 | 81 Bhawnathpur | Ramna | Middle School Ramna | 5 | 4 | 10 | 1 |
| 28 | 81 Bhawnathpur | Ramna | Middle School Silidag-1 | 6 | 4 | 10 | 1 |
| | | | **Total :-** | **125** | **43** | **211** | **23** |

उक्त के प्ररिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त सारणी में अंकित भवनों को (कमरों/भवनों में उपलब्ध सभी उपस्करों सहित) दिनांक 31.10.2024 से दिनांक 25.11.2024 तक की अवधि के लिए निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूँ।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी,**
**–सह– उपायुक्त, गढ़वा**

PR 339752 Election (24-25)_D



# जलाएं सिर्फ 3 तरह के दीपक

दीपावली पर अकसर चारों ओर दीपक जलाए जाते हैं। घर के हर कोने में दीपक जलाए जाते हैं। दिपावली के दिन लक्ष्मी की पूजा करने के लिए भी एक दीपक जलाया जाता है। वह दीपक पीतल या स्टील का होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दिवाली के 5 दिनी उत्सव में कुछ खास प्रकार के दिए भी जलाए जाते हैं?

**पहला दीपक** : धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त जिस घर में दीपदान किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु नहीं होती है। धनतेरस पर भी सभी जगह दीपक जलाए जाते हैं लेकिन बहुत कम लोग हैं तो यम का दीपक लगाते हैं। धनतेरस की शाम को मुख्य द्वार पर 13 और घर के अंदर भी 13 दीप जलाने होते हैं। लेकिन यम के नाम का दीपक परिवार के सभी सदस्यों के घर आने और खाने-पीने के बाद सोते समय जलाया जाता है। इस दीप को जलाने के लिए पुराने दीपक का उपयोग किया जाता है जिसमें सरसों का तेल डाला जाता है। यह दीपक घर से बाहर दक्षिण की ओर मुख कर नाली या कूड़े के ढेर के पास रख दिया जाता है। इसके बाद जल चढ़ा कर दीपदान करते समय यह मंत्र बोला जाता है-

मृत्युना पाशहस्तेन कालेन भार्यया सह।
त्रयोदश्यां दीपदानात्सूर्यजः प्रीतयामिति।।

**दूसरा दीपक** : कई घरों में इस दिन रात को घर का सबसे बुजुर्ग सदस्य एक दीया जला कर पूरे घर में घुमाता है और फिर उसे लेकर घर से बाहर कहीं दूर रख कर आता है। घर के अन्य सदस्य अंदर रहते हैं और इस दीये को नहीं देखते हैं। यह दीया यम का दीया कहलाता है। माना जाता है कि पूरे घर में इसे घूमा कर बाहर ले जाने से सभी बुराइयां और कथित बुरी शक्तियां घर से बाहर चली जाती हैं।

**तीसरा दिया** : दीपावली की रात को घर में और घर के आसपास खास जगहों पर दीपक जलाकर रखे जाते हैं। कहते हैं कि दीपावली की रात को देवालय में गाय के दूध का शुद्ध घी का दीपक जलाना चाहिए। इससे तुरंत ही कर्ज से छुटकारा मिलता है और आर्थिक तंगी दूर हो जाती है। दीपावली की रात को दूसरा दिया लक्ष्मी पूजा के दौरान जलाएं। तीसरा दिया तुलसी के पास, चौथा दिया दरवाजे के बाहर, पांचवां दिया पीपल के पेड़ के नीचे, छठा दिया पास के किसी मंदिर में, सातवां कचरा रखने वाले स्थान पर, आठवां बाथरूम में, नौवां मुंडेर पर, दसवां दिवारों पर, ग्यारहां खिड़की, बारहवां छत पर और तेरहवां किसी चौराहे पर। दीपावली पर कुल देवी या देवता, यम और पितरों के लिए भी दीपक जलाए जाते हैं।



# घर परिवार वालों के साथ मनाएं दिवाली

**दीपावली अथवा दिवाली भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है। त्योहारों का जो वातावरण धनतेरस से प्रारम्भ होता है, वह आज के दिन पूरे चरम पर आता है। दीपावली की रात्रि को घरों तथा दुकानों पर भारी संख्या में दीपक, मोमबत्तियां और बल्ब जलाए जाते हैं। दीपावली भारत के त्योहारों में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। इस दिन लक्ष्मी के पूजन का विशेष विधान है। रात्रि के समय प्रत्येक घर में धनधान्य की अधिष्ठात्री देवी महालक्ष्मीजी, विघ्न-विनाशक गणेश जी और विद्या एवं कला की देवी मातेश्वरी सरस्वती देवी की पूजा-आराधना की जाती है।**

दिवाली का पर्व 31 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। इस दिन एक शुभ मुहूर्त में मात्र 2 काम कर लें। माता लक्ष्मी प्रसन्न होकर धन और खुशियों का वरदान देंगी।

## घर की साफ सफाई करें

दिवाली के दिन सुबह जल्दी उठें और दिवाली मानाने के लिए अपने घर को अच्छे से साफ करें, घर की गन्दगी को हटाएं। घर का हर कोना साफ कर दें।

## खरीदारी करें

वैसे जो दिवाली की खरीदारी धनतेरस या गुरु पुष्य नक्षत्र में ही कर ली जाती है। फिर भी यदि पूजा, सजावट की सामग्री या अन्य कोई सामग्री बच गई हो तो उसके लिए खरीदारी करना होती हैं।

## घर की सजावट करें

साफ-सफाई के बाद घर की सजावट करें। माता लक्ष्मी के पूजा स्थल को सजाएं। हार-फूल आदि से द्वार, चौखट और खिड़की को सजाएं।

## रंगोली बनाएं

दिवाली पर द्वार के बाहर अच्छीसी रंगोली या मांडना बनाएं। लक्ष्मी पूजा स्थल पर भी रंगोली या मांडना बनाएं। इसके लिए प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। घर की सभी महत्वपूर्ण जगहों पर रंगोली बनाएं।

## दीए लगाएं

शाम को दीए जलाने की तैयारी कर लें और फिर शाम को कितने और कहां दीपक जलाने हैं इसकी जानकारी जुटा लें। बहुत से लोग दिये का और बहुत से लोग मोमबत्ती का उपयोग करते हैं परंतु दिवाली में अगर अपने घर को रोशन करना है तो दिये का इस्तेमाल करना ही सही तरीका है।

## मिठाई-पकवान बनाएं

इस दिन, दिन में दिवाली के पकवान और मिठाई बनाई जाती है। नाश्ता करने के बाद यह कार्य करें और शाम को लक्ष्मी भोग की तैयारी करें। पकवान उतने ही बनाएं जितने की जरूरत हो। आजकर बाजार में ही दिवाली के बने बनाए पकवान मिलने लगे हैं।

## माता लक्ष्मी की पूजा आरती करें

शाम को नए वस्त्र पहनकर शुभ मुहूर्त में माता लक्ष्मी की पूजा और आरती करें। माता लक्ष्मी को सभी तरह के भोग लगाएं और फिर सभी घर के सदस्य प्रसाद ग्रहण करें। यदि आप पूजा में जितनी देर करेंगे उतना कम लुफ्त उठा पाएंगे लोगों से मिलने और पटाखे छोड़ने में, तो बेहतर होगा कि आप शाम को जो सबसे पहला मुहूर्त हो उसी में लक्ष्मीजी की पूजा अच्छे से कर लें।

## पटाखे छोड़े

माता लक्ष्मी की पूजा के बाद बाहर सुरक्षित स्थान पर पटाखें चलाएं। पटाखे छोड़ते वक्त मास्क जरूर लगाएं। पटाखों से आंखों को बचाकर रखें और सबसे पहले तो याद रखें कि बच्चे अपने परिवार के बीच ही पटाखे चलाएं। एक बार में एक ही पटाखा जलाएं, नए-नए प्रयोग ना करें और साथ में सुरक्षा हेतु पानी की केन भरकर रखें। जब आप अपने पटाखे चला लें तो जिम्मेदार नागरिक बनिए, सारा कचरा साफ करें। अपने हाथ और पैर अच्छे से धोएं। पटाखों का कचरा जहरीला होता है। इसे ग्लोब्स पहन कर ही उठाएं। पाटाखों के संबंध में सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का ध्यान रखें।

## एक-दूसरे से मिलें

लक्ष्मी पूजा के बाद पटाखे छोड़े जाते हैं और फिर सभी लोग एक दूसरे से मिलकर दिवाली की बधाई देते हैं और आपस में मिठाइयों का आदान-दान करते हैं। मंदिर या महालक्ष्मी मंदिर में दीए रखने भी जाते हैं।

## सोने के पूर्व करें ये कार्य

दीपावली के दिन रात में सोने के पूर्व बच गए पटाखों को सुरक्षित स्थान पर रखें। माता लक्ष्मी के समक्ष एक ऐसा दीपक जलाकर रखें जो रातभर जलता रहे। घर का यदि कचरा हो गया हो तो उसे घर के किसी एक कोने में एकत्रित कर दें। घर के बाहर कचरा नहीं करें।

# दीप जलाते समय कौन सा मंत्र बोलना चाहिए?

धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज और देव दीपावली पर दीये जलाने की परंपरा है। दीपक जलाते समय मंत्र का उच्चारण करने का महत्व है। दीप से दीप नहीं जलाते हैं और जानिए कि दीये जलाने का क्या है समय समय और कौनसी है दिशा।



दीप जलाते समय इस मंत्र को बोलना चाहिए

*शुभं करोति कल्याणम् आरोग्यम् धनसंपदा।*
*शत्रुबुद्धिविनाशाय दीपकाय नमोऽस्तु ते।।*
*दीपो ज्योति परं ब्रह्म दीपो ज्योतिर्जनार्दनः।*
*दीपो हरतु मे पापं संध्यादीप नमोऽस्तु ते।।*

***दीपक से दीपक क्यों नहीं जलाना चाहिए***

दीये से दीया जलाना अशुभ माना जाता है। मान्यता के अनुसार ऐसा करने से घर में दरिद्रता आती है।

### दीपक के नीचे चावल क्यों रखते हैं

पूजा के स्थान पर रखे जा रहे दीपक को सीधे भूमि पर नहीं रखते हैं। इसके नीचे काले तिल, चावल या उड़द रखें। चावल रखने से माता लक्ष्मी यदि दीपक जलाते समय उसके नीचे चावल रखें तो महालक्ष्मी की कृपा प्राप्त होगी। इसी प्रकार यदि उसके नीचे काले तिल या उड़द रखें तो स्वयं मां, काली, भैरव, शनि, दस दिक्पाल, क्षेत्रपाल हमारी रक्षा करेंगे। इसलिए दीपक के नीचे किसी न किसी अनाज को रखना चाहिए।

### दीपक जलाने का सही समय और सही दिशा

दीपक किसी भी दिशा में रखें लेकिन ज्योति उसकी उत्तर या पूर्व दिशा में ही होना चाहिए। इसके अलावा कहते हैं कि पश्चिम दिशा में दीये रखने से धन की हानि होती है। हालांकि दक्षिण में यम और पितरों के निमित्त दीया रखते हैं। दीपक जलाना का सबसे उत्तम समय शाम 5 से 7 बजे के बीच का सही माना जाता है।



# अमावस्या के दूसरे दिन मनाया जाएगा गोवर्धन पर्व

दीपावली के पांच दिनी उत्सव में पहले दिन धनतेरस, दूसरे दिन नरक चतुर्दशी जिसे रूप चौदस भी कहते हैं, तीसरे दिन दीपावली, चौथे दिन गोवर्धन पूजा और पांचवें दिन भाईदूज का त्योहार मनाया जाता है। जानते हैं कि कब है गोवर्धन पूजा, क्या है पूजा के मुहूर्त और कैसे करें पूजा। इसे अन्नकूट महोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक माह में अमावस्या के दूसरे दिन प्रतिपदा के दिन गोवर्धन पूजा का पर्व रहता है।

## गोवर्धन पूजा विधि :

- इस दिन गोवर्धन पर्वत, गाय, बैल, भैंस, भगवान विश्वकर्मा और श्रीकृष्ण की पूजा की जाती है। यह पूजा सुबह और शाम को की जाती है।
- घर के सामने गोबर से गोवधर्न पर्वत की आकृति बनाकर उसे फूलों से सजाया जाता है। गोवर्धन के मध्य में एक मिट्टी के दीपक में दूध, दही, गंगाजल, शहद, बताशे आदि पूजा करते समय डाल दिए जाते हैं और बाद में प्रसाद के रूप में वितरित कर दिए जाते हैं।
- पूजन के दौरान गोवर्धन पर धूप, दीप, नैवेद्य, जल, फल आदि चढ़ाए जाते हैं।
- इसी दिन गाय, बैल, भैंस आदि कृषि कार्य में काम आने वाले पशुओं को सजाकर उनकी पूजा की जाती है। इस मौके पर सभी कारखानों और उद्योगों में मशीनों की पूजा भी होती है।
- पूजा के बाद गोवर्धन के जयकारे के साथ गोवर्धन की 7 परिक्रमाएं लगाते हैं। परिक्रमा के वक्त हाथ में लोटे से जल गिराते हुए और जौ बोते हुए परिक्रमा पूरी की जाती है। इस दिन गोबर से गोवर्धन की आकृति बनाकर उसके समीप विराजमान कृष्ण के सम्मुख गाय तथा ग्वाल-बालों की रोली, चावल, फूल, जल, मौली, दही तथा तेल का दीपक जलाकर पूजा और परिक्रमा की जाती है।
- इसे अन्नकूट महोत्सव इसलिए कहते हैं क्योंकि इस दिन श्रीकृष्णजी को छप्पन भोग लगाए जाते हैं।
- ग्रामीण क्षेत्र में अन्नकूट महोत्सव इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन नए अनाज की शुरुआत भगवान को भोग लगाकर की जाती है। इस दिन गाय-बैल आदि पशुओं को स्नान कराके धूप-चंदन तथा फूल माला पहनाकर उनका पूजन किया जाता है और गौमाता को मिठाई खिलाकर उसकी आरती उतारते हैं तथा प्रदक्षिणा भी करते हैं।

# दीपावली पर क्यों चढ़ाते हैं मां लक्ष्मी को खील-बताशे

मां लक्ष्मी को दीपावली पर खील-बताशे का प्रसाद जरूर चढ़ाया जाता है। दिवाली पर लोग पूजन सामग्री में खील-बताशे जरूर खरीदते हैं। लक्ष्मी पूजा में खील-बताशे अवश्य रखे जाते हैं। क्या आप जानते हैं कि माता लक्ष्मी की पूजा खील बताशों से ही क्यों की जाती है?

## क्यों चढ़ाते हैं खील बताशे का प्रसाद

खील यानी धान मूलतः धान (चावल) का ही एक रूप है। खील चावल से बनती है और चावल उत्तर भारत का प्रमुख अन्न भी है। वैसे लक्ष्मी देवी को बेसन के लड्डू और भगवान गणेश को मोदक का प्रसाद भी चढ़ाया जाता है। दीपावली के पहले ही इसकी फसल तैयार होती है, इस कारण लक्ष्मी को फसल के पहले भोग के रूप में खील-बताशे चढ़ाए जाते हैं। खील बताशों का ज्योतिषीय महत्व भी है। दीपावली धन और वैभव की प्राप्ति का त्योहार है और धन-वैभव का दाता शुक्र ग्रह माना गया है। शुक्र ग्रह का प्रमुख धान्य धान ही होता है। शुक्र को प्रसन्न करने के लिए हम लक्ष्मी को खील-बताशे का प्रसाद चढ़ाते हैं। यही कारण है कि दिवाली के दिन खील-बताशे चढ़ाए जाते हैं। श्वेत और मीठी सामग्री दोनों शुक्र की ही कारक हैं अतः इन दोनों को मिलाकर वास्तव में शुक्र ग्रह को ही अनुकूल किया जाता है। मां लक्ष्मी को प्रसन्न कर भी शुक्र को अपने अनुसार किया जा सकता है।





# दीपावली मनाने के खास कारण, साल भर की खुशियों का मिलता है वरदान

भारतीय संस्कृति और धर्म में कार्तिक मास के दिन आने वाल अमावस्या का खास महत्व है। इस दिन दीपावली का पर्व मनाया जाता है। हिन्दू के साथ ही इस दिन का जैन, बौद्ध और सिख धर्म में भी खास महत्व है। आओ जानते हैं कि किन कारणों से मनाई जाती है दिवाली।

### दीपावली मनाने के खास कारण

- इस दिन भगवान विष्णु ने राजा बलि को पाताल लोक का स्वामी बनाया था और इन्द्र ने स्वर्ग को सुरक्षित जानकर प्रसन्नतापूर्वक दीपावली मनाई थी।
- इस दिन भगवान विष्णु ने नरसिंह रुप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था।
- इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए थे। इसी दिन माता काली भी प्रकट हुई थी इसलिए बंगाल में दीपावली के दिन कालिका की पूजा का प्रचलन है।
- इसी दिन भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे। कहते हैं कि श्रीराम रावण का वध करने के 21 दिन बाद अयोध्या लौटे थे। इसीलिए इस दिन राम विजयोत्सव के रूप में दीप जलाए जाते हैं।
- इस दिन के ठीक एक दिन पहले श्रीकृष्ण ने नरकासुर नामक राक्षस का वध किया था। इस खुशी के मौके पर दूसरे दिन दीप जलाए गए थे।
- यह दिन भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण दिवस भी है। जैन मंदिरों में निर्वाण दिवस मनाया जाता है।
- गौतम बुद्ध के अनुयायियों ने 2500 वर्ष पूर्व गौतम बुद्ध के स्वागत में लाखों दीप जला कर दीपावली मनाई थी।
- इसी दिन उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य का राजतिलक हुआ था।
- इसी दिन गुप्तवंशीय राजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने 'विक्रम संवत' की स्थापना करने के लिए धर्म, गणित तथा ज्योतिष के दिग्गज विद्वानों को आमन्त्रित कर मुहूर्त निकलवाया था।
- इसी दिन अमृतसर में 1577 में स्वर्ण मन्दिर का शिलान्यास हुआ था।
- दिवाली ही के दिन सिक्खों के छ्टे गुरु हरगोबिन्द सिंह जी को कारागार से रिहा किया गया था।
- इसी दिन आर्यसमाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती का निर्वाण हुआ था।
- इस दिन से नेपाल संवत में नया वर्ष आरम्भ होता है।
- भगवान विष्णु के 24 अवतारों में 12वां अवतार धन्वंतरि का था। उन्हें आयुर्वेद का जन्मदाता और देवताओं का चिकित्सक माना जाता है। धनतेरस के दिन उनका जन्म हुआ था। इस दिन यम पूजा भी होती है।
- भाई दूज को यम द्वितीया भी कहते हैं। यम के निमित्त धन तेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पांचों दिन दीपक लगाना जाहिए। कहते हैं कि यमराज के निमित्त जहां दीपदान किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु नहीं होती है। इस दिन यम के मुंशी भगवान चित्रगुप्त की पूजा का भी प्रचलन है। इस दिन श्रीकृष्ण ने इंद्रोत्सव की जगह गोवर्धन पूजा को प्रारंभ किया था।
- उक्त सभी कारणों से हमारी सांझा संस्कृति दीपावली का त्योहार मनाती हैं।

# धनतेरस पर पटना में 3200 करोड़ का कारोबार 7000 से ज्यादा बाइक, 3000 कारें बिकीं

### 20 लाख से ज्यादा सोने के सिक्के की खरीददारी

**पटना, एजेंसी।** इस धनतेरस पटना में करीब 3200 का कारोबार हुआ है। इसमें सर्राफा बाजार का कारोबार 800 करोड़ का हुआ है। इसके अलावा पटना 7000 से ज्यादा बाइक और 3000 से ज्यादा कारें बिकीं हैं। वहीं, इस बार 20 लाख से ज्यादा सोने के सिक्के और 10 लाख से ज्यादा चांदी के सिक्के बिके। पिछले साल पटना में करीब 2200 करोड़ का कारोबार हुआ था। इसमें सबसे अधिक सोना-चांदी का व्यवसाय हुआ था। 500 करोड़ के सोना-चांदी के आभूषण बिके थे। जबकि इस साल 45 फीसदी ज्यादा का कारोबार हुआ।

वहीं, 2024 में बेगूसराय में करीब 200 करोड़, किशनगंज, वैशाली और पश्चिमी चंपारण में 100 करोड़, गया में 120 करोड़, बांका 50 करोड़ का कारोबार हुआ। पूर्णिया में धनतेरस पर 400 करोड़ से अधिक का व्यापार हुआ है। धनतेरस के मौके पर 3500 बाइक, 1200 कॉमर्शियल और प्राइवेट वाहन की बिक्री हुई। चैंबर ऑफ कॉमर्स के मुताबिक, धनतेरस के दिन मधेपुरा में करीब 35 करोड़ का कारोबार हुआ है। वहीं, लखीसराय में करीब 29 करोड़ के व्यवसाय होने की जानकारी मिली है।

### पटना में पिछले साल की अपेक्षा 30 प्रतिशत अधिक बिक्री

राजधानी पटना में इस बार इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी उछाल रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स सामान में मिल रहे छूट के कारण पिछले साल की तुलना में इस साल 30 प्रतिशत अधिक बिक्री हुई है। राधे कृष्ण ज्वेलर्स के मालिक मोहित खेमका ने बताया, इस बार अनुमान से अधिक व्यापार हुआ है। गोल्ड की कीमत आज सबसे अधिक थी। इसके बावजूद लोगों ने वेडिंग ज्वेलरी और सोना-चांदी के कॉइन को सबसे अधिक खरीदा है। चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रेसिडेंट सुभाष पटवारी ने बताया, इस साल गोल्ड की कीमत में वृद्धि होने के बावजूद लोगों ने जमकर खरीदारी की है। इस साल करीब 800 करोड़ का सर्राफा का व्यापार रहा है, जो पिछले साल की तुलना में अधिक है।

### 3 हजार कार, 7 हजार बाइक बिकी

पटना में सबसे अधिक गाड़ियां बिकी हैं। इसमें सबसे अधिक टू व्हीलर शामिल है। बजाज ऑटो में मैनेजर करण साहू ने बताया, पटना में सिर्फ बजाज से करीब 3 हजार से अधिक टू व्हीलर वाहनों की डिलीवरी हुई है। ओवरऑल 13 हजार बाइक बिकी है। सबसे अधिक हीरो की स्प्लेंडर प्लस, होंडा की एसपी 125 और बजाज की पल्सर की बिक्री हुई है। टू व्हीलर का कारोबार 1200 से 1400 करोड़ के बीच का रहा है। कुल मिलाकर पटना में 3 हजार कार और 7 हजार बाइक की बिक्री हुई। टाटा शो रूम के मैनेजर संजय सिंह ने बताया, पटना में 3 हजार से अधिक फोर व्हीलर की बिक्री हुई है। फोर व्हीलर में महिंद्रा की ब्लैक स्कॉर्पियो, टाटा की नेक्सॉन और पंच सबसे ज्यादा बिकी है। करीब 250 से 300 करोड़ के बीच का कारोबार रहा है। बता दें कि धनतेरस के लिए पिछले 3 महीने से ही बुकिंग चल रही थी। शो रूम से अभी मात्र 80 प्रतिशत गाड़ियों की ही डिलीवरी हो पाई है।

### 400 करोड़ का हुआ इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का कारोबार

लोगों ने टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन की भी खूब खरीदारी की है। पटना में करीब 400 करोड़ के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का व्यापार हुआ है। आदित्य विजन के मैनेजर अनुज कुमार ने बताया, इस साल पिछले साल की अपेक्षा 35 से 40त्न अधिक बिक्री हुई है।





### किशनगंज में 1800 टू व्हीलर्स की बिक्री हुई

किशनगंज जिले के व्यापार संघ का दावा है कि धनतेरस में सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। सबसे ज्यादा बिजनेस ऑटोमोबाइल और सर्राफा बाजार में हुआ है। यहां करीब 1800 टू व्हीलर्स की बिक्री हुई। हीरो ने 502 बाइक की बिलिंग की, होंडा ने 400, बजाज की 301 बाइक की बिक्री हुई। वहीं, मारुति शोरूम ने 25 कारों को बेचा। सोने। मारवाड़ी मर्चेंट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद वैद्य ने बताया कि इस बार धनतेरस में बाजार अच्छा रहा।

### बेगूसराय में 200 करोड़ का हुआ कारोबार

धनतेरस पर लोगों ने बर्तन, आभूषण, बाइक, कार फर्नीचर, मोबाइल आदि की जमकर खरीदारी की है। जिले में करीब 200 करोड़ का कारोबार हुआ है जो पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। वैशाली जिले में 200 से भी अधिक कार की बिक्री हुई है। वहीं, 750 के करीब बाइक की बिक्री हुई है। हालांकि, कुल 1700 कार और बाइक की बुकिंग हुई थी।

### पश्चिम चंपारण में करीब 200 करोड़ की खरीदारी

पश्चिम चंपारण में 200 करोड़ का कारोबार हुआ है। इसमें सर्राफा मार्केट में 10 करोड़, बाइक 140.28 करोड़, ट्रैक्टर 6 करोड़, कार 8.32 करोड़, बर्तन 10 करोड़, इलेक्ट्रॉनिक्स 5 करोड़, रेडीमेड कपड़े 2 करोड़, किराना 3 करोड़, मोबाइल 3 करोड़ शामिल हैं। लखीसराय में धनतेरस पर झाड़ू के दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखी गई। धनतेरस पर धनतेरस पर झाड़ू खरीदने का बड़ा महत्व है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई झाड़ू का सालभर इस्तेमाल करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में खुशियों का माहौल रहता है। लखीसराय में धनतेरस पर झाड़ू के दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखी गई। धनतेरस पर धनतेरस पर झाड़ू खरीदने का बड़ा महत्व है। मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई झाड़ू का सालभर इस्तेमाल करने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में खुशियों का माहौल रहता है।

### गया में 10 करोड़ के सोने-चांदी के सामान की हुई बिक्री

गया में मंगलवार को 120 करोड़ रुपए से ऊपर का कारोबार रहा। बाइक, कार, इलेक्ट्रॉनिक्स सामान,बर्तन, लाइट, सजावटी सामग्री, भगवानगणेश और माता लक्ष्मी की प्रतिमाओं की खूब खरीदारी हुई। दिनभर खरीदारी केलिए बाजार में जबरदस्त भीड़ दिखी। बुलियन एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने बताया, %धनतेरस पर सोने और चांदी के आभूषण की डिमांड काफी रही। सबसे ज्यादा लोगों ने चांदी और सोने के सिक्के खरीदे। ज्वेलरी शॉप के बड़े और छोटे दुकानों को मिलाकर इस बार करीब 10 करोड़ के सोने-चांदी के सामान की बिक्री हुई। वहीं, इधर बर्तन मंडी के दुकानों की माने तो पीतल के बर्तन अधिक बिके। करीब पांच करोड़ के बर्तन का कारोबार इस धनतेरस पर हुआ है।

### छपरा में करीब 213 करोड़ का बिजनेस

छपरा में लंबे समय के बाद धनतेरस पर बाजार में रौनक देखने को मिली। यहां करीब 213 करोड़ का बिजनेस हुआ है। जिले में 70 करोड़ के ज्वेलरी, 55 करोड़ के ऑटोमोबाइल, 30 करोड़ के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट की बिक्री हुई। 10 करोड़ मोबाइल सेक्टर में, 5 करोड़ के बर्तन और ग्रोसरी, 18 करोड़ के फर्नीचर, 5 करोड़ की फ्लैट बुकिंग, 20 करोड़ का फिक्स डिपॉजिट का कारोबार हुआ है।

### बांका में 50 करोड़ से अधिक का कारोबार

बांका में लोगों ने मोबाइल, आभूषण, बर्तन, वाहन आदि की जमकर खरीदारी की है। सबसे अधिक बिक्री बाइक और ई-रिक्शा के बाद ट्रैक्टर की हुई है। पिछले साल जिले में 45 करोड़ का कारोबार हुआ था। वहीं, इस साल 50 करोड़ का कारोबार हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला का 13 हजार का सामान लेकर फरार ऑटो चालक



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के नगर थाना क्षेत्र के गोला रोड में दिवाली की सामान की खरीदारी करने आई महिला का सारा समान लेकर ऑटो चालक फरार हो गया। महिला ने घर के राशन की खरीदारी की थी। करीब 13,000 का समान लेकर घर जाने की तैयारी कर रही थी। समान ज्यादा होने के कारण वह ऑटो को बुक की थी। लेकिन ऑटो वाले ने उसके साथ धोखाधड़ी कर दी। निर्मला देवी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की रहने वाली जो 9 महीने से अपने पति के साथ मुजफ्फरपुर के गोबर्शाही चौक पर किराया के मकान में रहती है। महिला क पति शहर में गोलगप्पा का कारोबार करता है। महिला दिवाली और छठ को लेकर अपने पति के साथ घर कि खरीदारी करने गई थी। बता दें कि महिला सामान लेकर ऑटो में रख दी। फिर वह मिर्च पावडर लेने लगी। इसके बाद ऑटो वाले ने महिला के पति को बोला कि जाइए उनको बुला कर ले आइए। महिला का पति उसको बुलाने गया और जब वास आया तो ऑटो वाला नहीं था। वहीं, पूरे मामले में नगर अपर थाना अध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि महिला ने थाने में आवेदन दिया है। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है। ऑटो वाले की खोज में जुट गई है।

### मुजफ्फरपुर में बिहार का दूसरा खादी मॉल खुला

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** धनतेरस पर उद्योग विभाग ने शहरवासियों को खादी मॉल की सौगात दी है। उद्योग विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा ने मंगलवार को शहर के गोशाला रोड के पी एंड टी चौक स्थित खादी मॉल का उद्घाटन किया। मंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद चरखा से सूत भी काटा। फिर मॉल में बने 50 से अधिक सेक्शन का भ्रमण और संचालकों से बातचीत की। मंत्री ने कहा कि यह बिहार का दूसरा खादी मॉल है, जहां खादी के साथ हैंडलूम व हैंडीक्रॉफ्ट जैसे उत्पाद भी मिलेंगे। इसके अलावा देसी हांडी दही और बैग भी उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि अब दूसरे जिलों में भी खादी मॉल खोलने की योजना है।

### भव्य रंगोली कार्यक्रम

**भागलपुर, एजेंसी।** गोदावरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर राजेंद्र कॉलोनी नवगछिया में दीपावली के शुभ अवसर पर बच्चों ने भव्य रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कुल 10 समूह ने भाग लिया। जिसमें कुल 60 भैया-बहनों ने अपनी प्रतिभा को रंगोली के रूप में प्रस्तुत किया। इसके साथ ही सुलेख प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडली द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन किया गया।

## पटना में पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचा पति

**पटना, एजेंसी।** पटना में एक शख्स (65) ने अपनी पत्नी (55) की लोहे की रॉड से सिर पर मारकर हत्या कर दी। इसके बाद वो रॉड को लेकर थाने पहुंच गया और कहा कि मैंने पत्नी की हत्या कर दी है। दरअसल, उसे शक था कि उसकी पत्नी का उसके बेटे से ही अवैध संबंध हैं। आरोपी का कहना है कि उसने कई बार अपने बड़े बेटे और पत्नी को एक साथ आपत्तिजनक हालत में देखा था। दोनों के बीच काफी दिनों से अवैध संबंध चल रहा था। आरोपी, पत्नी से पिछले कई दिनों से शारीरिक संबंध बनाने के लिए कह रहा था, लेकिन वो नहीं मान रही थी। इसलिए उसने पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पेशे से मोटर मैकेनिक है। मामला बुद्धा थाना इलाके का है आरोपी का कहना है, %मैंने रॉड से सिर पर मारकर उसकी हत्या कर दी। मैं उससे लगभग 1 साल से मेरे साथ संबंध बनाने को कह रहा था, लेकिन वो नहीं मान रही थी। मैंने उसके कदमों पर गिरकर ये हरकत बंद करने के लिए कहा था, लेकिन दोनों पर कोई असर नहीं हुआ। एक बार स्र्य मेमोरियल के पास सड़क हादसे में मैं चोटिल हो गया था। मैं दर्द कराहते हुए घर पहुंचा। कमरे का दरवाजा बंद था। झांककर देखा तो कमरे में अंधेरा था। दोनों आपत्तिजनक हालत में थे।

**मां पर साथ रहने का दबाव बनाते थे**

आरोपी को 3 बेटे और 1 बेटी है। बेटी का कहना है कि मां की हत्या की जानकारी मोहल्ले वालों ने दी। लोगों ने बताया कि गली में तुम्हारी मां गिरी हुई है। मैं भाग कर वहां पहुंची। मां का सिर बुरी तरह कुचला हुआ था। मैंने दुपट्टे से मां के शरीर को ढंक दिया। मेरे पिता अक्सर मां पर साथ रहने का दबाव बनाते थे, लेकिन मां बीमार होने की वजह से मेरे साथ सोती थी।

### घरेलू विवाद में हत्या हुई है

बड़े बेटे के बयान पर पिता कैलाश पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। डीएसपी विधि व्यवस्था कृष्ण मुरारी ने कहा कि पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पारिवारिक विवाद में गुस्से में पति ने पत्नी की हत्या की है। स्नस्रुकी टीम को बुलाया गया है। जांच की जा रही है। आरोपी पति ने पुलिस से कहा कि पत्नी उसका ख्याल नहीं रख रही थी। इसी कारण गुस्से में रॉड से सिर पर मार दिया। स्नस्रुकी टीम ने रॉड को जब्त कर लिया है।

### सिकंदरपुर सीढ़ी घाट किनारे होगी सजावट

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** वरीय संवाददाता महापर्व छठ पर सिकंदरपुर सीढ़ी घाट के किनारे भी सजावट होगी। जल्द ही घाट परिसर के साथ ही सीढ़ियों का रंगरोगन होगा। मंगलवार को सीढ़ी घाट के निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त विक्रम विरकर ने सिटी मैनेजर व अन्य अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दिए। नगर आयुक्त के साथ ही एएसपी भानू प्रताप सिंह और एसडीओ (पूर्वी) अमित कुमार की टीम ने घाट पर तैयारी को परखा। इस दौरान घाट के किनारे पानी के खतरनाक क्षेत्रों की पहचान कर मजबूत बैरिकेडिंग के साथ चेतावनी का बैनर लगाने की हिदायत दी। घाट के साथ ही उससे जुड़े रास्तों पर लगातार सफाई कार्य जारी रहेगा। इस दौरान सिटी मैनेजर विष्णु प्रभाकर लाल, सफाई प्रभारी कमल किशोर, अजय कुमार व अन्य मौजूद रहे।

## आपसी विवाद में मारपीट-गोलीबारी, एक युवक जख्मी: बेतिया में देसी कट्टा-कारतूस जब्त



**बेतिया, एजेंसी।** बेतिया में मंगलवार की रात करीब 9 बजे पहले के जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट और गोलीबारी हुई है। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना जिले के शनिचरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पकड़ीहार गांव की है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। सदर एसडीपीओ-2 रजनीशकांत प्रियदर्शी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर शनिचरी थानाध्यक्ष कृष्ण मुरारी क्यूआरटी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर कैंप कर रहे हैं। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसडीपीओ ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक लोडेड पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, और एक खोखा बरामद किया है।

### मारपीट-गोलीबारी के घटना से मची भगदड़

घायल व्यक्ति की पहचान सिरिसिया थाना क्षेत्र के रमरेखा गांव निवासी दुखी यादव के बेटे मनोज यादव (35) के रूप में की गई है। मनोज यादव के पेट में गोली लगी है। उसकी हालत गंभीर है। बताया जाता है कि मारपीट और गोलीबारी के घटना से शनिचरी चौक पर कुछ देर के लिए भगदड़ मच गया था। घटना में मनोज के भाई सुरेन्द्र यादव को भी हल्की चोट है।

## सोशल मीडिया पर हथियार के साथ किया फोटो पोस्ट, अरेस्ट: मोतिहारी में की थी हर्ष फायरिंग, देसी कट्टा जब्त



**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में हथियार के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट डालना युवाओं को महंगा पड़ गया है। बता दें कि आए दिन वैसे युवाओं को पुलिस पकड़ कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है, फिर भी ऐसी तस्वीर सामने आती है। ताज़ा मामला मोतिहारी के हरसिद्धि थाना क्षेत्र से आया है, जहां सोशल मीडिया पर हर्ष फायरिंग करते हुए और हथियार का युवक ने फोटो पोस्ट किया।

पोस्ट पर मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात कि नजर पड़ी, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार के नेतृत्व में टीम बना कर छापेमारी करने का निर्देश दिया। इस दौरान हरसिद्धि थानाध्यक्ष निर्भय राय ने थाना क्षेत्र के धवही गांव में छापेमारी कर फोटो में दिख रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशान देही पर पर एक देसी कट्टा भी बरामद किया गया। पूछताछ कि गई तो उसने अपना नाम जावेद असलम बताया, जो थाना क्षेत्र के धवही गांव का रहने वाला है।

### युवक को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेजा

एसडीपीओ रंजन कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ रंजन कुमार के आलावा, हरसिद्धि थानाध्यक्ष निर्भय राय, अविनाश कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### स्कूलों में शिक्षकों को नए तरीके से पढ़ाने का निर्देश

## अच्छे नंबर पाने वाले छात्र कैसे पढ़ते हैं...ये स्कूल के बाकी बच्चों को बताया जाएगा



**पटना, एजेंसी।** राज्य के सरकारी स्कूलों में अर्ध वार्षिक परीक्षा में अच्छे नंबर पाने वाले छात्रों के पढ़ने और लिखने के तरीके को विद्यालय में लागू किया जाएगा। इससे कमजोर छात्र पढ़ना-लिखना सीख सकेंगे। यह योजना कुछ स्कूलों में पाइलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू होगी। अच्छे नंबर पानेवाले छात्रों की कॉपी जिला शिक्षा कार्यालय के साथ ही मुख्यालय में भी पढ़ी जाएगी। स्कूलों में पढ़ाई रोचक बनाने के लिए स्थानीय तरीके का इस्तेमाल किया जा रहा है।

छात्रों के आसपास की चीजों का उदाहरण दे समझाया जा रहा है। स्कूलों में छात्रों को खेल में भी हिस्सा लेना होगा। जिससे छात्र मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहे। खेल में कबड्डी, खो-खो, दौड़ सहित अन्य स्पोर्ट्स शामिल किए गए हैं। योग भी करवाया जा रहा है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से स्कूलों में छात्रों के पढ़ाने और सिखाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। अर्ध वार्षिक परीक्षा में वास्तविक रिजल्ट का पता लगाने के लिए दूसरे स्कूल के शिक्षकों को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही कॉपी का मूल्यांकन भी दूसरे स्कूलों के शिक्षकों ने किया है। अर्ध वार्षिक परीक्षा में जिन स्कूलों के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगा।

### पढ़ाई में अच्छे छात्रों का रिकॉर्ड बनेगा

हर परीक्षा में अच्छे नंबर पाने वाले छात्रों का अलग से रिकॉर्ड बनाया जाएगा। नवंबर में स्कूलों की भी ग्रेडिंग होगी। अच्छे अंक पाने वाले छात्र और अच्छी ग्रेडिंग वाले स्कूलों को विशेष सम्मान दिया जाएगा। उन छात्रों का भविष्य बनाने में शिक्षा विभाग भी सहयोग करेगा। उनके लिए स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं चलेंगी, जिससे वह इंजीनियर, डॉक्टर सहित अन्य लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए मेहनत कर सकें।

## 38 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

### सहरसा के रेलवे कॉलनी में शराब के साथ खड़े थे, पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा



**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा में अवैध विदेशी शराब के साथ तीन तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सदर थाना में एसडीपीओ आलोक कुमार ने प्रेस वार्ता कर ये जानकारी दी है। पुलिस ने गुप्त सूचना पर मंगलवार की सुबह 38.700 लीटर अंग्रेजी शराब के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी को लेकर सदर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते सदर एसडीपीओ आलोक कुमार ने जानकारी दी। इन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह गश्ती पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि दो तीन व्यक्ति ट्रेन से उतरे है, जो चांदनी चौक से आगे स्थित रेलवे कॉलनी वाली गली में भारी मात्रा में विदेशी शराब लेकर खड़ा है।

### भाग रहे बदमाशों को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा

सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई के लिए गश्ती दल जब रेलवे कॉलनी पहुंची, तो गश्ती दल को देखकर 3 व्यक्ति भागने लगे। भाग रहे तीनों व्यक्तियों को सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़े गए तीनों बदमाश के पास से पुलिस ने 90 पीस अंग्रेजी शराब, जिसकी मात्रा 16.200 लीटर, रॉयल स्टैग ब्रांड के 750 एमएल का 30 पीस अंग्रेजी शराब, जिसकी मात्रा 22.500 लीटर बरामद किया गया। सुपौल के भेलाही वार्ड नंबर-19 निवासी अब्दुल मजीद के बेटे मो. हसमुद्दीन, खगड़िया के अलौली हरिपुर वार्ड नंबर-7 निवासी सुधीर साह के बेटे बिट्टू कुमार और सोनवर्षा कचहरी के परमिनिया वार्ड नंबर-1 निवासी विद्यानंद रजक के बेटे अमन कुमार को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस बदमाशों को बरामद शराब के साथ गिरफ्तार कर सदर थाना ले आई। यहां तीनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गश्ती टीम में सदर थाना में पदस्थापित पुअनि बजरंगी कुमार सहित सदर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## सेक्स स्कैंडल में शामिल महिला को पुलिस ने पकड़ा, आरोपी युवक ने कोर्ट में किया सरेंडर

**किशनगंज, एजेंसी।** बिहार में सेक्स स्कैंडल के दो आरोपी अब कानून के शिकंजे में आ गए हैं। किशनगंज जिले में पुलिस की दबिश के कारण सेक्स स्कैंडल कांड में फरार चल रही एक महिला को गिरफ्तार किया गया तो वहीं एक पुरूष आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। बहादुरगंज देशियाटोली निवासी आरोपी असगर व धनपुरा कोचाधामन निवासी नाजमीन ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। वहीं इसी कांड की आरोपी रोशनी परवीन को पुलिस ने रामपुर चेक पोस्ट के पास से गिरफ्तार किया है।

किशनगंज पुलिस के द्वारा मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि सूचना मिली कि सेक्स स्कैंडल मामले में दर्ज किशनगंज थाना कांड संख्या 370/24 में शामिल एक महिला आरोपी रोशनी परवीन कोचाधामन निवासी, जो पूर्णिया से सिलीगुड़ी की ओर जा रही है। टीम द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए किशनगंज थाना क्षेत्र के रामपुर चेक पोस्ट पर नाका लगाते हुए गिरफ्तार किया गया। इस कांड के आरोपी कोचाधामन सोंथा निवासी फरहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका हैं। फरार चल रहे एक आरोपी नकी अनवर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा छापामारी जारी है। प्रशिक्षु अवर निरीक्षक राकेश कुमार व डीआईयू की टीम कार्रवाई में शामिल थी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 नवंबर को झारखंड में करेंगे रैली

# चार नवंबर को पीएम मोदी चाईबासा-गढ़वा में जनसभा को करेंगे संबोधित

निज संवाददाता | रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव का प्रचार अब जोर पकड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाईबासा से 4 नवंबर को अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। इसकी पुष्टि असम के सीएम बीजेपी के सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को की। उन्होंने बताया, 'प्रधानमंत्री मोदी 4 नवंबर को चाईबासा आएंगे। हमारी टीम (पार्टी) बहुत मजबूत स्थिति में है। हम (चुनाव) अच्छे से लड़ेंगे और इस बार चाईबासा की सभी सीटें जीतने की कोशिश करेंगे।' झारखंड के लिए सीएम चेहरे पर उन्होंने कहा, 'हमने एनडीए की ओर से सीएम चेहरे पर फैसला नहीं किया है। हमारा लक्ष्य (राज्य के लिए) एक अच्छा सीएम चुनना होगा।' केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 नवंबर को झारखंड में रैली करेंगे। इसको लेकर अभी स्थान निश्चित नहीं किया गया है, लेकिन शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, धर्मेंद्र प्रधान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, ओडिशा के सीएम मोहन चरण मांझी, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साय भी जनसभा होंगी।

### पहले चरण में एनडीए के कई दिग्गज मैदान में

पहले चरण में एनडीए से पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, पूर्व मंत्री नीरा यादव, सीपी सिंह, सुदर्शन भगत, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, सरयू राय, राजा पीटर, रामचंद्र सहिस, अमित यादव, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, आलोक चौरसिया, कोचे मुंडा, पुष्पा देवी, नवीन जायसवाल, कमलेश सिंह भी मैदान में हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहु, मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा और अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा के भाग्य का फैसला भी होगा।



### पहले चरण में 743 उम्मीदवार मैदान में

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में स्क्रूटनी के बाद 743 प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के.रवि कुमार ने बताया कि स्क्रूटिनी में 62 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र रद्द हो गए। जिनकी उम्मीदवारी निरस्त हुई उनमें अधिकांश ने नामांकन-पत्र सही नहीं भरे थे। किसी के प्रस्तावक कम थे, तो किसी ने अनिवार्य सूचनाएं नहीं दी थीं। नामांकन-पत्रों की जांच सोमवार को हुई थी। इसके लिए आज यानी 30 अक्टूबर को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है।

### 30.27 लाख नए वोटर इनमें 11.18 लाख युवा

2019 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन (अब इंडिया) को भाजपा से मात्र 2% (2,97,108) वोट अधिक मिले थे, लेकिन कम मार्जिन में भी झामुमो की सीटें 19 से बढ़कर 30 और कांग्रेस की 6 से 16 पहुंच गई थीं। पहली बार झारखंड में महागठबंधन ने बहुमत की सरकार बना ली थी। सत्तासीन रघुवर सरकार को 25 सीटों पर संतोष करना पड़ा था। झारखंड में नामांकन खत्म, अब प्रचार जोर पकड़ेगा।

# भाजपा सहित दूसरे दलों को छोड़कर काफी संख्या में लोग राजद में शामिल



निज संवाददाता | पलामू

हरिहरगंज। पिपरा प्रखंड के धुसरुआ स्थित नागमतिया होटल में राजद के आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को भाजपा व बसपा पार्टी को छोड़कर काफी संख्या में लोग राजद में शामिल हो गए। इसी को राजद के प्रत्याशी सह प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। शामिल होने वालों में ललिता देवी, मिथिलेश भुइयां, सुरेंद्र पासवान, मनोज राम, विनोद राम, नंदू राम, प्रमोद सिंह, विनोद सिंह, अशोक सक्सेना, बाबूलाल चंद्रवंशी, मुकेश सिंह, अजय सिंह, कपिल सिंह, धनंजय सिंह, सुरजन साव, रामचंद्र राम, धीरेंद्र राम, राम केवल राम, मुन्ना राम, नंदू भुइयां, सरोज राम, नंदलाल राम आदि का नाम शामिल है। इस मौके पर प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव तथा तेजस्वी यादव में आस्था जताते हुए लगातार सभी वर्ग के लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। जनता के मान-सम्मान का ख्याल राजद ही करती है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक बनाकर सौदा करने वाले लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। इस मौके पर पिपरा जिला पार्षद ददन पासवान, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मुखिया राजेश राजवंशी, राजद जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, प्रमुख प्रतिनिधि उपेंद्र यादव, शिवलाल यादव, सुनील यादव, प्रभु यादव, नंदलाल यादव, प्रकाश विश्वकर्मा, अर्जुन यादव, सत्येंद्र यादव, नरेश यादव, कमलेश यादव, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सिविल सर्जन ने अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल का किया निरीक्षण, ससमय काम को पुरा करने का दिया निर्देश

निज संवाददाता | पलामू

साहिबगंज। सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल का औचक निरक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ओपीडी में डॉक्टर की उपस्थिति, ओपीडी पंजी, फाइलेरिया क्लिनिक, डॉट्स क्लिनिक, एएफसी सेंटर, आईपीडी, प्रसव कक्ष, साफ-सफाई आदि को देखा। सिविल सर्जन ने उपस्थित मेडिकल ऑफिसर, पारामेडिकल कर्मीयों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने, सभी सूचकांक को सुधारने, डाटा का ससमय प्रविष्टि आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीएस डॉ. उदय टुडू ,मेडिकल ऑफिसर,क्लर्क, प्रखंड टीम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। निरीक्षण के उपरान्त सीएस एवं



उपाधीक्षक ने उधवा प्रखण्ड के चौकीढाब में बन रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का जायजा लिया।

# 765 महिला मतदान पदाधिकारियों को मिला प्रशिक्षण, दिया दिशा-निर्देश

निज संवाददाता | दुमका

प्रतिनिधि विधानसभा आम निर्वाचन में चिन्हित महिला मतदान केन्द्रों के निमित्त पी-ओ, पी-1, पी-2, पी-3 एवं अतिरिक्त पी-2 कुल 765 महिला मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने राज प्लस टू विद्यालय में प्रशिक्षण का जायजा लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी महिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में सभी का काफी अहम रोल है। पी-ओ को टीम लीडर की तरह कार्य करना होगा। समन्वय बनाकर सभी के साथ (पी-वन, पी-टू एवं पी-थ्री) काम करना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह के साथ सभी काम करें। आप सबों का प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है। डीएलएमटी द्वारा सभी बिंदुओं पर जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से लें और उसी के अनुरूप अपने कार्य दायित्व का निष्पादन करें। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा महिला पी-ओ, पी-वन, पी-टू, पी-थ्री सभी को ईवीएम वोटर वैरिफिएबल पेपर आडिट ट्रैल (वीवीपैट) का प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया। उन्हें कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू), वीवीपैट को कनेक्ट करने, संचालन, माक पोल, पेपर सिलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार अन्य उपस्थित थे।

# ट्रेन से भारी मात्रा में शराब बरामद



निज संवाददाता | साहिबगंज

आरपीएफ ने बुधवार को ब्रह्मपुत्र मेल ट्रेन के एक बोगी से अवैध ढंग से लाए जा रहे 16 पीस बीयर व 80 पीस ऑफिसर चॉइस बरामद किया है। गुप्त सूचना पर आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने बरहड़वा रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर ब्रह्मपुत्र मेल के बोगी पर छापेमारी की। तलाशी में ट्रेन के एक जनरल बोगी में देखा कि सीट के नीचे एक सफेद रंग का बिमल बैग पड़ा है। वहां बैठे पैसेंजर से बैग के बारे में पूछ ताछ करने पर किसी भी यात्री ने बैग के बारे में जानकारी नही दे पाया। जब बैग को खोलकर जांच की तो बैग में ये बीयर व शराब की बोतलें मिलीं। उसे ट्रेन से नीचे उतारकर जब्त कर बरहड़वा आरपीएफ ऑफिस लाया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि ब्रह्मपुत्र ट्रेन से अवैध विदेशी शराब के 16 पीस बीयर व 80 पीस ऑफिसर चॉइस बरामद किया गया है। इसकी कुल कीमत बारह हजार चार सो 80 रुपया है। आरपीएफ ने आगे की कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया है।

# सब जूनियर व सीनियर गतका प्रतियोगिता में गढ़वा जिला को मिले 12 मेडल

निज संवाददाता | गढ़वा

झारखंड राज्य गतका संघ के तत्वावधान में चौथा सब जूनियर व सीनियर गतका प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन रहा। उक्त आयोजन 26 से 27 अक्टूबर तक हजारीबाग जिलांतर्गत बरही में किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में गढ़वा जिला से 19 बालक /बालिका प्रतिभागी विभिन्न आयु वर्गो में भाग लिया था। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने कुल 12 मेडल प्राप्त किए। प्रतियोगिता के अंडर 10 आयु वर्ग में प्रकृति आनंद देव, आदिति पांडेय, अनुराग पांडेय, विश्व गुप्ता और पुण्य प्रसून ने ब्रॉन्ज मेडल, अंडर 14 आयु वर्ग में सुमित्रा कुमारी सिल्वर मेडल व अनुज कुमार ब्रॉन्ज मेडल, अंडर 12 आयु वर्ग में सुप्रिया कुमारी और रोहित कुमार शर्मा ब्रॉन्ज मेडल, अंडर 13 आयु वर्ग में कृष्ण आनंद देव ने ब्रॉन्ज मेडल, अंडर 17 आयु वर्ग में रेशमी कुमारी सिल्वर मेडल, अंडर 18 में वर्षा कुमारी सिल्वर मेडल, अंडर 19 में झूलन कुमारी सिल्वर मेडल प्राप्त की। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला की टीम जिला गतका संघ के सहसचिव और प्रशिक्षक मनोज संसाई के नेतृत्व में 25 अक्टूबर को हजारीबाग गई थी। सभी प्रतिभागियों ने अपना खेल कौशल का परिचय देते हुए उक्त मेडल प्राप्त किए। गतका संघ के जिला अध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा कि कम संसाधन के बावजूद बच्चे लगातार अच्छा कर रहे हैं। जिला में गतका के प्रशिक्षक मनोज संसाई के कुशल मार्गदर्शन और मेहनत के दम पर यह सफलता खिलाड़ियों को मिली है। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, महासचिव आलोक मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, जिला गतका संघ के सचिव शंकर पाल, कोषाध्यक्ष अजयकांत, विकास पांडेय, मनोज चौधरी, रियाज अहमद सहित अन्य ने बधाई दी है।

### सुरक्षित यातायात को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान

**कोडरमा (नि.सं.)।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में दीवाली विथ माई भारत कार्यक्रम अंतर्गत इंदरवाटांड़ के ग्रामीणों को सुरक्षित यातायात के नियमों से अवगत कराया। जबकि वाहन चालकों को सुरक्षित यातायात से संबंधित जानकारी साझा की। कॉलेज की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने कहा कि हम सभी को यातायात के नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी समन्वयक सौरभ शर्मा ने सुरक्षित यातायात के विभिन्न पहलुओं और भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया।

### डोमचांच में ऑटो पलटने से दो यात्री घायल

**कोडरमा (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरू पहाड़ी सपही मुख्य मार्ग स्थित फुटलैया नदी के समीप बुधवार को ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी। इससे दो लोग घायल हो गए। एक महिला का माथा फट गया, जबकि एक पुरुष के पैर में चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक डोमचांच से सवारी लेकर ऑटो वाहन सपही जा रहा था। इसी दौरान फुटलैया नदी के समीप गड्ढे के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। ऑटो सवारी से भरा हुआ था, लेकिन दो लोगों को चोट आई। बाद में ग्रामीणो की मदद से एंबुलेंस के जरिए सदर अस्पताल भेजा गया। दोनों घायल पारहो निवासी बताए जा रहे हैं।

# छठ पूजा की तैयारी को लेकर मुखिया व वार्ड सदस्य ने करायी छठ घाट की साफ-सफाई

निज संवाददाता | पलामू

हरिहरगंज। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर विभिन्न घाटों, तालाबों की साफ-सफाई जोर-शोर से की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को पिपरा प्रखंड के मधुबाना स्थित बैगाही नदी छठ घाट की साफ-सफाई की गयी। मुखिया राजेश कुमार राजवंशी तथा वार्ड सदस्य विवेक कुमार चंद्रवंशी ने निजी खर्च से जेसीबी की मदद से घाट का समतलीकरण कराया और साफ-सफाई करायी। मुखिया व वार्ड सदस्य ने कहा कि छठ पूजा पर श्रद्धालुओं तथा छठ व्रतियों के लिए उत्तम व्यवस्था करना हमारा सौभाग्य है। मालूम हो कि आसपास के सैकड़ो लोग बड़ी संख्या में उक्त घाट पहुंच कर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते हैं। इस मौके पर राजकुमार राजवंशी, सनी चंद्रवंशी, सोनू कुमार, रजनीश कुमार, ऋषभ कुमार, आकाश कुमार, रंजय कुमार, विशाल कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



# चुनाव कार्य को लेकर 18 नवंबर से 20 नवंबर तथा 23 नवंबर को जिला में रहेगा ड्राई डे घोषित

निज संवाददाता | जामताड़ा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव झारखंड एवं आयुक्त उत्पाद द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त मतदान समाप्त होने से 48 घंटा पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक, मतगणना के दिन शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया गया है। वही पुर्नमतदान होने पर उस दिन शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया जाएगा। मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कुमुद सहाय के द्वारा आदेश जारी किया गया है। इस संदर्भ में बताया गया कि जामताड़ा जिला में द्वितीय चरण में 20 नवंबर को मतदान निर्धारित है। जिसे देखते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) में निहित निर्देश के आलोक में, जिला निर्वाचन पदाधिकारी डीसी ने विधानसभा आम निर्वाचन के स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए जामताड़ा जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में 18 नवंबर के अपराह्न 05:00 बजे से 20 नवंबर के अपराह्न 05:00 बजे तक एवं 23 नवंबर को मतगणना के दिन शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित किया है। शुष्क दिवस (ड्राई डे) के दौरान उक्त अवधि में जामताड़ा जिला की सभी खुदरा उत्पाद दुकाने एवं अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे। होटल, ढाबा, भोजनालय आदि या किसी अन्य निजी, सार्वजनिक स्थान में किसी भी प्रकार का स्प्रीटयुक्त मदिरा, मादक पदार्थ या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो बिक्री किया जाएगा न तो दिया जाएगा और न ही वितरित किया जाएगा। साथ ही उक्त अवधि में वैसे स्थान जिनके लिए अनुज्ञप्ति प्रदान नहीं की गई है, वहां मदिरा के भंडारण पर पूर्णतः रोक रहेगा।

# विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड भर में 36 सरकारी विद्यालयों में तैयारयां पूरी, 60 बूथों पर होगा मतदान

निज संवाददाता | गढ़वा

अगले 13 नवंबर को संपन्न होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रखंड अंतर्गत 60 बूथ और आठ सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा मतदान कर्मियों को ठहरने के लिए प्रखंडभर में कुल 36 सरकारी विद्यालयों में व्यवस्था की गई है। चुनाव में 51 हजार 829 मतदाता उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। उनमें 24 हजार 953 महिला और 26 हजार 876 पुरुष मतदाता शामिल होंगे। प्रखंड में 13 बूथों को संवेदनशील बूथ के तौर पर चिन्हित किया गया है। उनमें रारो पंचायत का बूथ नंबर 473, 474, 475 व 476, पचोर पंचायत के सुअरजंघा गांव का बूथ नंबर 478 व 479, सोनेहरा पंचायत का बूथ नंबर 490, 491, 492 व 493 और करके पंचायत का बूथ नंबर 496, 497 व 498 शामिल हैं। बीडीओ देवलाल करमाली ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बूथों की निगरानी के लिए 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। साथ ही मतदान कर्मियों को ठहरने के लिए 36 सरकारी विद्यालय भवनों में व्यवस्था की गई है। बीडीओ ने कहा कि वहां पर साफ सफाई, बिजली, पेयजल की सहित समुचित व्यवस्था को लेकर संबंधित विद्यालय के प्राचार्य को निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अबकी बार के चुनाव में क्लस्टर की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। सभी मतदान कर्मी उपलब्ध कराए गए 36 सरकारी भवनों में रात्रि विश्राम करेंगे। उसके बाद अहले सुबह अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाएंगे। साथ ही कहा कि सभी बूथों पर अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। उन्होंने बताया कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई है। उसके अलावा सीनियर सिटीजन में वैसे लोग जो मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पाने की स्थिति में होंगे उनके लिए भी मतदान की व्यवस्था की गई है। चुनाव कार्य में लगे कर्मी सीधे उनके घर पर जाकर उनका मतदान कराने का काम करेंगे। वहीं वाहनों की विशेष जांच पड़ताल के लिए प्रखंड में दो चेक पोस्ट भी बनाए गए हैं। चेकपोस्ट यदुवंशी पेट्रोल और बोलिया मोड़ के पास चेकपोस्ट में सघन जांच चल रही है। बकौल बीडीओ प्रखंड कार्यालय में एक स्ट्रांग रूम की भी व्यवस्था की गई है। मतदान के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में किसी भी तरह की तकनीकी गड़बड़ी होने पर तत्काल स्ट्रांग रूम से दूसरा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की व्यवस्था कर दी जाएगी।

# सुरक्षा बलों के आवासन को लेकर डीसी ने पदाधिकारी के साथ की समीक्षा बैठक

निज संवाददाता | जामताड़ा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विधानसभा चुनाव के निमित्त मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं के साथ केंद्रीय सुरक्षा बल, जिला सुरक्षा बल आदि के आवासन, ठहराव को लेकर किए जा रहे अद्यतन कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक की गयी। जिसमें उन्होंने प्रखंडवार एक एक कर के सभी आवासन स्थलों की दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा बलों के आवासन हेतु किए जा रहे विभिन्न कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि विधानसभा चुनाव की तारीख भी नजदीक आ गयी है। ऐसे में अधिकारी अपनी जिम्मेवारी को समझते हुए केंद्रीय सुरक्षा बलों, जिला सुरक्षा बलों के आवासन एवं मतदान स्थल हेतु प्रखंडवार स्थलों में मूलभूत सुविधाओं, साफ सफाई बिजली, पानी आदि को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। कहा कि कहा कि जो भी लंबित कार्य है उसे शीघ्र पूर्ण कराएं। कहा कि आवासन वाले स्थानों में पानी, बिजली तथा शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था करें। मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट आदि की सुविधा को अनिवार्य रूप से बहाल करें। मौके पर एसपी एहतेशाम वकारीब, उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जामताड़ा विकास आनंद लांगुरी सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### मारपीट एवं छिनतई के मामले में प्राथिमकी दर्ज

**साहिबगंज (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के योगीचक निवासी विकास कुमार यादव ने मारपीट के मामले को लेकर केस दर्ज कराया है। पुलिस को दिये आवेदन में कहा है कि बीते 28 अक्टूबर को सूवह 8:30 बजे गांव के ही कुछ लोग एकमत होकर आए और कहा कि सड़क को क्यों गंदा करते हैं। इस पर मैंने कहा कि चाचा सुदामा यादव भैंस बांधता है। उसके बाद मेरे चाचा के साथ कहासुनी होने लगी। उनलोगों ने उन्हें एवं उनके परिवार के सदस्यों के साथ को बेरहमी से मारपीट की।

# अवैध कोयला लदा दो बाइक जब्त शेष बाइक चालक मौके से फरार

निज संवाददाता | पाकुड़

**जामताड़ा।** कुंडहित पुलिस ने दुमका-आसनसोल मुख्य मार्ग पर धेनुकडिह स्थित अनुसूचित जनजाति स्कूल के समीप दो अवैध कोयला लदा बाइक जब्त किया। वही कोयला सहित जब्त बाइक को ट्रैक्टर पर लोड कर थाना लाया गया। मिली जानकारी के अनुसार अवैध कोयला लदा 05 बाइक नाला से दुमका की ओर जा रहा था। इस बीच अनुसूचित जनजाति विद्यालय के समीप गश्ती के दौरान थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के नेतृत्व में दो अवैध कोयला लदा बाइक को पुलिस ने जब्त किया। वही शेष बाइक चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गए। इधर कुंडहित थाना में थाना कांड संख्या 43/24 के तहत बाइक चालको पर प्राथमिक दर्ज की गई। कुंडहित पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में मोटरसाइकिल से अवैध कोयला के कारोबार करने वाले कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बन गई है।

# बाइक सवार ने पैदल चल रहे वृद्ध व्यक्ति को मारा धक्का, घायल

निज संवाददाता | साहिबगंज

पाकुड़ एसं थाना क्षेत्र के हिरणपुर-पाकुड़ मुख्य मार्ग में सुंदरपुर गांव के समीप एक बाइक सवार ने पैदल चल रहे वृद्ध व्यक्ति को धक्का मार दिया। जिससे पैदल चल रहा वृद्ध व्यक्ति व बाइक पर सवार व्यक्ति दोनों सड़क पर बेसुद पड़े रहे। जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार होकर कलदम लिट्टीपाड़ा निवासी जुएल मालतो (24) पाकुड़ से अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सुंदरपुर गांव के समीप सड़क पार कर रहे सुंदरपुर निवासी कैलाश यादव (60) को धक्का मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉ. मंजर ने इलाज किया। उन्होंने बताया कि बाइक सवार के सर पर चोट लगी है। जबकि वृद्ध व्यक्ति के दाहिने कलाई व दाहिना कमर में गंभीर चोट आया है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# तीन शातिर साइबर आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

निज संवाददाता | देवघर

जामताड़ा। जामताड़ा साइबर थाना पुलिस ने तीन साइबर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साइबर पुलिस के छापेमारी में जिले के करमाटांड थाना क्षेत्र के मंझलाडीह और नारायणपुर थाना के लोकनिया गांव से ईश्वर मंडल, बंटी कुमार सेन और विजय दास को साइबर अपराध करते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों के विरुद्ध साइबर थाना में कांड संख्या 69/24 आईटी एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।

मामले का खुलासा एसडीपीओ जामताड़ा विकास आनंद लांगुरी ने मंगलवार को साइबर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को मेडिकल जांच कर कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 10 मोबाइल, 30 सिम कार्ड, दो एटीएम कार्ड, दो विभिन्न बैंक के पासबुक और एक स्कूटी भी बरामद किया है। बताया की गिरफ्तार तीनों अपराधी कुख्यात साइबर अपराधी हैं। इन पर विभिन्न राज्यों में कई मामले दर्ज हैं। इनका मुख्य काम जिओ कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर लोगों का आधार कार्ड अपडेट करने और मोबाइल में स्क्रीन शेयरिंग के माध्यम से एनी डेस्क एप डाउनलोड कराकर साइबर ठगी करते थे। इन अपराधियों का अपराधिक कार्य क्षेत्र पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### वैश्विक हालात में जर्मनी- भारत के आपसी सहयोग का नया दौर

मौजूदा विश्व में जिस तेजी से अलग-अलग देशों और खेमों में पुराने समीकरण नई शक्ल ले रहे हैं, संबंधों के आयाम बदल रहे हैं, उसमें भारत और जर्मनी के बीच बहुस्तरीय सहयोग के नए तैयार होते रास्ते बेहद अहम हैं। जर्मनी और भारत के सातवें अंतर-सरकारी परामर्श यानी आइजीसी के आयोजन के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों का जो नया अध्याय खुला है, उससे काफी उम्मीदें लगाई जा रही हैं। यह सही है कि आर्थिक और सामरिक स्तर पर विश्व में कई स्तर पर खींचतान, तनाव और टकराव का माहौल चल रहा है और ऐसे में खासतौर पर भारत जैसे किसी देश के लिए सहयोग के मोर्चे तैयार करना एक कठिन चुनौती है।मगर इसी दौर में यह भी साबित हुआ है कि कुछ युद्धों और अन्य कारणों से दुनिया के ज्यादातर देश अपनी सुविधा के ध्रुवों में बंट रहे हैं, उसमें भारत अलग-अलग देशों के साथ अपने संबंधों को व्यावहारिकता और जरूरत की कसौटी पर तय कर रहा है।गौरतलब है कि जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के साथ भारतीय प्रधानमंत्री की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच कई मोर्चों पर सहयोग की घोषणा की गई। इसमें कई संधियों पर हस्ताक्षर किए जाने के साथ-साथ द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया गया। भारत में बेरोजगारी की समस्या आम है तो जर्मनी में कुशल कामगारों की कमी है। इस लिहाज से देखें तो द्विपक्षीय बातचीत में जर्मनी में भारत के कुशल कामगारों की बढ़ती मांग और यहां के प्रशिक्षित श्रमिकों के लिए वार्षिक वीजा की संख्या बीस हजार से बढ़ा कर नब्बे हजार करने पर बनी सहमति काफी मायने रखती है।व्यापार और सामरिक साझेदारी के मोर्चे पर महत्त्वपूर्ण बातचीत के अलावा तकनीक, कौशल विकास, कृत्रिम बुद्धिमता, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर खुफिया जानकारी साझा करने जैसे कई मुद्दों पर सहयोग की घोषणा से स्पष्ट है कि कुछ मसलों पर मतभिन्नता के बावजूद जर्मनी और भारत एक नए रास्ते की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि यह देखना होगा कि मुक्त व्यापार पर विश्व व्यापार संगठन की व्यवस्था को मानने के मसले पर किस हद तक सहमति बन पाती है।ताजा बैठक में रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में भारत की भूमिका का भी जिक्र हुआ।

### इस्राइल का ईरान पर हमला, तनाव कम करने के प्रयास

इस्राइल ने महीने की शुरुआत में हुए ईरानी हमले का जवाब देते हुए शनिवार तड़के करीब 100 लड़ाकू विमानों के जरिए उस पर हमला किया। इस रूप में जरूर यह एक गंभीर घटना कही जाएगी कि पहली बार इस्राइल ने ईरान पर सीधा हमला किया है, लेकिन कई ऐसे संकेत हैं जो बताते हैं कि इस कार्रवाई के बाद मध्यपूर्व में तनाव कम करने के प्रयास जोर पकड़ सकते हैं।इस्राइल की इस कार्रवाई ने उसे यह दावा करने की सहूलियत दे दी है कि जैसे को तैसा की तर्ज पर जवाब देकर उसने ईरान से हिसाब बराबर कर लिया है, लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि न तो इस सैन्य कार्रवाई की जद में परमाणु और तेल ठिकानों को शामिल किया गया और न ही आम लोगों को नुकसान पहुंचाया गया। जानकारों के मुताबिक, यह इस बात का संकेत है कि इस्राइल का इरादा मामले को और भड़काने का नहीं है।हमले पर ईरान की सतर्क और संतुलित प्रतिक्रिया भी कुछ ऐसा ही संकेत दे रही है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने हमले के बाद कहा कि उसे आत्मरक्षा में कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। ध्यान रहे, उसने इस हमले का बदला लेने जैसी कोई बात नहीं कही। इसके उलट कुछ समय बाद ईरानी सेना की ओर से जारी बयान में यह संकेत दिया गया कि अगर गाजा पट्टी और लेबनान में जारी इस्राइल की जमीनी कार्रवाई पर किसी तरह की रोक लगती है, कोई युद्धविराम लागू होता है तो उसके जवाबी हमले की संभावना और कम हो जाएगी।दोनों देशों के रुख में आई इस नरमी ने शांति प्रयासों की सफलता की गुंजाइश बढ़ा दी है। देखा जाए तो हिजबुल्लाह और हमास के शीर्ष नेतृत्व का काफी हद तक सफाया करने के बाद इस्राइल की नेतन्याहू सरकार अब यह कह सकती है कि उसका अभियान निष्फल नहीं रहा। ऐसे में बड़ा सवाल यह हो जाता है कि आखिर बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने में उसे और कितना वक्त लगेगा। अगर मध्यस्थता के प्रयासों के जरिए बंधकों की रिहाई का कोई सर्वमान्य फॉर्म्युला निकलता है तो सभी पक्षों के लिए राहत की बात होगी।

## चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा

(ललित गर्ग)

वैसे यह उम्मीद करना जल्दबाजी ही होगी कि भारत-चीन सीमा पर जमीनी हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। क्योंकि भारतीय जमीन पर चीनी सेना के अतिक्रमण की वजह से ही दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तनाव के कारण दूरियां काफी बढ़ गयी थी। गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम

> *ऐसा हुआ भी है कि भारत ने चीन को अपने देश में बाजार नहीं बनने दिया, जिसका बड़ा खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है। चीन की अर्थ-व्यवस्था में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। निःसंदेह संबंध सामान्य होने से चीन के आर्थिक हित सधेंगे, लेकिन भारत को अपने आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। वैसे यह उम्मीद करना जल्दबाजी ही होगी।*

बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं। चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। इसके बावजूद भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बहुत संयम बरता, भड़काने वाली परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और बातचीत के जरिये ही मामले का हल निकाला। लेकिन, चिंता कम नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार बरसों के दौरान चीनी सेना ने बेहद दुर्गम पर्वतीय इलाकों में पक्के निर्माण कर लिए हैं। आशंका है कि चीन अपने इन सैन्य ढांचागत निर्माण को ध्वस्त कर इलाका पूरी तरह छोड़ देने के लिए तैयार होगा भी या नहीं? ऐसी स्थिति में पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों में सैन्य तनाव और परस्पर अविश्वास की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय सामरिक पर्यवेक्षकों के बीच चीन के इरादों को लेकर शक बना रहेगा, क्योंकि हमारे इस पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार चीन को भारत से दोस्ती का महत्व समझ आ गया है तो यह दोनों देशों के साथ समूची दुनिया के हित में है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि भी शीघ्र टेबल पर बैठकर भरोसे एवं विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा करेंगे, लेकिन भारत को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि चीन कहीं दो कदम आगे बढ़कर चार कदम पीछे न हट जाये, ऐसा पहले भी हो चुका है। भारत को चीन से संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ने के पहले इसकी पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं वह फिर से वैसी हरकत तो नहीं करेगा, जैसी डोकलाम, गलवन, देपसांग आदि में की है। यह ध्यान रहे कि अतीत में चीन ने अपने अति महत्वाकांक्षी एवं अतिक्रमणकारी रवैये को तभी छोड़ा है, जब भारत ने यह जताने में संकोच नहीं किया कि वह बहुपक्षीय सहयोग के ब्रिक्स और एससीओ जैसे संगठनों को अपेक्षित महत्व देने से इन्कार कर सकता है।

## इसलिए मनाई जाती है धनतेरस

(पराग शर्मा)

समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि जब अपने हाथों से अमृत कलश लेकर निकले थे, उस दिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि थी। इसलिए इस दिन को धनतेरस का पर्व मनाया जाता है। भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना करने से आरोग्य सुख की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं धनतेरस का पर्व क्यों मनाया जाता है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में यह शुभ तिथि 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को है। शास्त्रों के अनुसार, इस तिथि को समुद्र मंथन के समय भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इस वजह से इस तिथि को धनतेरस या धनत्रयोदशी तिथि के नाम से ही जाना जाता है। भगवान धन्वंतरि के अलावा इस दिन माता लक्ष्मी, धन के देवता कुबेर और मृत्यु के देवता यमराज की भी पूजा की जाती है। इस दिन दीपावली का पर्व शुरू हो जाता है और इस दिन सोना-चांदी या नए बर्तन खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं धनतेरस क्यों मनाया जाता है और इसकी कहानी क्या है। भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य को ही सबसे बड़ा धन माना गया है और इस दिन को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान धन्वंतरि को भगवान विष्णु का अंश माना जाता है और इन्होंने ही संसार में चिकित्सा विज्ञान का प्रचार और प्रसार किया। इस दिन घर के द्वार पर तेरस दीपक जलाए जाने की प्रथा है। धनतेरस दो शब्दों से मिलकर बना है - पहला धन और दूसरा तेरस जिसका अर्थ होता है धन का तेरह गुना। भगवान धन्वंतरि के प्रकट होने के कारण इस दिन को वैद्य समाज धन्वंतरि जयंती के रूप में मनाता है। शास्त्रों में वर्णित कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरि हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। जिस तिथि को भगवान धन्वंतरि समुद्र से निकले, वह कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि थी। भगवान धन्वंतरि समुद्र से कलश लेकर प्रकट हुए थे इसलिए इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परंपरा चली आ रही है। भगवान धन्वंतरि को विष्णु भगवान का अंश माना जाता है और इन्होंने ही पूरी दुनिया में चिकित्सा विज्ञान का प्रचार और प्रसार किया। भगवान धन्वंतरि के बाद माता लक्ष्मी दो दिन बाद समुद्र से निकली थीं इसलिए उस दिन दीपावली का पर्व मनाया जाता है। इनकी पूजा-अर्चना करने से आरोग्य सुख की प्राप्ति होती है। एकबार मृत्यु के देवता यमराज ने यमदूतों से प्रश्न किया कि क्या कभी मनुष्य के प्राण लेने में तुमको कभी किसी पर दया आती है। यमदूतों ने कहा कि नहीं महाराज, हम तो केवल आपके दिए हुए निर्देषों का पालन करते हैं। फिर यमराज ने कहा कि बेझिझक होकर बताओं कि क्या कभी मनुष्य के प्राण लेने में दया आई है। तब एक यमदूत ने कहा कि एकबार ऐसी घटना हुई है, जिसको देखकर हृदय पसीज गया। एक दिन हंस नाम का राजा शिकार पर गया था और वह जंगल के रास्ते में भटक गया था और भटकते-भटकते दूसरे राजा की सीमा पर चला गया। वहां एक हेमा नाम का शासक था, उसने पड़ोस के राजा का आदर-सत्कार किया। उसी दिन राजा की पत्नी ने एक पुत्र को जन्म भी दिया। ज्योतिषों ने ग्रह-नक्षत्र के आधार पर बताया कि इस बालक की विवाह के चार बाद ही मृत्यु हो जाएगी। तब राजा ने आदेश दिया कि इस बालक को यमुना तट पर एक गुफा में ब्रह्मचारी के रूप में रखा जाए और स्त्रियों की परछाई भी वहां तक नहीं पहुंचनी चाहिए। लेकिन विधि के विधान को कुछ और ही मंजूर था। संयोगवश राजा हंस की पुत्री यमुना तट पर चली गई और वहां राजा के पुत्र को देखा। दोनों ने गन्धर्व विवाह कर लिया। विवाह के चार दिन बाद ही राजा के पुत्र की मृत्यु हो गई। तब यमदूत ने कहा कि उस नवविवाहिता का करुण विलाप सुनकर हृदय पसीज गया था। सारी बातें सुनकर यमराज ने कहा कि क्या करें, यह तो विधि का विधान है और मर्यादा में रहते हुए यह काम करना पड़ेगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5538

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | | 6 | | 1 |
| | | 7 | 2 | | | | 8 | |
| | | 9 | 3 | | | | | 2 |
| | | | 1 | | | | | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | | | | | 4 | | | |
| 4 | | | | | 3 | 5 | | |
| | 3 | | | | 2 | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | | 3 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5537

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 9 |

## वर्ग पहेली 5538

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | | ■ | ■ | 10 | |
| | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | 14 | ■ | 15 | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| ■ | 19 | 20 | ■ | 21 | | | |
| 22 | | | ■ | | ■ | | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. विम्बल्डन टेनिस में अपनी जीत दर्ज कराने वाली प्रथम भारतीय महिला (5)
4. चंद्रमा के पुत्र जो नवग्रहों में से एक है (2)
6. जो भाग्य में लिखा हो, प्रारब्ध (2)
7. प्रेमी, सनम, बलामा (3)
8. झंकृत होना, झंकारना (4)
10. दिन, दिवस (2)
11. रपटन, फिसलाहट, आलुभन (4)
13. प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि (2)
15. आरूढ, एक संगीत वर्ण (3)
16. दंडादेश, अलंकृत (2)
19. अवाम, पब्लिक, रैयत (2)
21. सन् 2015 की सुपरहिट फिल्मों में से एक (4)
22. मिट्टी खोदने का एक फावडेनुमा औजार (3)

**ऊपर से नीचे**

1. गुजरात की एक प्रसिद्ध नदी जिसके किनारे अहमदाबाद व गांधीगन जैसे नगर बसे हुए है (5)
2. उपपति, समाधान, निराकण (3)
3. प्राप्त हुआ, उपलब्ध होना, समाविष्ट होना, सादृश्य होना (3)
4. कायर, डरपोक, भीरू (4)
5. जिसके पास अपार संपत्ति हो, रईस, धनपति (4)
9. व्याकरण में वह शब्द जिसके वाक्य पर कर्ता की क्रिया का प्रभाव पड़े, वह जो किया जावे (2)
11. कांच के उद्योग के लिए प्रसिद्ध है उत्तर प्रदेश का यह नगर विशेषतः चूड़ी बनाने के लिए (5)
12. दस्तखत, हस्ताक्षर, हकीकत (2)
14. सरगम फिल्म से अपनी अभिनय यात्रा शुरू करने वाली अभिनेत्री जो इन दिनों राजनीति में सक्रिय है (4)
15. अग्नि, आंच, अंचति, हुतभोजी (2)
17. कारण, हेतु (3)
18. नकली, कूटकृत, नेट, मैश (2)
20. षड्यंत्र, कूटयुक्ति, पुशपाश (2)

### वर्ग पहेली 5537 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नि | ल | अं | बा | नी | ■ | वि |
| का | जी | ■ | ग | ल | ■ | वि | श्व |
| ल | ■ | मो | द | क | ■ | ला | ना |
| ग्र | ह | ■ | ■ | ■ | श | प | थ |
| स्त | न | हा | र | ■ | मी | ■ | न |
| ■ | न | ल | क | ■ | म | हु | आ |
| बु | ■ | ■ | मी | ना | ■ | ■ | नं |
| त | स्वी | र | ■ | म | क | स | द |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में बहुत सावधानी बरतने की ज़रूरत है। आपके विरोधी आपसे आगे निकलने की कोशिश करेंगे। कारोबार में भी लोगों के बीच में आपस में तगड़ा कंपटीशन रहेगा अभी कोई नया काम शुरू करने के लिए समय सही नहीं है। दिन का काम जल्दी खत्म करके शाम को परिवार के साथ समय बिताएंगे तो आपको आनंद प्राप्त होगा।

### वृष
आज दिन काफी चचुनौतीपूर्ण रहेगा। ऑफिस में आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ेगा, लेकिन आपकी कार्यकुशलता से आप हर काम को आसानी से और समय से पूरा कर लेंगे। परिवार के साथ शाम के वक्त आप धनतेरस की शॉपिंग करने जाएंगे। त्योहार का मजा लेने में ध्यान रखें कि आपकी जेब पर अधिक बोझ न आए।

### मिथुन
आज भाग्य का साथ मिलेगा और कारोबार से जुड़ी हर योजना सफल होगी। आप करियर में तरक्की करेंगे और धन में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। भाग्य हर काम में साथ देगा। विरोधियों की चाल विफल होगी। सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। पुराना विवाद सुलझ जाएगा।

### तुला
आज फायदे का दिन है और आपको शुभ कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आपको मन के अनुसार लाभ होगा और आप जो भी फैसला लेंगे, वो फायदेमंद होगा। संतान के विवाह में आ रही अड़चनें दूर होंगी। जनसंपर्क बढ़ेगा। आप शाम के वक्त थोड़ा सुकूल महसूस करेंगे और परिवार के साथ त्योहार की शॉपिंग करने जाएंगे।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और आप वृद्धजनों की सेवा और धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। आपके विरोधी आपसे परेशान रहेंगे। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आपका दिन ऑफिस के बाद परिवार के लोगों के साथ खुशी में बीतेगा। आप शाम के वक्त शॉपिंग करने जाएंगे और घर को सजाने के लिए नई-नई वस्तुएं खरीदकर घर लाएंगे। आपका मन प्रसन्न रहेगा और आपके सुख में वृद्धि होगी।

### धनु
आज दिन सामान्य रहेगा और सब कुछ आपके मन के अनुसार पूरा होता रहेगा। आपको संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। आपका मनोबल बढ़ेगा। भाग्य आपका साथ देगा। आप पर मां लक्ष्मी की कृपा रहेगी और आपके धन में कई गुना वृद्धि होगी। आपको कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा और धन से जुड़ी कई योजनाएं सफल होंगी।

### कर्क
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपको भूमि-जायदाद के मामलों में सफलता मिलेगी। अधिकारियों की कृपा से विवाद सुलझ जाएगा। शाम को सेहत का ध्यान रखें। आप किसी मामले में फालतू खर्च से बचें और अपने ऊपर नियंत्रण रखें। आपके घर में मेहमानों का आगमन होगा और लोग आपके लिए उपहार लेकर आएंगे।

### सिंह
आज अचानक धन लाभ हो सकता है। किसी बुजुर्ग महिला का आशीर्वाद मिलेगा। भाई-बंधुओं से चल रहा विवाद खत्म होगा। आपका दिन शुभ होगा और धन से जुड़ी कार्ययोजनाएं सफल होंगी। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलेगा। आपका दिन धन समृद्धि के मामले में लाभ से भरा होगा और कारोबार में मां लक्ष्मी आप पर मेहरबान रहेंगी।

### कन्या
आज लाभ होगा और आपके लिए आय के नए स्रोत खुलेंगे। आपके विरोधी हारेंगे। आपका भाग्य चमकेगा। व्यापार में निवेश करना फायदेमंद रहेगा। आपको धन लाभ होगा। आपको दीपावली के शुभ अवसर पर नए-नए उपहार की प्राप्ति होगी। आपके धन और सम्मान में वृद्धि होगी।

### मकर
आज दिन करियर और कारोबार में लाभ से भरा होगा। धनतेरस के लिए की गई आपकी पूरी प्लानिंग सफल साबित होगी। हांलाकि जो लोग नौकरी करते हैं उनको महीने के आखिर में थोड़ी सी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। मेहनत अधिक होगी, लेकिन आमदनी कम होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। पारिवारिक क्लेश रहेगा।

### कुंभ
आज दिन शुभ रहेगा। सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। घर में धन-धान्य की वृद्धि होगी। जीवनसाथी और दोस्तों से धन लाभ होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। आपकी योजनाएं और कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और दिन खुशी में बीतेगा। आप शाम को परिवार के लोगों के साथ मार्केट जाएंगे और शॉपिंग का लुत्फ उठाएंगे। आपके धन में कई गुना वृद्धि होगी।

### मीन
आज दिन कारोबार में सफलता से भरा होगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। कोई बड़ा अनुबंध आपके पक्ष में आ सकता है। आपकी बातों का असर होगा। कारोबार में धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। आपका दिन धन संबंधी मामलों में आर्थिक लाभ से भरा होगा और धन का निवेश करने के लिए दिन शुभ है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## न्यूज बाइट्स

### 39 लीटर शराब के साथ दो बाइकों को किया जब्त

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के छपरा मोड़ के समीप मंगलवार की रात्रि शराब लेकर जा रहे एक अनियंत्रित बाइकसवार ने एक महिला को धक्का मार कर फरार हो गया। डायल 112 की टीम एवं पीटीसी जयप्रकाश चौधरी द्वारा घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त बाइक समेत 15 लीटर शराब को जब्त करते हुए थाना परिसर लाया गया। वहीं गुप्त सूचना के आलोक में एसआई इन्द्रदेव राय ने फरका बुजुर्ग के मांगोडीह गांव से एक होंडा शाइन बाइक पर लदे 24 लीटर शराब को जब्त किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीती रात्रि छपरा मोड़ के समीप एक महिला को एक अनियंत्रित बाइक सवार ने धक्का मारकर फरार हो गया है। इस सड़क दुर्घटना में महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई, जिसे डायल 112 की मदद से अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त अपाचे बाइक संख्या बीआर29एएल4668 के सीट पर रहे 3-3 लीटर के पाउच में बन्द कुल 15 लीटर शराब को जब्त किया गया। वहीं मंगलवार की रात्रि मांगोडीह में शराब बिक्री को लेकर गुप्त सूचना मिली। मिले सूचना पर पहुंची पुलिस बल को देखते ही शराब धंधेबाज मांगोडीह गांव निवासी बालेश्वर यादव के पुत्र दिनेश यादव अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। वहीं होंडा शाइन बाइक संख्या बीआर27एच7353 पर एक-एक लीटर के पाउच में रहे कुल 24 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों बाइकों एवं जब्त 39 लीटर शराब को लेकर दो अलग-अलग थाना कांडो में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं छपरा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना कर भागने वाले चालक एवं मालिक के अलावे फरार होने वाले शराब धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### 24 घंटे के अंदर 52 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवादा (नि.सं.)।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 28 अक्टूबर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 05, अनुसूचित जाति/जनजाति में 04, मद्य निषेध में 14 एवं अन्य गिरफ्तारी 29 कुल 52 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 409 लीटर महुआ शराब एवं विदेशी शराब 46.88 लीटर बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 60 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 564 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 60 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 03 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### युवक का शव बरामद, गला दबा हत्या का आरोप

**नवादा (नि.सं.)।** नगर थाना क्षेत्र के चौधरी नगर के एक घर से युवक का शव बरामद कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। युवक की पहचान चौधरी नगर के स्व सदानंद पांडेय के 27 वर्षीय पुत्र कुंदन पांडेय के रूप में की गई है। परिजनों ने गला दबा कर हत्या करने का आरोप लगाया है।

# जिलाधिकारी ने कृष्णा नगर में नव प्राथमिक विद्यालय का किया उद्घाटन

निज संवाददाता | नवादा



जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा ने नवादा सदर प्रखंड के कृष्णा नगर में आगजनी की घटित घटना में बेघर बच्चों के लिए नव प्राथमिक विद्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके पूर्व कृष्णा नगर पहुंचते ही बच्चों ने जिलाधिकारी एवं उपस्थित सभी अधिकारियों को माथे पर तिलक लगाकर अभिवादन किया। जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित बच्चों को पुस्तक का वितरण किये एवं मिठाई भी बांटा। बच्चों को नियमित पढ़ाई के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को हौसला देते हुए कहा कि पढ़ोगे तो बढ़ोगे। जिलाधिकारी ने उपस्थित अविभावकों को कहा कि बच्चे भारत के भविष्य हैं। कृष्णा नगर में आगजनी की घटना को बहुत ही दुखद बताया और कहा कि प्रशासन के द्वारा काफी सहयोग किया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजा की राशि खाते में दे दी गयी है। बच्चों के पढ़ने का हक है। हमलोग को बच्चों को पढ़ाना आवश्यक है। शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण का अधिकार बच्चों का है। उन्होंने सभी अविभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार दें ताकि भविष्य में अच्छे राष्ट्र का निर्माण करें। शिक्षित इंसान वस्तुतः समाज के लिए धरोहर है। पढ़ेगा बिहार तो बढ़ेगा बिहार। शिक्षित होने पर किसी पर आश्रित नहीं रहना पड़ेगा। शिक्षा विहीन मानव पूंछ विहीन पशु के समान होता है। अगर सुखद जीवन जीना है तो शिक्षा सर्वोपरि है। उसी से मानव की पहचान बनती है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के लिए काफी उत्साहित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह स्कूल तत्कालिक सामुदायिक भवन, कृष्णानगर में परिचालन की गई। इस विद्यालय के लिए जमीन आवंटित कर ली गयी है। इस स्कूल में 01 से 05 वर्ग के बच्चों के लिए पढ़ाई की व्यवस्था है। नये भवन निर्माण के पश्चात विद्यालय को स्थानांतरण कर दिया जायेगा। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता नवादा चन्द्रशेखर आजाद, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर अखिलेश कुमार, डीसीएलआर नवादा गौरव कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ तनवीर आलम, डीपीओ प्रियंका कुमारी के साथ-साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कला उत्सव में बच्चों ने अपनी संस्कृति की झांकी की प्रस्तुत

**पकरीबरावां (नवादा) (नि. सं.)।** बुधवार को पकरीबरावां प्रखण्ड की दक्षिणी ग्राम पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज में बच्चों ने कला उत्सव के तहत आकर्षक झांकी निकाली। विद्यालय की छात्रा पूनम, अंजली, रेशमा, कोमल, राधिका, निशा, धनवर्ती आदि ने लोक आस्था का महापर्व छठ की झांकी निकाली। छात्राओं द्वारा आस्था का महापर्व पर प्रस्तुत की गई आकर्षक झांकी विद्यालय अध्यापिका अर्चना भारती के निर्देशन में प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुति की काफ़ी सराहना की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि कला उत्सव के तहत बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई झांकी बिहार की संस्कृति को दर्शाता है। इससे बच्चों को अपनी संस्कृति की जानकारी मिलती है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पंचम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## दीपोत्सव के अवसर पर मॉडर्न ग्रुप में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | नवादा

शहर में स्थित मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सभी विद्यालयों में प्रकाशोत्सव दीपावली के अवसर पर बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मॉडर्न इंग्लिश स्कूल कुंती नगर, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया नवादा, न्यू मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया नवादा, मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल एवं मॉडर्न पब्लिक स्कूल के हजारों बच्चों ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने घरेलू और प्राकृतिक रंगो का प्रयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के आकर्षक रंगोलियां बनाई। जिनमें भगवान राम और माता सीता, पर्यावरण संरक्षण, धूम्रपान निषेध, ममत्व, अपनत्व एवं भाईचारे को प्रदर्शित कर विशेष आकर्षण बिखेरा। इस दौरान रंगोली बनाने को लेकर छात्रों और छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। मॉडर्न समूह के निदेशक डॉ अनुज सिंह ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने इस रंगोली के माध्यम से भारतीय संस्कृति की परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और समाज के लोगों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागृत किया। विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास ने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता से विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और कलात्मक क्षमताओं को दिखाने का मौका मिलता है। वही मौके पर उपस्थित विद्यालय के उपप्राचार्य मिथिलेश कुमार विजय एवं सुजय कुमार ने ने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में समूह में काम करने की समझ, टीमवर्क, सहयोग, और प्रभावी संचार के महत्व का पता चलता है। में बच्चों ने आकर्षक पेंटिंग बनाकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक ने बच्चों की प्रस्तुतियों का अवलोकन किया तथा बच्चों के कला की सराहना की।

# असमाजिक तत्वों ने झोपड़ी नुमा मुर्गा दुकान में लगाई आग, जलकर राख

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



थाना क्षेत्र के बिक्कू गांव के समीप तिलैया नदी के पुल के पास झोपड़ी में संचालित दुकान में आग लगने के मामले में बिक्कू निवासी प्रेम कुमार ने गांव के पांच लोगों को आरोपित किया है। घटना बीते रात मंगलवार की बताया जा रहा है। बताया गया प्रेम कुमार उस झोपड़ी में अंडा, मुर्गी, मिक्चर, दालमोट की बिक्री करता था। घटना की सूचना पर पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की।थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने कहा आवेदन के आलोक में पांच लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। जिसका कांड संख्या 383 /2024 है। इस मामले में अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इधर, गांव के हरिमोहन प्रसाद समेत अन्य कहते हैं कि प्रेम कुमार द्वारा लगाया जा रहा सभी आरोप बेबुनियाद है। राजनीत के तहत हमलोग को फंसना चाहता है। हमलोगों के पुस्तैनी भूमि को कब्जा कर रखा है। झोपडी में नशे का अवैध धंधा करता है। जिसके कारण वहां पर बदमाशों का आवागमन हमेशा होते रहता है। जब ग्रामीण इस धंधे को लेकर विरोध किया, तब वह उल्टे हमलोग ग्रामीण को केस में फंसा देने का धमकी दी थी। कहा गया कुछ माह पूर्व यहां दो घटना हुई थी। जिसमे दिलीप कुमार के घर में डकैती की वारदात हुई थी। जिसका कांड संख्या 71/ 2024 है।कहा गया हाल के दिनों में प्रेम कुमार ने गांव के लोगों के विरुद्ध जातिसूचक व मारपीट का मामला दर्ज कराया है। जिसका कांड संख्या 377/2024 है। ग्रामीण पूर्व मुखिया वीरेंद्र कुमार सिंह, पूरण सिंह, रतन सिंह, बिनोद कुमार समेत दर्जनों लोगों ने बताया कि प्रेम पासवान द्वारा नदी किनारे शराब बेचने का कार्य किया जाता है। जिसकी लिखित शिकायत हमलोगों ने अधिकारियों से किया है। इस बात से खीस खाए प्रेम पासवान ने खुद झोपडी में आग लगा कर ग्रामीणों को परेशान कर रहा है। लोगों ने बताया कि वह हमेशा ग्रामीणों को धमकी देते रहता है कि हम तुमलोगों को केस में फंसा देंगे। हम दलित हैं, हमको तो सरकार मुकदमा लड़ने के लिए रुपया देगी। झोपडी में आग कब लगा, कैसे लगा किसी को पता नहीं है।





# मंधाना बनीं सेंचुरी क्वीन

## तोड़ डाला सबसे ज्यादा शतकों का भारतीय रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्मृति मंधाना ने एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. वो अब भारतीय महिला क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा वनडे सेंचुरी लगाने वाली क्रिकेटर बन गई हैं. उन्होंने महान बल्लेबाज मिताली राज को पीछे छोड़कर यह कीर्तिमान स्थापित किया है. स्मृति ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में 100 रन की पारी खेली और टीम इंडिया को सीरीज में 2-1 से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया.



स्मृति मंधाना के करियर का यह वनडे मैचों में आठवां शतक रहा. अब सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने के मामले में में केवल 6 प्लेयर ही उनसे आगे हैं. स्मृति से पहले यह भारतीय रिकॉर्ड मिताली राज के नाम था, जिन्होंने अपने 232 मैचों के विशाल करियर में कुल सात शतक लगाए थे. वहीं महिला वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर मेग लैनिंग के नाम है, जिन्होंने अपने शानदार करियर में 15 शतक ठोके थे. लैनिंग 2023 में संन्यास ले चुकी हैं.

यह इंटरनेशनल क्रिकेट में स्मृति मंधाना का कुल 10वां शतक रहा क्योंकि उन्होंने 7 टेस्ट मैचों के करियर में भी दो शतकीय पारी खेली हैं. वनडे क्रिकेट में स्मृति मंधाना 88 मैचों में अब तक 3,690 रन बना चुकी हैं, जिनमें उनके नाम 8 शतक और 27 अर्धशतकीय पारी भी हैं.

### स्मृति मंधाना के अन्य रिकॉर्ड

स्मृति मंधाना इससे पहले भारत के लिए सबसे तेज 2,000 वनडे रन बनाने वाली खिलाड़ी रह चुकी हैं. उन्होंने 51 पारियों में यह कीर्तिमान बनाया था और सबसे तेज 3,000 रन बनाने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है. मंधाना ने 76 पारियों में तीन हजार रन का आंकड़ा छुआ था. वो इंटरनेशनल क्रिकेट में 8,000 रन बनाने से केवल 113 रन दूर हैं. इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर मिताली राज हैं, जिन्होंने अपने करियर में तीनों फॉर्मेट में कुल मिलाकर 10,868 रन बनाए थे.

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतना एक बड़ी बात हैः कमिंस



**सिडनी, एजेंसी।** पैट कमिंस कभी भी भारत के खिलाफ विजयी टेस्ट सीरीज अभियान का हिस्सा नहीं रहे हैं और ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान अपने सीवी से इस दाग को मिटाना चाहते हैं जिसकी शुरुआत 22 नवंबर से पर्थ में होने होगी। 31 वर्षीय पैट कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, वनडे विश्व कप जीता है, दोनों में भारतीयों को हराया है और एशेज, लेकिन पारंपरिक प्रारूप में द्विपक्षीय सीरीज में भारत को कभी नहीं हरा पाया। मंगलवार को अपनी किताब के लांच पर कमिंस ने कहा, यह एक बड़ी बात है जिसे मैं पूरा करना चाहता हूं। 62 टेस्ट खेलने वाले कमिंस ने कहा, खासकर घर पर जीतना। ज्यादातर ऑस्ट्रेलियाई, जिनमें मैं भी शामिल हूं, हमसे उम्मीद करते हैं कि जब भी हम घर पर खेलें, तो हम अच्छा प्रदर्शन करें।

भारत एकमात्र टीम है जिसे ऑस्ट्रेलिया अपनी पिछली 16 टेस्ट सीरीज में हराने में विफल रहा है। 2014-15 के बाद से ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा नहीं जमा सका जिसमें भारत ने लगातार चार सीरीज़ जीतीं जिसमें 2018-19 और 2020-21 में ऐतिहासिक जीत भी शामिल है। कमिंस ने कहा, हमने उनके खिलाफ (ऑस्ट्रेलिया में) (पिछली) दो सीरीज गंवा दी हैं, इसलिए यह एक बड़ी बात है। हमें लगता है कि हमारी टीम वास्तव में अच्छी स्थिति में है, इसलिए हमारे पास कोई कारण नहीं है कि हम वास्तव में अच्छा प्रदर्शन न करें।

कमिंस ने कहा, मैं हमेशा यही उम्मीद करता हूं कि हम जिस किसी के भी खिलाफ खेलें, उसके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करें। लेकिन भारत, विशेष रूप से, एक बड़ा साल, बड़ा सीजन है। भारत ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में टेस्ट सीरीज में हराने वाला एकमात्र एशियाई देश बना हुआ है, लेकिन मेहमान टीम इस बड़े टूर्नामेंट में दबाव में होगी, क्योंकि उसे 2012 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड से घरेलू सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। उनकी परेशानियों में और इजाफा करते हुए कप्तान रोहित शर्मा और करिश्माई भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि जब भी कोई टीम दबाव में होती है, तो यह बुरी बात नहीं है, अगर आप उनके खिलाफ खेल रहे हैं। लेकिन वे पहले भी यहां खेल चुके हैं और अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं।



## एमएस धोनी खिलाड़ियों को टीम मीटिंग में नहीं टॉयलेट में डांटते हैं!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अनुभवी भारतीय गेंदबाज मोहित शर्मा ने हाल ही में बताया कि कैसे चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एक बार अपना आपा खो दिया था, जब इंडियन प्रीमियर लीग के 2019 सत्र के एक मैच के दौरान दीपक चाहर ने उनकी सलाह नहीं मानी थी।

धोनी ने चाहर से नकल बॉल नहीं करने को कहा था, लेकिन तेज गेंदबाज उनकी बात नहीं माना। दीपक चाहर ने कई बार धोनी की डांट के किस्से सुनाए हैं। अब एक कार्यक्रम के दौरान धोनी ने चाहर को क्यों डांटा था इसके बारे में बताया है। धोनी ने यह भी बताया कि वह टीम मीटिंग में खिलाड़ियों को नहीं डांटते। वो टॉयलेट या ऐसी जगह पर खिलाड़ी को डांटते हैं, जहां कोई और न हो। इसका कारण भी उन्होंने बताया।

धोनी ने बताया, अब दीपक ने अपना मुंह खोल ही दिया है तो मैं भी खोल ही देता हूं। काफी साल पहले की बात है। वो हमारे लिए शानदार क्रिकेटर रहे हैं, जहां भी हमारे साथ खेला उन्होंने अच्छा किया है। उसका हमेशा मेरा से कंपलेन था। माही भाई आप यार मुझे डेथ में बॉलिंग नहीं कराते हो। मैं बोला यार 4 ओवर तू ऊपर में इतना अच्छा डाल दे रहा है विकेट ले रहा है, तो तुझे डेथ में क्यों बॉलिंग करनी है। जो भी उसके दिमाग में हो। 4 ओवर डालता था। 90 प्रतिशत बार 4 ओवर करता था, लेकिन डेथ ओवर में नहीं। हम किसी और का इस्तेमाल करते थे।

### मुझे तेरे तरकश के सारे तीर थोड़े देखने हैं

धोनी ने आगे बताया ऐसा ही कुछ-कुछ हुआ और बॉलिंग हो रही थी। उसे पसीने बहुत होता है। पसीना बहुत होता है का मतलब है कि खड़ा भी होता है तो पानी ही है। तो वो बॉलिंग पर था, उसे बहुत शौक होता है वैरिएशन का। वो चालाक है। उसे पता है वो क्या कर रहा है। मैंने उससे यही बोला कि भाई नकल बॉल मत डालना। नकल बॉल बहुत कठिन है। अगर आपको पसीना हो रहा है तो फ्रिक्शन नहीं होगा, तो आप उस समय कैसे वह गेंद करेंगे। लेकिन वह सबकुछ जानता है। उसे तो ट्राई करना था। हमारी जो दाढ़ी-वाढ़ी सफेद की हुई है उसको लगता है धूप से हुई है। उसने कोशिश की और नोबॉल वगैरह हो गया। मैं गया उसके पास और मैं वो बातें नहीं बता सकता कि मैंने उससे क्या कहा। मैंने उसे सिंपल चीज बोली यार मुझे तेरे तरकश के सारे तीर थोड़े देखने हैं। मुझे पता है तू क्या करता है। तेरे पास वैरिएशन कैसा है। मैं सबकुछ जानता हूं। तू परिस्थिति के हिसाब से गेंद कर। जो टीम को चाहिए उसके हिसाब से डाल न। तरकश के तीर तो मैं देख लूंगा, जब मन होगा तब।

### गलत तू नहीं है, गलत मैं हूं

चाहर ने बताया था कि धोनी ने उनसे कहा था कि गलत तू नहीं है, गलत मैं हूं, जो तूझसे उम्मीद करता हूं। इसे लेकर धोनी ने कहा, ये तो फैक्ट है। इतने मजबूरी के बाद, इतना सोचने के बाद मैंने बोला कि ये मत डालना। उसके बाद भी उसने वही डाला। शायद उसके पास और ऑप्शन थे, जो वह ट्राई कर सकता था। मैंने तो एक ही चीज बोला था कि ठीक है ये जो 50 लॉलीपॉप हैं न ये जो फ्लेवर है मुझे दे दे। उसके वही एक फ्लेवर चाहिए बाकी 49 नहीं चाहिए। लेकिन अंत में वो समझा। महत्वपूर्ण बात यह है कि हम सब गलती करते हैं, लेकिन हम उस गलती से क्या सीखते हैं वो अहम चीज है। दो गलतियां जो सेम होती हैं उसके बीच का अंतर जितना ज्यादा होगा उतना अच्छा आप क्रिकेटर हो चाहे आप बॉलर हो चाहे आप बैट्समैन हो।

### किसी खिलाड़ी को सबके सामने नहीं डांटते धोनी

धोनी ने बताया कि क्यों वे किसी खिलाड़ी को सबके सामने नहीं डांटते। क्यों उनकी डांट खिलाड़ियों को बुरी नहीं लगती।

## पूर्व कोच का बड़ा दावा

# रोहित, विराट, अश्विन और जडेजा मुंबई में खेलेंगे करियर का आखिरी टेस्ट?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है. सीरीज के दो मुकाबले पूरे हो चुके हैं, जिसमें न्यूजीलैंड ने जीत हासिल कर सीरीज अपने नाम कर ली है. अब सीरीज का तीसरा और आखिरी टेस्ट मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 01 नवंबर से खेला जाएगा.



इस टेस्ट को लेकर टीम इंडिया के पूर्व कोच जॉन राइट ने कहा कि यह विराट कोहली, रोहित शर्मा, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ियों के लिए साथ में खेलते हुए आखिरी घरेलू टेस्ट हो सकता है. जॉन राइट ने एक्स पर पोस्ट कर रोहित, विराट, जडेजा और अश्विन को लेकर बात की.

उन्होंने कहा कि इन तमाम दिग्गजों के लिए मुंबई में साथ में खेला जाने वाला टेस्ट आखिरी घरेलू टेस्ट हो सकता है. राइट की पोस्ट एक बात तो साफ हो रही है कि मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले टेस्ट के बाद किसी ना किसी सीनियर खिलाड़ी की टीम इंडिया से छुट्टी हो सकती है.

जॉन राइट ने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा, शुक्रवार से मुंबई में शुरू होने वाला यह टेस्ट महान खिलाड़ियों रोहित, विराट, अश्विन और जडेजा का एक साथ भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला आखिरी घरेलू टेस्ट हो सकता है.


### 12 साल बाद टीम इंडिया ने गंवाई थी सीरीज

टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवाने के साथ 12 सालों से चले आ रहे रिकॉर्ड को भी गंवा दिया था. 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज हारने से पहले भारतीय टीम ने आखिरी बार 2012 में घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज गंवाई थी. 2012 से 2024 तक टीम इंडिया ने लगातार 18 घरेलू टेस्ट सीरीज में जीत हासिल की. अब टीम इंडिया मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट को हर हाल में जीतना चाहेगी. सीरीज हारने के साथ टीम इंडिया का वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना भी मुश्किल में पड़ता दिख रहा है.

## केविन पीटरसन ने पीसीबी की आलोचना की

- **गैरी कर्स्टन को मुख्य कोच के पद से हटाने पर बोला हमला**

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने सफेद गेंद के प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद से गैरी कर्स्टन को हटाए जाने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम पर हमला बोला है। पाकिस्तान पुरुष वनडे और टी20आई के मुख्य कोच के रूप में अपने कार्यकाल के केवल छह महीने बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन ने सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया।



पीटरसन ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर 56 वर्षीय गैरी कर्स्टन को हटाए जाने पर अपनी निराशा व्यक्त की। पूर्व दाएं हाथ के बल्लेबाज ने एक्स पर लिखा, पाकिस्तान क्रिकेट कोचिंग में अपने रेज़्यूमे के साथ गैरी कर्स्टन को कैसे खो सकता है? पिछले कुछ हफ्तों में एक कदम आगे और आज दो कदम पीछे! खुद के साथ ऐसा करना बंद करो। इस तरह का काम करने के लिए बहुत प्रतिभा है! कर्स्टन के इस्तीफे की खबर पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट-बॉल दौरे की शुरुआत से बमुश्किल एक हफ्ते पहले आई है।

## गुजरात टाइटंस ने मोहम्मद शमी को नहीं किया रिटेन?

### शुभमन गिल के साथ यह 2 खिलाड़ी किए गए रिटेन!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात टाइटंस भी बाकी टीमों की तरह आईपीएल 2025 से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने की तैयारियों में जुट गई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी टीमों को 31 अक्टूबर तक बीसीसीआई को रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट सौंपनी है. कथित तौर पर गुजरात ने शुभमन गिल के साथ दो खिलाड़ियों को रिटेन लिस्ट में शामिल कर लिया है, लेकिन उनकी लिस्ट में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नाम गायब रहा.



रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुजरात की टीम शुभमन गिल के अलावा अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान और टीम इंडिया के बल्लेबाज साई सुदर्शन को रिटेन कर सकती है. इसके अलावा टीम कुछ अनकैप्ड खिलाड़ियों को भी रिटेन लिस्ट में रख सकती है. हालांकि अब तक ऐसी कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है, जिसमें शमी को रिटेन किए जाने की बात की गई हो.

### इंजरी से जूझ रहे हैं शमी

बता दें कि भारतीय तेज गेंदबाज इन दिनों के इंजरी के चलते टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. शमी ने भारत के लिए आखिरी मैच नवंबर, 2023 में खेला था. हाल ही में बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का एलान किया था. बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की टीम से भी शमी का नाम गायब रहा था.

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मुख्य कोच मैकडोनाल्ड का कार्यकाल बढ़ाया

**सिडनी, एजेंसी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपनी राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का कार्यकाल 2027 तक बढ़ा दिया, जिसका मतलब है कि वह दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप तक इस पद पर बने रहेंगे। मैकडोनाल्ड ने 2022 की शुरुआत में जस्टिन लैंगर की जगह यह पद संभाला था।



उनके कोच रहते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप में चैंपियन बनी। इसके अलावा उसने इंग्लैंड में एशेज भी बरकरार रखी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने कहा, 'एंड्रयू पुरुष टीम के उत्कृष्ट कोच साबित हुए हैं। उनके कोच रहते हुए टीम ने असाधारण सफलताएं हासिल की।

## इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शिमरोन हेटमायर की हुई वापसी

**सेंट जॉन्स (एंटीगा), एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू वनडे मैचों के लिए वेस्टइंडीज ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। तीन मैचों की वनडे सीरीज 31 अक्टूबर और 2 नवंबर को एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में दो वनडे मैचों के साथ शुरू होगी।

अंतिम मैच 6 नवंबर को बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा। एलिक अथानाजे की जगह हेटमायर को टीम में शामिल करना एकमात्र बदलाव है। इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका दौरे पर गई टीम में यह एकमात्र बदलाव है। हेटमायर ने पिछले साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के बाद से वेस्टइंडीज के लिए कोई वनडे मैच नहीं खेला है। इस श्रृंखला में टीम की कमान शाई होप संभालेंगे, जबकि युवा खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू को अपना हुनर प्रभावित करने का एक और मौका मिलेगा,



जिन्होंने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू किया है। हेड कोच डैरन सैमी ने इंग्लैंड के खिलाफ मैदान पर वापसी को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ खेलना हमेशा एक नई चुनौती होती है। यह खेल भावना और एक रोमांचक मुकाबले का लुत्फ उठाने का मौका होता है जिसका खिलाड़ी और कैरेबियाई लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। हम इंग्लैंड का सामना करते समय अपने खेल को बेहतर बनाने का कोई न कोई तरीका ढूंढ़ ही लेते हैं।

सैमी ने कहा, यह प्रतिद्वंद्विता दशकों पुरानी है, और पिछले साल घर पर उन्हें वनडे सीरीज में लंबे समय के बाद पहली बार हराने के बाद, हम फिर से एक मजबूत इंग्लैंड टीम की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।

घर पर खेलना हमेशा खास होता है, जहां स्थानीय समर्थन हर मैच में ऊर्जा और जुनून लाता है। हमारा लक्ष्य 2027 में आईसीसी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है, इसलिए हमने एक संतुलित टीम का चयन किया है, जो निस्संदेह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।

### वेस्टइंडीज की टीमः

शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड और हेडन वॉल्श जूनियर। वनडे सीरीज के मुकाबले क्रमशः 31 अक्टूबर, 2 नवंबर और 6 नवंबर को खेले जाएंगे।

## किंग्स कपः पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए रोनाल्डो



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सऊदी अरब में किंग्स कप में अल नासर और अल तावौन का प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला हो रहा था। मैच में नासर की टीम 1-0 से पीछे थी। इंजरी टाइम (90+5 मिनट) में तावौन के कप्तान से गलती हुई और अल नासर को पेनल्टी मिल गई। पेनल्टी फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल मारने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो लेने आए। सभी को उम्मीद थी कि वह गोल मारकर मैच को बराबर कर देंगे। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अल नासर के लिए पेनल्टी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने इस मैच से पहले 18 बार पेनल्टी ली थी और सभी पर गोल भी दागा लेकिन इस बार पुर्तगाल के खिलाड़ी को गोल करने में सफलता नहीं मिली। इसकी वजह से उनकी टीम हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

उनका शॉट बार के ऊपर से निकल गई। किंग्स कप सऊदी अरब की प्रमुख नॉकआउट प्रतियोगिता है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के शॉट से गोल नहीं हुआ और एक फैन का नुकसान भी हो गया। गोल पोस्ट के पीछे स्टैंड में बैठा एक फैन अपने फोटो से पेनल्टी रिकॉर्ड कर रहा था। लेकिन गेंद पोस्ट से ऊपर से सीधे उसके हाथ में आकर लगी। इससे उसका मोबाइल हाथ से गिर गया। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है।

## न्यूज बाइट्स

### भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रालोमो में शामिल

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा प्रखंड के डुमरा गांव निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कुंदन पांडेय राष्ट्रीय लोक मोर्चा में शामिल हो गए। उन्होंने बताया कि एक समारोह के तहत रालोमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रो. रणविजय कुमार ने सदस्यता ग्रहण कराया। पार्टी में आने से प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिन्हा, प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, अमझरशरीफ पंचायत अध्यक्ष राजू कुमार वर्मा सहित दर्जनों सदस्यों ने हर्ष जताया है।

### सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह आज, तैयारी पूरी

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** हसपुरा के पटेल सेवा संघ की ओर से सरदार बल्लभ भाई पटेल की गुरुवार को मनाई जाने वाली जयंती समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए अध्यक्ष प्रियदर्शी महिपाल राव चौहान ने बताया कि इसी दिन दीपावली का त्योहार हो जाने से जयंती समारोह सुबह पहर हीं होगा। पटेल चौक स्थित सरदार पटेल का आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

औरंगाबाद में एनएच 19 पर ट्रकों की भीषण टक्कर, हादसे में दूसरा ट्रक चालक मौके से फरार

# ड्राइवर की मौत, गांव में शोक का माहौल



निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बुधवार को बारुण थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के पास नेशनल हाईवे 19 पर हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान वैशाली जिले के गरौल गांव निवासी विकास कुमार (बसंत महतो का पुत्र) के रूप में हुई है। इस हादसे में दूसरा ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिससे हादसे के कारणों का पता लगाना और भी मुश्किल हो गया है।

दुर्घटना के दिन दोपहर के समय विकास कुमार अपने ट्रक पर मिर्च लेकर एक डिलीवरी के लिए जा रहा था। जैसे ही वह ब्लॉक मोड़ के समीप पहुंचा, तभी उसकी ट्रक की टक्कर सामने से आ रहे एक अन्य ट्रक से हो गई। हादसा इतना भयानक था कि विकास की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की एक बड़ी भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठा हो गई, और कुछ लोगों ने ट्रक से मिर्च लूटने की कोशिश की।

घटना की सूचना मिलते ही बारुण थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और इलाके में यातायात को सुचारू किया। ट्रक चालक की पहचान के बाद, पुलिस ने विकास के परिवार को हादसे की जानकारी दी। परिजनों के पहुंचने पर पूरे परिवार में कोहराम मच गया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और गांव में शोक का माहौल है। उन्होंने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजा देने की मांग की है। बारुण थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि ट्रक को थाने लाया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह चिंताजनक है कि जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वहां पिछले एक महीने में तीन अन्य हादसे भी हो चुके हैं, जिससे यह इलाका एक दुर्घटना जोन बन चुका है। स्थानीय प्रशासन को इस गंभीर समस्या का समाधान निकालने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

## ट्रक-बाइक की टक्कर में दो दोस्तों की मौत

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)

रफीगंज शिवगंज पथ के फुलवरिया गांव के समीप ट्रक और बाइक में मंगलवार की रात टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दो युवा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों ने रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए पहुंचाया। जहां एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरे युवक को गया मगध मेडिकल इलाज के लिए भेजा गया। मृतक युवक की पहचान सूरज चौधरी के 22 वर्षीय पुत्र कमलेश चौधरी और मनोज पासवान के 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई है। वहीं, श्यामाकांत मेहता के बेटे गुंजन मेहता गंभीर रूप से घायल हैं। तीनों दीपावली की खरीदारी के लिए गए थे। समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में रफीगंज थाना में पदस्थापित एसआई वर्षा कुमारी मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू की गई। रात करीब 9:00 बजे के आसपास मृतक के परिजनों ने बताया कि तीन दोस्त दीपावली की खरीदारी करने के लिए मदनपुर थाना क्षेत्र में बाजार गए हुए थे। लौटने के क्रम में तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी। जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है। घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर मदनपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर रफीगंज-शिवगंज रोड को जाम कर दिया। मदनपुर अपर थानाध्यक्ष ने आक्रोशितों को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया। मुआवजे की राशि के आश्वासन पर जाम खत्म किया।

# दो अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर गिरफ्तार, 820 जिंदा कारतूस बरामद

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




औरंगाबाद पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 820 जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। दोनों हथियार तस्करों की गिरफ्तारी ओबरा थाना क्षेत्र में टिमल बिगहा के पास से की गई है। औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी(एसडीपीओ)-1 संजय कुमार पांडेय ने बुधवार की शाम प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली कि अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन से सटे टिमल बिगहा मोड़ के पास अंतराज्यीय हथियार तस्करों का एक गिरोह कोई बड़ी डील करने आया हुआ है। इस सूचना पर पुलिस ने अपना जाल बिछाया और पुलिस टिमल बिगहा के पास संदिग्ध लोगों की जामा तलाशी लेने लगी। इसी दौरान पांच संदिग्ध पुलिस को देखते ही भागने लगे। इसके बाद टीम पुलिस की टीम ने दो को खदेड़ कर पकड़ लिया जबकि तीन फरार हो गए। पकड़े गए दो तस्करों के बैग से पुलिस ने 820 जिंदा कारतूस, एक फर्जी मोहर, गन हाउस की रसीद, 7350 रुपए नगद तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में ओबरा थाना क्षेत्र के चेचाढी गांव निवासी उत्तम कुमार तथा गोरतारा गांव निवासी शालिक कुमार शामिल है।मामले में कुल 9 हथियार तस्करों को नामजद किया गया है। पुलिस शेष सात नामजदों की सरगर्मी से तलाश में जुटी है।

## महिला के खाते से साईबर अपराधियों ने उड़ाए 33800 रुपए

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज शहर के बाबूगंज निवासी सुमंती कुमारी के खाते से पैसा उड़ाने का मामला प्रकाश मे आया है। इस मामले में सुमंती कुमारी ने बताया कि मेरे खाते से साईबर अपराधियों द्वारा फ्रॉड किया गया। जिसमें ट्रांजिशन आईडी एस से 11908428 से 23800 रुपए एवं ट्रांजिशन आईडी एस से 12271629 से 10000 रु की निकासी कर ली गई है। कुल मिलाकर 33800 रुपये की निकासी कर ली गई। पीड़िता ने पुलिस पदाधिकारियों से मांग किया है जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
वर्षा मेडिकल हॉल
श्री कृष्ण नगर, पी.एच.डी. कॉलोनी, औरंगाबाद
अंग्रेजी दवा के विक्रेता
» प्राथमिक उपचार की सुविधा
M.: 9931622239

दीपावली, भैयादूज एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
अग्रवाल मेडिकल हॉल
पहनावा के सामने, एम.जी. रोड, औरंगाबाद (बिहार)
अंग्रेजी दवा के विक्रेता
प्रो. अग्रवाल जी

दीपावली, भैयादूज एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
नगमितया मोटर वर्क्स
सब्जी मंडी, ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद (बिहार)
डीलर : भारत पेट्रोलियम
केवल पेट्रोल के विक्रेता
शुद्धता एवं माप की गारंटी
Bharat Petroleum

दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
अलंकार ज्वेलर्स
916 /916
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद (बिहार)
हॉलसेल डीलर 750/916
हॉलमार्क ज्वेलरी एंड डायमंड ज्वेलरी के निर्माता एवं विक्रेता
प्रो. संजय कुमार
Mob:. 9431270556, 9031516987

दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
पॉपुलर मेडिकल हॉल
ओल्ड जी.टी. रोड, नियर बड़ी मस्जिद, औरंगाबाद
अंग्रेजी दवा के विक्रेता
प्रो. प्रकाश सिंहा

दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
मोटा भाई मिनी मार्ट
सुभाष नगर, वन विभाग के सामने करमा रोड, औरंगाबाद
आपकी जरूरतों के सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है।
होम डिलेवरी की सुविधा

दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
शांता नर्सिंग इंस्टिट्यूट
बिहार सरकार और राज्य नर्सिंग काउंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त
Indian Nursing Council से Approved
अब नर्सिंग की पढ़ाई, औरंगाबाद में हुई आसान...
नामांकन प्रारंभ
ANM
Auxiliary Nurse and Midwife
द्विवर्षीय पाठ्यक्रम
› Hostel Available
› Calm and polite Atmosphere
› Top Class Infrastructure
› Experienced Guidance
सम्पर्क करें : 9546392904, 7991187121
डॉ. शोभा रानी सिन्हा (निदेशक)
ग्रोथ सेंटर, जसोइया मोड़, औरंगाबाद

दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव प्रभु एग्रो
जेल के सामने जी.टी. रोड, औरंगाबाद
ट्रैक्टर टेलर, पानी टंकी, हल, केज के निर्माता एवं विक्रेता
प्रो. चन्द्रकांत कुमार
मो. 9931070606

दीपावली, भैयादूज एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रजेश सिंह
अध्यक्ष
डीलर संघ
प्रखंड -कुटुम्बा, जिला-औरंगाबाद

दीपावली, भैयादूज एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
शुभकण स्वीट्स एवं स्नैक्स
एम.जी. रोड, औरंगाबाद
हमारे यहां सभी तरह की मिठाईयां, नमकीन एवं चाट मिलता है
प्रो. शक्ति सिंह

दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
रामनाथ प्रसाद ज्वेलर्स
ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
916 एवं 750 हॉलमार्क फैन्सी जेवरों के निर्माता एवं विक्रेता
प्रो. संजीव कुमार

दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
मां इलेक्ट्रॉनिक्स
ओल्ड जी.टी. रोड, नियर जामा मस्जिद, औरंगाबाद
MAA ELECTRONICS
बजाज फाइनेंस पर ऑफर उपलब्ध
एलईडी टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, बैट्री इन्वर्टर, गीजर एवं अन्य घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का एकमात्र विश्वसनीय प्रतिष्ठान
नोट : सभी उपकरणों पर फाइनांस की सुविधा उपलब्ध है।
» कम कीमत का वादा

दीपावली, भैयादूज एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
माँ विन्ध्यवासिनी वस्त्रालय
पी.एन.बी. मंडल कार्यालय, ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद
फैन्सी साड़ियां, सुटिंग-शर्टिंग एवं सलवार सूट के विक्रेता
प्रो. मनोज साव, मिथिलेश साव

दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं
जैन ऑर्नामेंट्स
BIS - 916
गोपाली चौक, आरा-802301 (बिहार)
डायमंड, हॉलमार्क गोल्ड एवं चांदी के आभूषणों के विक्रेता
प्रो. निखिल कुमार जैन